बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 7 मई 2024
वर्ष 5, अंक 42, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज 16

हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील 15

एक नजर

गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सोरेन

नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका राज्य उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और उसे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट से उमर अंसारी को अग्रिम जमानत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के मामले में सोमवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने उमर अंसारी से मामले के सिलसिले में निचली अदालत में पेश होने को कहा जो जमानत पर रिहा करेगी। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि अंसारी मामले में निचली अदालत में पेश नहीं हो रहे हैं।

यूपी बोर्ड : इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन आज से

लखनऊ। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दे चुके छात्रों के लिए इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई की रात्रि 12 बजे तक है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सोमवार को आवेदन से लेकर परीक्षा तक पूरा ब्योरा जारी कर दिया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना आवेदन बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाकर कर सकते हैं।

खेद प्रकाश

पांच मई के अंक में अमिताभ बच्चन के चित्र की जगह उनके डुप्लीकेट का चित्र प्रकाशित हो गया था। इस मानवीय चूक के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं। - संपादक

भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों का मिला लाभ

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा, कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया।

सीआईएससीई के नतीजे : लड़कों से आगे निकलीं लड़कियां

10वीं, 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़ा, जारी नहीं होगी मेधा सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10वीं कक्षा : 99.31 प्रतिशत लड़के, 99.65 प्रतिशत लड़कियां सफल
- 12वीं कक्षा : 97.53 प्रतिशत लड़के, 98.92 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण

'काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स' (सीआईएससीई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सोमवार को सुबह घोषित नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी, जबकि दोनों कक्षाओं के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई। बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया इस साल से बंद कर दी है।

सीआईएससीई के एक अधिकारी ने बताया कि 99.47 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19 फीसदी छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। पिछले साल 10वीं कक्षा के लिए पास प्रतिशत 98.94 प्रतिशत और 12वीं कक्षा के लिए 96.93 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा कि 10वीं कक्षा में 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए, जबकि 99.65 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल की। इसी तरह, 12वीं कक्षा में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि हमने बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया भी इस साल से बंद कर दी है। इस कदम का उद्देश्य छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचना है।

आईसीएसई परीक्षाएं 21 फरवरी को शुरू हुईं और 28 मार्च को 18 दिन में खत्म हुईं। आईएससी परीक्षा (12वीं कक्षा) 47 लिखित विषयों में कराई गई, जिनमें से 12 भारतीय भाषाओं, चार विदेशी भाषाओं और दो शास्त्रीय भाषाओं में थी। आईएससी परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुईं और चार अप्रैल को खत्म हुईं।

कुल 2,695 स्कूलों के अभ्यर्थी 10वीं कक्षा की परीक्षा में बैठे और 82.48 प्रतिशत (2,223) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा के लिए कुल 1,366 स्कूलों के अभ्यर्थी बैठे और 66.18 प्रतिशत (904) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 2.43 लाख से अधिक उम्मीदवार बैठे थे, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99,901 छात्र बैठे।

विदेशी स्कूलों ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

दसवीं कक्षा में इंडोनेशिया, सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जहां पास होने का प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा में सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। आईसीएसई परीक्षा (10वीं कक्षा) 60 लिखित विषयों में कराई गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाओं, 13 विदेशी भाषाओं और एक शास्त्रीय भाषा में थी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से धन प्राप्त करने के आरोप में एलजी ने उठाया कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

- आम आदमी पार्टी ने मामले को साजिश बताया, मंत्री सौरभ ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा की संभावित हार की बौखलाहट कहा

दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है।

यह जानकारी राजभवन सूत्रों ने दी। वहीं आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। क्योंकि भाजपा दिल्ली की सभी सात सीट हार रही है। भाजपा नेता लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबराए हुए हैं।

केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उप राज्यपाल के सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी। अमृतसर केंद्रीय कारागार में बंद भुल्लर को 1993 में दिल्ली में एक बम विस्फोट में नौ लोगों की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसे 25 अगस्त, 2001 को टाडा अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसकी मौत की सजा को कम किए जाने के बाद से वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

सक्सेना ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है। जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उप राज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने 2014 में न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में खालिस्तानी नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें की थीं। केजरीवाल ने आप को पर्याप्त वित्तीय सहायता के बदले में भुल्लर की रिहाई में मदद का वादा किया था। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में आप के एक पूर्व कार्यकर्ता मुनीश कुमार रायजादा ने खालिस्तानी नेताओं के साथ केजरीवाल की मुलाकात की कथित तस्वीरें साझा की थीं।

अंतरिम जमानत देने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को इस बात पर विचार करेगा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी जाए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ पहले मामले के रूप में आम आदमी पार्टी नेता की याचिका पर सुनवाई करेगी।

रांची में ईडी का छापा, 35 करोड़ की नकदी और आभूषण बरामद

रांची, एजेंसी

छापे के दौरान बरामद नकदी गिनते ईडी कर्मी। ● एजेंसी

- मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर भी की छानबीन
- पैंतीस करोड़ की नकदी गिनने के लिए लगाई गईं आठ मशीनें

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता और झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जिसमें 35 करोड़ की बेहिसाब नकदी बरामद की गई।

सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी मंत्री आलमगीर के निजी सचिव संजीव लाल, दो इंजीनियर कुलदीप मिंज और विकास कुमार तथा ठेकेदार मुन्ना सिंह के अलावा संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर आलम के आवासों पर की गई। इनमें सबसे अधिक 30 करोड़ की नकदी जहांगीर आलम के घर से बरामद हुई।

सूत्रों द्वारा साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर एक इमारत में स्थित एक कमरे में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां निकालते हुए दिखते हैं। इस दौरान केंद्रीय बलों के कुछ सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देते हैं। जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है।

आलम ने संपर्क किए जाने पर कहा कि मुझे अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मैं टीवी देख रहा हूं और इसमें बताया जा रहा है कि यह परिसर सरकार द्वारा मुझे मुहैया कराए गए आधिकारिक पीएस (निजी सचिव) से संबंधित है। आलम (70) कांग्रेस के नेता हैं और झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गई हैं। बरामद नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं। अभियान के तहत कुल छह परिसरों की तलाशी ली गई और एजेंसी ने एक परिसर से 2.93 करोड़ रुपये तथा एक अन्य परिसर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। छापे में अधिकारियों के पदस्थापन के लिए विधायकों और अन्य बड़े लोगों द्वारा आलम को लिखे गए सिफारिशी पत्र भी बरामद हुए हैं।

धनशोधन के मामले से जुड़ी है छापेमारी

यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ धनशोधन के मामले से जुड़ी है, जिसे ईडी ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पिछले साल जारी एक बयान में आरोप लगाया था कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के रूप में तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को निविदा आवंटित करने के बदले में उनसे रिश्वत के नाम पर अवैध कमाई की थी।

राम विरोधी हैं सपा-कांग्रेस : योगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ व प्रत्याशी साक्षी महाराज के साथ अन्य भाजपा नेता।

- भगवंतनगर की जनसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमृत विचार : एक समय था जब हमारे युवाओं के हाथ में तमंचा होता था और आज उनके हाथ में टैबलेट है। देश से आतंकवाद का खात्मा हो चुका है। कश्मीर चैन की नींद सो पाता है। जो राम का नहीं है वह हमारा भी नहीं हो सकता है। सपा-कांग्रेस का इतिहास रहा है राम का विरोध करना। कभी भी सपा-कांग्रेस पर विश्वास मत करना। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

योगी ने भगवंतनगर स्थित आरआरबीएन इंटर कॉलेज में सभा कर उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के पक्ष में वोट करने की अपील की। सीएम ने पहले बक्सर स्थित सिद्धपीठ मां चंद्रिका देवी को नमन किया। इसके बाद कलम व तलवार की धनी धरती बताते हुए यहां के साहित्यकारों को नमन किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद वहां शांति हो गई है। कांग्रेस-सपा हमेशा से राम की विरोधी रही हैं। इससे पूर्व सीएम का हेलीकाप्टर क्षेत्र के हटिया मेला मैदान पर उतरा। जहां उनका स्वागत पार्टी प्रत्याशी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

नड्डा, मालवीय और विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने की थी शिकायत

बेंगलुरु। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक इकाई प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इन नेताओं पर विशेष उम्मीदवार को वोट न देने के लिए एससी/एसटी के सदस्यों को डराने-धमकाने वाले पोस्ट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कार्रवाई हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा नेताओं पर जनप्रतिनिधि और आईपीसी की धारा 505 (2) (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा को बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के अकाउंट से 'एक्स' पर पोस्ट वीडियो का हवाला दिया गया।

राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या

पटियाला, एजेंसी

- भाई-भाभी से झगड़े के बाद भाखड़ा नहर में कूदी महिला खिलाड़ी
- पिता ने पुलिस थाने में दर्ज कराई बेटे और बहू के खिलाफ शिकायत

राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसके पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ किए गए दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि भाखड़ा नहर से सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

सपा ने श्यामलाल पाल को बनाया नया प्रदेश अध्यक्ष

- लोकसभा चुनाव के बीच हटाए नरेश उत्तम पटेल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ा निर्णय लेते हुए नरेश उत्तम पटेल की जगह पार्टी के वरिष्ठ नेता श्यामलाल पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पार्टी ने इस पद पर बदलाव सात साल बाद किया है। साल 2017 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल यादव को हटाने के बाद नरेश उत्तम को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर बदलाव के पीछे नरेश उत्तम पटेल का फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना भी वजह है। ऐसे में वह अपने चुनाव पर पूरा ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। श्यामलाल पाल प्रयागराज के निवासी हैं। माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस फैसले के पीछे पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों वाले लक्ष्य को साधना है। पिछले साल ही श्यामलाल को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष बनाया गया था।

मुंबई दंगा पीड़ितों को मुआवजा दे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्देश लागू न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से 1992 के मुंबई दंगों में लापता हुए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने, मामलों का निपटान सुनिश्चित करने और पुलिस सुधार जैसे अपने निर्देशों को लागू करने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 4 नवंबर, 2022 के अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने का निर्देश दिया और इस बारे में एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

पीठ ने कहा कि राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे। इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की। पीठ ने एक पहलू पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करना प्रशासन का दायित्व है।

नीट-स्नातक प्रश्नपत्र लीक की खबरें निराधार

एनटीए का दावा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि एनटीए के सुरक्षा प्रोटोकॉल से यह पता चला है कि सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं।

खेती-किसानी

पंतनगर विश्वविद्यालय की बायो कंट्रोल प्रयोगशाला ने ईजाद किए चार जैव नियंत्रक अभिकर्ता

कीटनाशकों से नहीं अब जैव नियंत्रकों से समृद्ध होगी खेती

मृगांक मौली, पंतनगर



जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में निर्मित चार बायो कंट्रोल एजेंट।

अमृत विचार : फसल में लगने वाले कीटों के लिए कीटनाशकों का प्रयोग बीती बात हो चुकी है, अब इनका नाश जीवाणु करेंगे। जीबी पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग में जैव नियंत्रण परियोजना के तहत जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की परियोजनाधिकारी डॉ. रूपाली शर्मा के निर्देशन में वैज्ञानिकों ने चार जैव नियंत्रक अभिकर्ताओं का निर्माण किया है, जिसे पेटेंट भी करा लिया है।

जैव नियंत्रक अभिकर्ता मिट्टी में पाए जाने वाले वह सूक्ष्म फफूंद और जीवाणु हैं, जिनसे पौधों में रोग जनकों का आंशिक या पूरी तरह से विनाश किया जाता है। ये तीन प्रकार से कार्य करते हैं। इनमें परजीविता- जैव नियंत्रक रोग कारक जीव के ऊपर चिपककर उसकी बाहरी परत को कुछ प्रतिजैविक पदार्थों से गलाकर उसमें के सभी पदार्थों का उपयोग कर लेता है, जिससे वह नष्ट हो जाता है। प्रतिजैविकता -इस प्रक्रिया में जैव नियंत्रक प्रतिजैविक पदार्थ उत्पन्न करता है, जो रोग कारकों के लिए विष है। प्रतिस्पर्धा - इसमें जैव नियंत्रक वातावरण में मौजूद पोषक पदार्थों, जल व स्थान के लिए रोग कारकों से स्पर्धा करते हैं। प्रयोगशाला में चार जैव नियंत्रकों पंत बायो कंट्रोल एजेंट-1 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम), पंत बायोकंट्रोल एजेंट-2 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस), पंत बायो कंट्रोल एजेंट-3 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम 2) व पंत बायो कंट्रोल एजेंट-4 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस 2) का उत्पादन किया गया है।

ऐसे करते हैं बीजों और पौधों में जैव नियंत्रकों का उपयोग

जैव नियंत्रक के 10 ग्राम पाउडर का पानी में घोल बनाकर बीजों को इसमें डाल देते हैं। बीजों को छाया में सुखाकर बुवाई कर देते हैं। पौध उपचार में पौधशाला से उखाड़कर पौध की जड़ को जैव नियंत्रक घोल में आधा घंटा डुबाते हैं। मृदा उपचार में एक किग्रा. जैव नियंत्रक एक कुंतल सड़ी खाद या कंपोस्ट में मिलाकर एक माह बाद खेत में डालते हैं।

रोग व कीट नियंत्रण के लिए आवश्यक हैं जैव नियंत्रक

रोग व कीट नियंत्रण के लिए रसायनों के प्रयोग ने कृषि उत्पादों की गुणवत्ता कम कर दी है। पौधों में रोगकारकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता घट रही है। साथ ही मिट्टी के उपयोगी सूक्ष्म जीवों की संख्या में कमी आ रही है, जिससे रोगजनकों में वृद्धि हो रही है। जैव नियंत्रक एक बार मिट्टी में स्थापित हो जाता है तो यह स्वयं अपनी कार्यक्षमता बढ़ाता रहता है।

10वीं के टॉपर

अरिजीत सिंह, 97.20%
स्प्रिंगफील्ड स्कूल



सुगरा खान, 96.60%
टाइनी टॉट्स स्कूल

सार्थक सिंह, 96.40%
विल्सोनिया स्कूल

12वीं के टॉपर

कशिश गुप्ता, 98.75%
स्प्रिंगफील्ड स्कूल

गौरी शर्मा, 97.50%
टाइनी टॉट्स स्कूल

शिखर दीप सिंह, 95.50%
स्प्रिंगफील्ड स्कूल



अंश शर्मा, 95.50%
स्प्रिंगफील्ड स्कूल

स्प्रिंगफील्ड स्कूल में परीक्षा परिणाम के बाद हवा में उछलकर कुछ इस तरह खुशी का इजहार करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

जीके वेल्हम स्कूल में परीक्षा परिणाम के बाद कुछ इस तरह खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

10वीं में अरिजीत, 12 वीं में कशिश जिला टॉपर

सीआईएससीई बोर्ड : 10वीं-12वीं के टॉपर देकर स्प्रिंगफील्ड स्कूल का रहा दबदबा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टाइनी टॉट्स स्कूल की छात्रा 12वीं की गौरी शर्मा 97.5 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान
- 10वीं में टाइनी टॉट्स स्कूल की छात्रा सुगरा 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रहीं दूसरे स्थान पर

अमृत विचार : काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) के 10वीं और 12वीं के नतीजे सोमवार को घोषित हो गए। 10वीं में स्प्रिंगफील्ड स्कूल के अरिजीत सिंह ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद टॉप किया।

12वीं में भी स्प्रिंगफील्ड की ही कशिश गुप्ता ने 98.75 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बोर्ड द्वारा परिणाम घोषित करने के बाद मेधावी छात्र छात्राओं और उनके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सभी स्कूलों की प्रबंधन कमेटी से लेकर अध्यापकों ने भी मिठाई खिलाकर मेधावियों को आशीर्वाद दिया। जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं स्कूलों के अन्य साथियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। सीआईसीएसई बोर्ड के 10वीं, 12वीं के परीक्षा में स्प्रिंगफील्ड स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा कशिश गुप्ता ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से जो कार्य किया जाता है उसमें कामयाबी जरूर मिलती है। पढ़ने वाला बच्चा

टॉपर अरिजीत सिंह को मिठाई खिलातीं मां दीपा सिंह। ● अमृत विचार

किसी भी परिस्थिति का मोहताज नहीं होता। कशिश गुप्ता ने 12वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक लाकर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। कशिश ने 98.75 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

कशिश के पिता बुद्धि विहार कालोनी में घर में ही इलेक्ट्रिकल्स दुकान चलाते हैं। टाइनी टॉट्स स्कूल की छात्रा गौरी शर्मा 97.5 प्रतिशत अंक लाकर जिले में दूसरे स्थान पर रहीं। 12वीं कक्षा के स्प्रिंगफील्ड स्कूल के अंश शर्मा और शिखर दीप सिंह ने 95.5 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। 10वीं कक्षा में स्प्रिंगफील्ड स्कूल के अरिजीत सिंह 97.20 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। वहीं दूसरे स्थान 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा टाइनी टॉट्स स्कूल की सुगरा खान रहीं। विल्सोनिया स्कूल के सार्थक सिंह 96.4 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा परिणाम आते ही घरों और स्कूलों में खुशी का माहौल बन गया। जिले में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं के फोन पर स्कूल प्रबंधन के फोन आने शुरू हो गए। उधर इंटरनेट पर परिणाम देखने के बाद घरों में भी मिठाइयों का दौर भी चला था। मेधावी छात्र-छात्राएं माता-पिता का आशीर्वाद लेने के बाद स्कूल पहुंचे तो उनका अध्यापकों ने जोरदार स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरों पर एक अजीब सी खुशी झलक रही थी। स्कूलों के अन्य बच्चों के लिए मिसाल बने छात्रों को सभी ने गले लग कर बधाई दी।

टॉपर्स ने परीक्षा में ऐसे पाई सफलता

मेरे सबसे अच्छे विषय बायोलॉजी कंप्यूटर हैं। जिससे में सौ प्रतिशत अंक मिले हैं। दिन में सात से आठ घंटे पढ़ाई करता था। परीक्षा के दौरान 10 घंटे पढ़ाई की है। सभी विषयों को बराबर का समय दिया है। जेईई मेन्स की तैयारी करनी है। **– अरिजीत सिंह**

मैं दिन में पांच से सात घंटे पढ़ती थी। परीक्षा के दौरान रात में दो बजे तक पढ़ती थी। पिताजी घर में इलेक्ट्रिक्स की दुकान चलाते हैं। स्कूल की पढ़ाई और अपनी मेहनत से परीक्षा की तैयारी की है। **– कशिश गुप्ता**

मैंने ट्यूशन नहीं पढ़ा, स्कूल के टीचर की पढ़ाई को घर पर दोहराया है। घर में बड़े भाई मोटिवेट करने का काम करते थे। इसके बाद यूट्यूब पर पढ़ाने वाले टीचर के साथ भी दिन दो से तीन घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। **– सुगरा खान**

सबसे अच्छा विषय गणित लगता है। हालांकि मैंने गणित की ट्यूशन नहीं ली। अन्य विषयों के लिए ट्यूशन पढ़ी थी। रात और दिन मिलाकर 8 घंटे पढ़ाई की है। अब आर्किटेक्ट बनने का इरादा है। **– अंश शर्मा**

मैने हमेशा सेल्फ स्टडी पर ज्यादा ध्यान दिया है। कभी भी ट्यूशन पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहा। आम दिनों मैं पांच से छह घंटे पढ़ाई करता था। परीक्षा के सैंपल पेपर को हल करने में रोजाना 8 से 10 घंटे की पढ़ाई की है। **– सार्थक सिंह**

पापा भी स्कूल टीचर हैं। पढ़ाई में पापा से मदद मिलती है और पढ़ने के तरीके भी। हिंदी में सौ प्रतिशत अंक पाकर मैं बहुत खुश हूं। हिंदी के अलावा अन्य विषयों की दिन में 8 से 10 घंटे पढ़ाई की है। **– गौरी शर्मा**

ये हैं कॉलेज टॉपर्स

जीके वेल्हम स्कूल : कक्षा-12, विज्ञान टॉपर सिमरन सैनी, 93.25 प्रतिशत अंक। कॉमर्स टॉपर मन्नत भारद्वाज, 85.75 प्रतिशत अंक। 10वीं की टॉपर खुशी 89.8 अंक।

महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल : कक्षा-12, विज्ञान टॉपर संस्कृति यादव, 93.25 प्रतिशत। कॉमर्स टॉपर मदीना हुसैन, 90.25 प्रतिशत। 10वीं, विज्ञान टापॅर सिमरन रस्तोगी, 83.8 प्रतिशत। कॉमर्स टॉपर रुसदा तसलीम 95.6 प्रतिशत।

12वीं की टॉपर कशिश को मिठाई खिलाते माता-पिता व प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में खुशी मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

विल्सोनिया स्कूल में सेल्फी लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में आयोजकों के साथ मौजूद डा. पंकज दर्पण अग्रवाल।

वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. पंकज दर्पण दिल्ली में सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विशिष्ट रामलीला निर्देशन शैली में देश में बनाया है अलग स्थान

अमृत विचार : महानगर के वरिष्ठ रंगकर्मी और अपनी विशिष्ट रामलीला निर्देशन शैली द्वारा देश में एक अलग स्थान बना चुके डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल को रविवार रात दिल्ली में सम्मानित किया गया।

श्री नृत्यञ्जलि द्वारा दिल्ली के राजघाट में राष्ट्रीय स्तर का शास्त्रीय नृत्योत्सव आयोजित किया गया था। इसमें देश भर से आई नृत्य प्रतिभाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल को आमंत्रित किया गया था।

डॉ. अग्रवाल ने इन प्रतिभाओं को अपने देश भर में होने वाले आयोजनों में मंच प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की आयोजिका सुमिता दत्ता राय ने तथा हनुमान धाम के राष्ट्रीय मंत्री गिरीश मित्तल ने अंग वस्त्र, सम्मान पत्र, सम्मान चिह्न तथा नकद राशि भेंट कर उनका सम्मान किया।

तेज धूप में झुलसे लोग 41 डिग्री पहुंचा तापमान

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार को भी सुबह से शाम तक तेज धूप और गर्म हवा से लोगों का हाल बेहाल रहा। चिलचिलाती धूप के चलते दिन का तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। इस दौरान सड़कों पर लोग धूप से बचते दिखे।

जनपद में सोमवार को भी दूसरे दिन हीट वेव का प्रकोप रहा। सुबह होते ही धूप में काफी तेजी रही। जैसे-जैसे दोपहर हुई तो धूप और बढ़ गई। जिसके चलते दिन का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री रिकार्ड हुआ। जबकि शाम को अंधेरा होते ही रात का न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पूर्वाह्न 11 बजे के बाद पारे ने काफी तेजी से छलांग लगाई। पश्चिम दिशा से चल रही गर्म हवा के साथ दोपहर में धूप बुरी तरह झुलसाती रही। मौसम विभाग के मुताबिक हीट वेव के हालात मंगलवार को भी बने रहने के आसार लग रहे हैं, लेकिन बुधवार शाम के बाद मौसम में आंशिक परिवर्तन हो सकता है।

कार्रवाई प्रवर्तन दल को देखते ही सामान हटाने में जुटे रेहड़ी पटरी दुकानदार

निगम की टीम ने फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नगर निगम की टीम ने सोमवार को पुराने बस स्टैंड, बुध बाजार में फुटपाथ पर दुकानदारों के द्वारा किए अतिक्रमण को हटा दिया। उनका सामान भी जब्त कर लिया। कई जगह टीम को देखकर रेहड़ी पटरी दुकानदार खुद सामान लेकर भागने लगे। टीम ने उनको दोबारा पटरी पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। वहीं टीम ने पेयजल की पाइपलाइन में लीकेज की समस्या को भी कई वार्डों में दूर कराकर पेयजल की आपूर्ति सुचारू कराई।

नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम ने पुराने बस स्टैंड के सामने रेलवे लाइन की तरफ नाले के ऊपर बने खोखे को हटाने के लिए पहुंची। मौके पर जांच में पता चला कि यह खोखा रेलवे के द्वारा आवंटित जमीन पर रखा है। इसके बाद टीम लौट आई। इसके बाद टीम बुध बाजार में पहुंची। यहां पर स्मार्ट सिटी के कार्य के तहत बने फुटपाथ पर अवैध तरीके से रखे सामान को हटवाया। जिन्होंने सामान नहीं हटाया उनका सामान जब्त कर लिया। प्रवर्तन दल के सदस्यों ने यहां पर माइक से उद्घोषणा कर सामान न रखने की चेतावनी दी। अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर टीम ने एकता द्वार से पीलीकोठी चौराहा व पीलीकोठी चौराहा से सिविल लाइंस अस्पताल तक अवैध तरीके से लगे ठेले व रेहड़ी पटरी वालों को हटवाया। उनके अतिक्रमण के चलते सड़क पर जाम लग रहा था। टीम को देखकर दुकानदार भागने लगे। चेतावनी दी गई कि फिर दिखे तो जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसी क्रम में प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही के नेतृत्व में टीम ने मिशन कंपाउंड से कांठ रोड तक स्मार्ट सिटी के तहत बने फुटपाथ व सड़क पर ठेला लगवाने वालों के अतिक्रमण को हटाया। निर्माण विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्राली से मौके से सामान जब्त कर निगम में जमा कराया।

अतिक्रमण हटाते नगर निगम प्रवर्तन दल के सदस्य। ● अमृत विचार

शहर में आज

- विद्युत पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक परिषद के कार्यालय कोठी नंबर 5, सिविल लाइन में सुबह 11 बजे से।

एक नजर

संभल के मतदान में 800 स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को पड़ोसी जिले संभल में मतदान होना है। जिसमें बिलारी और कुंदरकी विधान सभा में भी मतदान होगा। जिसके लिए अपने जनपद से 800 स्वास्थ्य कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। जनपद संभल लोकसभा की दो विधानसभा कुंदकरी और बिलारी में भी मंगलवार को तीसरे चरण का मतदान होगा। जिसमें जनपद के 800 स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी लगाई गई है। जबकि पहले चरण के अंतर्गत मुरादाबाद लोकसभा में हुए चुनाव की तुलना में संभल में मतदान के लिए अधिक स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर लगाए गए हैं। जिसके चलते सोमवार को काफी कर्मचारी बिलारी, कुंदरकी और संभल के लिए रवाना हो गए। जिससे जिला व अन्य सरकारी अस्पतालों व विभाग के कार्यालयों में सन्नाटा रहा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि संभल में होने वाले मतदान में जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

बिलारी और कुंदरकी में मतदान आज, पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंचीं, तैयारियों में जुटे कार्मिक

जिला निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में मंडी समिति से हुई कार्मिकों की रवानगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाले जिले की दो विधानसभाओं कुंदरकी और बिलारी में तीसरे चरण में 7 मई मंगलवार को मतदान के लिए सोमवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी मंडी समिति से हुई। सुरक्षा प्रबंध के बीच कड़ी धूप में ईवीएम व वीवीपैट लेकर मतदान कार्मिक बूथों के लिए निकले। देर शाम बूथों पर पहुंच कर कार्मिक मतदान की तैयारी में जुट गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह की निगरानी में सोमवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी मंडी समिति से बिलारी और कुंदरकी विधानसभा के लिए हुई। मतदान के लिए कुंदरकी विधानसभा में 436 और बिलारी में 347 सहित कुल 783 बूथ बने हैं। दोनों विधानसभाओं के लिए कार्मिकों की रवानगी छोटे बड़े 344 वाहनों से कराई गई। बिलारी और कुंदरकी के लिए अलग अलग बने पंडाल में कार्मिकों को मतदान से संबंधित सभी सामग्री दी गई। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों ने अपने सेक्टर और जोन की पोलिंग पार्टियों की निगरानी की।

मंडी समिति से ईवीएम लेकर रवाना होतीं पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनाव

- दोनों विधानसभा क्षेत्रों में आज पड़ेंगे वोट
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निष्पक्ष मतदान कराने के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह के अलावा संभल लोकसभा सीट के प्रेक्षक आदि ने पोलिंग पार्टियों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान कराने का निर्देश दिया।

मंडी समिति पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों को समय से मतदेय स्थलों के लिए रवाना कराया। उन्होंने मतदान कर्मियों को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी बिलारी के अलावा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।

4987 जवानों के हवाले 425 मतदान केंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : संभल लोकसभा क्षेत्र के लिए मंगलवार सुबह से वोटिंग शुरू हो जाएगी। इस लोकसभा क्षेत्र का कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र हिस्सा है। इस क्षेत्र में मुरादाबाद जिले के कुल नौ थाने हैं, जहां वोट पड़ेंगे। इन क्षेत्र में कुल 425 मतदान केंद्र हैं। इनकी सुरक्षा के लिए कुल 4987 जवानों को मतदान केंद्रों पर तैनात किया गया है। इनमें 20 इंस्पेक्टर, 252 सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के 800 जवान तैनात हुए हैं।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने कुंदरकी व बिलारी विधान सभा क्षेत्र को आठ जोन और 66 सेक्टरों में बांटा है। मतदान केंद्रों पर पुलिस बल ड्रोन से भी निगरानी करेगा। इसके लिए भी विशेष टीमें लगाई गई हैं।

संभल लोकसभा क्षेत्र-8 में वोटिंग से एक दिन पहले सोमवार को भी पुलिस ने भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव का माहौल बनाया। फ्लैग मार्च किया।

चुनाव में माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध पहले ही पुलिस कड़ी कार्रवाई कर चुकी है। जिले में 55,572 आरोपियों का चालान और 51,796 लोगों को पाबंद किया है।

मतदान केंद्र पर लगा फोर्स

सीएपीएफ	800
इंस्पेक्टर	20
दरोगा	252
हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल	1812
होमगार्ड	1365
पीएसी	738
पीएसी की प्लाटून	01

क्यू-आरटी व 112 को भी मिली जिम्मेदारी

नोडल अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों पर पुरुष पुलिस बल के साथ ही 129 मतदान केंद्रों पर महिला कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन के दिन सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 330 मोबाइल टीमों को भी सक्रिय किया है। इसमें 112, क्यू-आरटी व अन्य वाहनों के साथ फोर्स तैनात है। मतदान के दिन इंस्पेक्टर, दरोगा समेत कुल पुलिस बल के क्रम में 3,449 जवान लगे हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और पीएसी के जवान भी लगा गए हैं।

यही नहीं, एसएसटी और एफएसटी टीमें भी सक्रिय हैं। नोडल अधिकारी (चुनाव-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि कटघर, मूंढापांडे, पाकबड़ा, बिलारी, कुंदरकी, मैनाठेर, सोनकपुर, भोजपुर और भगतपुर थाने दो विधान सभा क्षेत्र कुंदरकी और बिलारी में आते हैं। यहां कुल 425 मतदान केंद्र और 783 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जहां मतदान संपन्न होगा। 129 मतदान केंद्र व 140 मतदेय स्थल क्रिटिकल हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव शांति पूर्वक माहौल में संपन्न हो और मतदाताओं को कोई भी असुविधा न रहे, इसके लिए इंतजाम को देखते हुए निर्वाचन क्षेत्र को 8 जोन, 66 सेक्टर में बांट दिया गया है।

- नौ थाना क्षेत्रों में बनाए गए हैं आठ जोन और 66 सेक्टर, कुंदरकी व बिलारी विधानसभा क्षेत्र के 783 बूथों पर पड़ेंगे वोट

> संभल लोकसभा क्षेत्र की कुंदरकी और बिलारी विधान सभा क्षेत्र के कुल 425 मतदान केंद्रों पर मंगलवार (आज) को वोटिंग होनी है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। तीन एडीएम व एडीशनल एसपी रैंक के अधिकारियों को ड्यूटी लगाई गई है। सात सीओ-एसडीएम रैंक के अधिकारियों को भी लगाया गया है। 44 मोबाइल टीमें लगी हैं। इस तरह निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में ड्यूटियां लगाई गई हैं और पूरे जिले में भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्वक और निष्पक्षता के साथ में चुनाव की कार्रवाई संपन्न कराई जा रही है।
>
> – **हेमराज मीना**, एसएसपी

नौकरी लगवाने के नाम पर नौ लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : न सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिला, न ही रुपये वापस हुए। उलटे आरोपी ने पीड़ित युवक के गांव में ही उसे लात-घूसों से मारा भी। यह मामला डिलारी थाना क्षेत्र के तगाला गांव का है। यहां के जितेंद्र सिंह पुत्र विक्रम सिंह ने आरोपी सतराज पुत्र काले सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी गुतावली गांव का है। ये एफआईआर एसएसपी के निर्देश पर दर्ज हुई है।

रविवार को दर्ज हुई एफआईआर में पीड़ित पक्ष के जितेंद्र सिंह का कहना है कि दो साल पहले सतराज ने उससे खाद्य एवं रसद विभाग में नौकरी लगवाने का वादा किया था। आरोपी ने शैक्षिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति और उसके चार फोटो भी लिए थे। फॉर्म भरकर कुछ कागजों पर जितेंद्र के हस्ताक्षर भी करा लिए थे। नौकरी में सतराज ने नौ लाख रुपये का खर्चा बताया था। इसमें जितेंद्र ने उसे एसबीआई बिलारी शाखा और तगाला मानपुर में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा के खातों पर कई बार में कुल 4,37,600 रुपये ट्रांसफर किए थे। इसके अतिरिक्त 4,63,000 उसने गांव में रामकिशोर, कुंवर पाल सिंह के सामने दिए थे। तीन महीने के बाद भी सतराज ने जितेंद्र को न तो नियुक्ति पत्र दिया और न ही उसके रुपये वापस किए। पीड़ित ने बताया कि इस मामले में उसने डिलारी थानाध्यक्ष को आरोपी के विरुद्ध तहरीर भी दी थी। लेकिन, थानाध्यक्ष ने मामले में समझौता कर दिया था। तय हुआ था कि सरताज 15 जनवरी तक रुपये वापस करेगा लेकिन, उसने रुपये नहीं लौटाए। आरोप है कि 26 मार्च को दोपहर में आरोपी उनके गांव में घूम रहा था। जितेंद्र ने उससे रुपये मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज की। विरोध पर उसे लात-घूसों से मारा।

10 को करेंगे धरना-प्रदर्शन

मुरादाबाद, अमृत विचार: सोमवार को बीएसएनएल एम्प्लाइज यूनियन की बैठक जिलाध्यक्ष बालकरन यादव की अध्यक्षता में सपंन्न हुई। बैठक में कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा दूरसंचार प्रशासन से मांग की गई कि बीती 19 फरवरी को जो एजेंडा यूनियन द्वारा दिया गया था। उस पर अविलंब औपचारिक वार्ता के लिए इसी सप्ताह बैठक बुलाई जाएगा। अन्यथा यूनियन विमर्श होकर आगामी 10 मई को दूरसंचार प्रशासन के खिलाफ ट्रेड यूनियन धरना-प्रदर्शन करेंगी। जिसकी जिम्मेदारी दूरसंचार प्रशासन की होगी।

भाभी से दुष्कर्म के बाद घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : भाभी से दुष्कर्म की घटना के बाद अब फिर आरोपी देवर और उसके दोस्त ने बड़े भाई के घर में घुसकर दंपति से मारपीट की है। इस मामले में पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर सिविल लाइंस थाने में आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है।

मामला अगवानपुर का है। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि 4 मई को सुबह 8.30 बजे वह अपने घर में था। उसी समय उसका भाई अपने दोस्त के साथ आया और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर दोनों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए थे। पीड़ित ने बताया कि इस घटना से पहले भी तीन अप्रैल को दोनों आरोपियों ने उसके घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया था। इसकी शिकायत उसी दिन पुलिस में की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता का आरोप है कि उसका भाई उससे और उसकी पत्नी से रंजिश रखता है। इसी रंजिश में आए दिन वह जान से मारने की धमकी देता रहता है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि पीड़ित के आरोपी भाई और उसके दोस्त इस्लाम के खिलाफ मारपीट, दुष्कर्म, धमकी देने जैसे आरोप में मामला दर्ज किया है। पहले आरोपी की पत्नी ने खुद ग्रामीण के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। इसकी विवेचना चल रही है।

एक नजर

होलिका स्थल पर कब्जे की सूचना पर दौड़ी पुलिस

अगवानपुर, अमृत विचार : सोमवार को होलिका दहन के स्थान पर ईंट बिछाने को लेकर नगर के लोग भड़क गए। गुस्साए लोगों ने अवैध कब्जे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवैध कब्जे को हटवाया। नगर के मोहल्ला बाकलान में होलिका दहन का स्थान है। सोमवार को मोहल्ला निवासी विनोद पुत्र राजकुमार, विवेक, पंकज पुत्रगण विनोद अवैध कब्जा करने की नीयत से होलिका दहन के स्थान पर ईंटे बिछा रहे थे। जब इसकी जानकारी कमेटी के लोगों को हुई तो उन्होंने अगवानपुर पुलिस चौकी पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली तो आरोपियों ने कब्जे से इंकार करते हुए जानवरों के बैठने से गंदगी होने के कारण ईंट बिछाने की बात कही। वहीं कमेटी के रवि कुमार पुत्र दया शंकर आदि ने बताया कि इस भूमि पर पहले भी इन लोगों ने कब्जा करने का प्रयास किया गया था। जिस पर अदालत में केस चला था बाद में इसका फैसला हो गया था।

भीषण गर्मी में ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार : भीषण गर्मी में भी ट्रेनों की लेटलतीफी कम नहीं हो रही है। जितनी गर्मी बढ़ रही है, उतना ही ट्रेनों का संचालन बिगड़ रहा है। जिसके चलते यात्री परेशान है। सोमवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय से पांच से 10 घंटे की देरी से पहुंचीं।

अंबाला मंडल में किसान आंदोलन के चलते रेलवे प्रशासन ने कुछ दिन पहले कई ट्रेनों के संचालन मार्ग को बदला था। जिसके बाद से ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बिगड़ा है। मुरादाबाद में आने वाले 10 से 12 ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। सोमवार को भी जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 14 घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा देरी से पहुंचने वाली ट्रेनों में बेगमपुरा एक्सप्रेस, अमृतसर जनसाधारण सुपरफास्ट, अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस, मऊ समर स्पेशल ट्रेन समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं।

मोहम्मद शफीक भाई-बेटे के साथ वीजा लेने पहुंचे थे दिल्ली, महिला ने की जालसाजी

वीजा के नाम पर रुपये गंवाए और सहा अपमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

धोखाधड़ी

- आरोपी महिला ने एक लाख से ज्यादा रुपये हड़पे

अमृत विचार : बेटे को रोजगार के लिए सऊदी अरब भेजने के चक्कर में पीड़ित ने वीजा के नाम पर रुपये गंवा दिए हैं और जालसाजों से अपमानित होना पड़ा है। मो. शफीक बेटे मुकीम को सऊदी अरब भेजना चाहते थे। उसके लिए ऑफिस ड्राइवर वीजा के लिए वह दिल्ली में एक महिला के संपर्क में आ गए थे। वीजा में लंबी प्रक्रिया के चलते पीड़ित कई बार अकेले और बेटे के साथ ही दिल्ली गया। तमाम खर्चे हुए, लेकिन उसे ड्राइवर वीजा नहीं मिल पाया। हाउस ड्राइवर का वीजा देकर महिला ने भरोसा दिया कि बाद में देखा जाएगा। फिलहाल, इस मामले में पीड़ित पक्ष ने मुगलपुरा थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोपी उम्मे कुलकुस करीम उर्फ शरीन पत्नी इफ्तेखार करीम को नामजद किया है। यह महिला नई दिल्ली की रहने वाली है।

पीड़ित मो. शफीक ने बताया कि वह जामा मस्जिद बरबलान में चामुंडा गली नंबर-एक के निवासी हैं। बेटे मो. मुकीम को रोजगार के सऊदी अरब भेजना चाह रहे थे। उसके वीजा के लिए उन्होंने दिल्ली के एक ऑफिस में संपर्क किया था, जहां उन्हें उम्मे कुलकुस करीम उर्फ शरीन मिली थी। इस महिला ने उन्हें भरोसा दिया था कि एक महीने में मो. मुकीम को अल मोईन कंपनी का वीजा लाकर सऊदी अरब भेज दिया जाएगा। इसमें उस महिला ने उन्हें कुल 1.10 लाख रुपये खर्च बताया था। इस पर पीड़ित पक्ष ने 48,000 रुपये उसे दिए थे। इन दिए गए रुपयों में से 20,000 रुपये मुकीम की पत्नी अर्शीराना के गूगल-पे से 28 जून 2023 को महिला के खाते में भेजे थे। खाते में रुपये पहुंचने पर आरोपी महिला ने मो. शफीक से ये कहकर उनके बेटे का पासपोर्ट ले लिया था कि जो वीजा आप चाह रहे हो, वह पासपोर्ट के अनुसार ही मिलेगा। शफीक ने बताया कि उनसे महिला ने कहा, वीजा लगते ही आपके बेटे का पासपोर्ट वापस कर देगी। फिर महिला ने फोन कर वीजा बनने की खबर दी थी। उसने शफीक से कहा था कि 13 सितंबर 2023 को आइए और पासपोर्ट व वीजा ले जाइए। मो. शफीक बेटे मुकीम के साथ दिल्ली पहुंचे थे और वहां रह रहे चचेरे भाई तसब्बुर अली को साथ लेकर महिला के ऑफिस पहुंचे। यह ऑफिस नई दिल्ली में कंसलटेंसी सराय जुलैना में है। महिला ने उनसे कहा था, आपने कंपनी ड्राइवर का जो वीजा मांगा था, उसकी व्यवस्था नहीं हो पाई है। उसके बदले हाउस ड्राइवर का वीजा दिखाकर कहने लगी कि कुछ समय तक आपको इसी वीजा पर काम करना होगा, उसके बाद फिर प्रयास करेंगे। मो. शफीक ने अपने बेटे को हाउस ड्राइवर के वीजा पर सऊदी अरब भेजने से इनकार कर दिया। जिस पर महिला ने पीड़ित पक्ष के साथ गाली-गलौज की और धक्का देकर ऑफिस से निकाल दिया। इस मामले में मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी महिला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज जांच कर कार्रवाई करेंगे।

लोहिया फर्म में एमडीए ने की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

समय लेने के बाद भी फर्म ने नहीं तोड़ा था अवैध निर्माण, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने चलाई जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद विकास प्राधिकरण अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। जिसके तहत सोमवार को एमडीए की टीम गागन तिराहा स्थित लाकड़ी मिनी बाईपास रोड पर बनी लोहिया निर्यात फर्म पर कार्रवाई करने पहुंची। एमडीए की टीम ने जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण तोड़ा, लेकिन बाद में लोहिया फर्म की ओर से निर्माण को स्वयं तोड़ने का समय ले लिया गया। अब एमडीएम की टीम की निगरानी में निर्माण को तोड़ा जा रहा है।

लगभग एक महीने पहले मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गागन तिराहा स्थित मिनी लाकड़ी बाईपास रोड पर बनी लोहिया निर्यात फर्म के कुछ निर्माण को अवैध बताते हुए नोटिस जारी किया था। जिसमें एमडीए ने कहा था कि लोहिया फर्म द्वारा जो अवैध निर्माण किया गया है, उसे खुद तोड़ लिया जाए। एमडीए के नोटिस मिलने के बाद फर्म द्वारा निर्माण को तोड़ने के लिए समय लिया गया था। लेकिन एक महीना बीतने के बाद निर्माण पूरी तरह नहीं टूट पाया। जिसके चलते सोमवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम जेसीबी मशीनें और फोर्स लेकर फैक्ट्री परिसर पहुंची। टीम ने पहले फर्म परिसर के अंदर नापने की कार्रवाई की। जिसके बाद जेसीबी से निर्माण को तोड़ना शुरू किया, लेकिन उस समय काफी सामान और कुछ श्रमिक अंदर मौजूद थे। जिसके चलते लोहिया फर्म के मैनेजमेंट ने एमडीए के अधिकारियों से कहा कि हम खुद ही इस निर्माण को तोड़ रहे हैं। जिसके बाद एमडीए टीम की मौजूदगी में निर्माण को तोड़ा जाना शुरू हुआ।

लोहिया फर्म में निर्माण तोड़ती एमडीए की जेसीबी। ● अमृत विचार

पुलिस फोर्स के साथ पहुंची थी एमडीए की टीम

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार को एमडीए की टीम ने चीफ इंजीनियर पंकज पांडे के नेतृत्व में लाकड़ी मिनी बाईपास स्थित लोहिया ब्रास निर्यात फर्म में अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। एमडीए की टीम भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची थी। लेकिन कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का कोई विरोध या बवाल नहीं हुआ। शुरुआत में एमडीए की टीम ने बुलडोजर द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जिसके बाद लोहिया ब्रास फर्म की जेसीबी द्वारा अवैध निर्माण को तोड़ा गया। एमडीए की इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मचा रहा।

दो दिन पहले कराई थी मुनादी

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोहिया निर्यात फर्म में हुए निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश होने के बाद एमडीए ने लोहिया ब्रास को नोटिस देकर एक माह का समय दिया था। इस अवधि में अवैध निर्माण को खुद ही तोड़ने के लिए कहा गया था। नोटिस के बाद भी लोहिया ब्रास द्वारा बिना मानचित्र निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद शनिवार को एमडीए ने लोहिया ब्रास पहुंचकर मुनादी कराई थी।

"लाकड़ी बाईपास रोड पर लोहिया ब्रास फर्म पर अवैध निर्माण का मामला संज्ञान में आया था। पूरे मामले की गंभीरता के साथ जांच कराई। फर्म द्वारा 1988 और 1989 में नक्शे पास कराए गए थे। इसके विपरीत फर्म के अंदर निर्माण किया गया। जांच में भी इसकी पुष्टि की जा चुकी है। इसके बाद ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया गया था। मंडलायुक्त के यहां की गई अपील खारिज होने के बाद सोमवार को ध्वस्तीकरण शुरू कराया गया।"
– अंजुलता, सचिव एमडीए

"मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने हमें निर्माण को तोड़ने के लिए समय दे दिया है। जिसके बाद एमडीए की टीम की निगरानी में हमारी टीम एमडीए द्वारा बताए गए निर्माण को तोड़ रही है। जल्दी ही कार्य पूरा कर लिया जाएगा।"
–वीके गुप्ता, लोहिया फर्म स्वामी

फिगार का जाना उर्दू साहित्य के लिए क्षति

मुरादाबाद, अमृत विचार : सतीश कुमार गुप्ता फिग़ार मुरादाबादी की याद में उर्दू साहित्य शोध केंद्र मुरादाबाद की ओर से एक परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

इसकी शुरुआत सतीश फिगार द्वारा लिखित हम्द (ईश्वंदना) से मोहम्मद ज़हीन ने किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मोहम्मद आसिफ हुसैन ने सतीश फिगार की शख्सियत और शायरी पर आलेख प्रस्तुत किया। शायर मंसूर उस्मानी ने उन्हें बड़ा शायर बताया। नवगीतकार योगेंद्र वर्मा व्योम ने कहा कि फिगार साहब का जाना न सिर्फ उर्दू साहित्य की अपूरणीय क्षति है साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय के संस्थापक डॉ. मनोज रस्तोगी, रघुराज सिंह निश्चल, सैयद मोहम्मद हाशिम कुद्दूसी, असद मौलाई, डॉ मुजाहिद फराज, इंजीनियर फरहत अली खान, जिया जमीर, डॉ. मो. आसिफ हुसैन मौजूद रहे।

ई-रिक्शा में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, दो की मौत, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नया गांव में हड्डी मिल के पास मजदूरी कर वापस लौट रहे श्रमिकों के ई-रिक्शा में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइड से टक्कर मार दी। इसमें दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। हादसा शाम चार बजे के दौरान मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार फेज-2 में नोदी एक्सपोर्ट के पीछे हर्बल पार्क के समीप गोल चक्कर के पास हुआ है। ई-रिक्शा पर चालक समेत कुल 5 लोग सवार थे। उधर, घटना की खबर मिलते ही मजदूर परिवारों में कोहराम मचा है। गांव के काफी लोग घटनास्थल पर पहुंचे थे।

ई-रिक्शा चालक व सभी मजदूर पाकबड़ा थाना क्षेत्र के नया गांव गजगोला नानकबाड़ी के रहने वाले थे। ये सभी नयागांव में स्थित गंगा फैक्ट्री में पैकिंग का काम करते थे। काम समाप्त करने के बाद गांव के ही ई-रिक्शा पर सवार होकर वह लोग घर लौट रहे थे। ई-रिक्शा राजकुमार चला रहे थे। इसमें इनका बेटा मोहित भी सवार था। घटना में श्रमिक करन सिंह (50) पुत्र बाबू सिंह और राजू (45) पुत्र सुमेर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसमें सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे थे।

पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इन घायलों में ई-रिक्शा चालक राजकुमार व उनका बेटा मोहित व एक अन्य श्रमिक है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मोहित की हालत काफी नाजुक है। प्रारंभिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे हॉयर सेंटर के लिए रेफर किया है।

जिला अस्पताल की मोर्चरी पर विलाप करते मृतकों के परिजन। ● अमृत विचार

- मजदूरी कर गांव गजगोला नानकबाड़ी लौट रहे थे श्रमिक

सुनीता ने नवंबर में बड़ा बेटा खोया और अब पति...

मुरादाबाद, अमृत विचार : दो मजदूर परिवारों के मुखिया की मौत से पूरा गांव गजगोला नानकबाड़ी शोक में है। मृतक करन सिंह व राजू के परिवार में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक करन सिंह के परिवार में पत्नी माया देवी और बेटा विशाल व दो बेटियां अंशु, स्वाति हैं। विशाल अभी 18 साल का है। पढ़ाई कर रहा है। इसी तरह मृतक राजू राजमिस्त्री का काम करते थे। इनके परिवार में पत्नी सुनीता और बेटा निशांत व एक बेटी निकिता है। निशांत अभी 12 साल का है वह अपनी बहन निकिता से तीन साल छोटा है। बताया जा रहा है कि राजू के बड़े बेटे अनमोल की अभी पिछले साल दो नवंबर को बीमारी से मौत हो गई थी। बेटे के जाने के गम को अभी राजू व उनका परिवार भुला नहीं पाया था कि अब परिवार के मुखिया राजू की ही असमय मौत हो गई। पति की मौत से पत्नी सुनीता बेसुध है। सुनीता के जेठ अशर्फी के बेटे शुभम ने बताया कि उनकी चाची पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। बड़े बेटे के बाद अब उन्होंने अपने पति को भी खो दिया है। शुभम ने बताया कि उनके चाचा कुल चार भाई थे। इनमें शुभम के पिता अशर्फी भाइयों में बड़े हैं। इनसे छोटे राजू थे और फिर सुशील व सुनील हैं। दोनों मृतकों के परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां-बच्चे सब दहाड़ मारकर रो रहे थे। घटनास्थल पर पहुंचा विशाल अपने पिता करन सिंह के शव को देखकर बिलख रहा था।

सर्किट हाउस कट पर भी हादसा

रविवार शाम छह बजे के दौरान दूसरा हादसा दिल्ली रोड पर सर्किट हाउस कट के पास हो गया। यहां दो बाइक सवार टकरा गए। मौके पर पहुंची ने घायल हुए बाइक सवार को जिला अस्पताल भेजा। घायल बाइक सवार करन सिंह सम्राट अशोक नगर का रहने वाला है। इसके पैर में फैक्चर हुआ है।

बैठक अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने गेहूं खरीद में तेजी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश

गेहूं की खरीद बढ़ाने व अवैध भंडारण रोकने को जुटें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी प्रशासन (जिला खरीद अधिकारी) गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद की समीक्षा को लेकर बैठक हुई। उन्होंने विभाग के अधिकारियों व क्रय एजेंसियों के प्रभारियों से गेहूं की खरीद बढ़ाने में तेजी लाने और अवैध भंडारण रोकने के लिए जुटने का निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में अब तक 2796 किसानों से 21544.97 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। इसके बदले किसानों को 49, 46,13555.19 रुपये का भुगतान किया गया है। इसमें सर्वाधिक खाद्य विभाग की विपणन शाखा द्वारा 1154 किसानों से 9582.19 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। जबकि भारतीय खाद्य निगम ने 4 केंद्रों पर 199 किसानों से 1132.20 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ) के 22 केंद्रों पर 384 किसानों से 2407.16 मीट्रिक टन खरीद हुई है। अपर जिलाधिकारी ने एजेंसियों के जिला प्रबंधकों से खरीद बढ़ाने में गंभीरता दिखाने के लिए कहा। उन्होंने गेहूं का अवैध भंडारण करने वाले आढ़तियों, व्यापारियों और फ्लोर मिलर्स पर भी सख्ती करने के लिए कहा। चेतावनी दी कि यदि अवैध भंडारण व संचरण नहीं रूका तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी भी दर्ज कराएंगे। बैठक में मंडी सचिव ज्योति चौधरी, विपणन निरीक्षक विपिन श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, जगत नारायन, मंडी निरीक्षक मुकेश पाल सिंह, फ्लोर मिलर्स, आढ़ती और व्यापारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट में गेहूं खरीद को लेकर बैठक करते अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र।

यह रही खरीद व भुगतान की स्थिति

एजेंसी का नाम	केंद्रों की संख्या	किसानों की संख्या	कुल खरीद (मीट्रिक टन)	भुगतान की धनराशि (रुपये)
खाद्य विभाग की विपणन शाखा	16	1154	9582.19	21,98,74,585
भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई)	4	199	1132.32	2,59,83,999
उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ)	22	384	2407.16	5,52,15,798
भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ	2	17	103.80	23,82,142
नेफेड	25	717	5898.03	13,53,55,187
उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन	9	132	914.56	2,09,86,894
उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ	8	193	1517.02	3,48,14,956
कुल	86	2796	21544.97	49,46,13,555

जैन समाज कराएगा महावीर द्वार का निर्माण

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार को दिल्ली रोड स्थित टिमिट सभागार में श्री दिगबंर जैन महिला महा समिति की प्रांतीय सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि श्री दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. माणीद्र जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धरणेद्र जैन, प्रांतीय अध्यक्ष अनिल जैन व बीना जैन रहे। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महामंत्री राजीव जैन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशि जैन ने की।

समारोह में श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा समारोह गौरव सुरेश जैन को जैन रत्न की उपाधि देकर सम्मानित किया। महावीर भगवान के 2550वें निर्माण महोत्सव के उपलक्ष्य में 24 महावीर द्वार बनाने की घोषणा की गई है। समारोह में पुरस्कार समाजसेवी पवन जैन, अलका जैन, संजीव जैन व अंजना जैन द्वारा वितरित किए गए।

एक नजर

बाइक गिरने से युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव मधुपुरी निवासी अमन कुमार किसी कार्य से ठाकुरद्वारा आया था। काम निपटाने के बाद वह बाइक से अपने घर वापस जा रहा था। जब वह शरीफ नगर मार्ग स्थित रामनगर खागुवाला गांव के निकट पहुंचा तो उसकी बाइक फिसल कर सड़क पर गिर गई। इसमें अमन कुमार घायल हो गया। घायल को सड़क पर पड़ा देखा राहगीरों ने नगर के सरकारी अस्पताल में उसे भर्ती कराया। सूचना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल का उपचार किया। चिकित्सकों ने बताया कि गंभीर चोट नहीं है। दो-तीन दिन में उपचार के बाद ठीक हो जाएगा।

चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : गांव मुख्तयारपुर नवादा के पास पुलिस ने दो युवकों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अनुज गुर्जर निवासी ग्राम बेगमपुर व अनुज सिंह पाल गांव हिरनपुरा का रहने वाला है। पुलिस ने बाइक थाने में खड़ी कर दी है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

टीम ने मृत हिरण को जमीन में दबाया

कांठ, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोसेवा गतिविधि व वन विभाग की टीम ने कुत्तों के हमले में मारे गए हिरण को जमीन में दबा दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोसेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा को गांव मुख्तियारपुर नवादा के जीव-जंतु प्रेमी धर्मपाल सिंह ने सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि गांव के पूर्व प्रधान राजीव कुमार के घर के पास हिरण को कुत्तों ने घायल कर दिया था। बाद में हिरण की मौत हो गई थी।

शटर काट दुकान से चार लाख के मोबाइल चोरी

काशीपुर, अमृत विचार : एक मोबाइल की दुकान का शटर काट कर कई मोबाइल फोन चोरी कर आरोपी फरार हो गए। दुकान से चार लाख के मोबाइल सहित नकदी आरोपी ले गए हैं। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार को गुरुनानक कॉलोनी निवासी मनीष सिंधवानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पंत पार्क के पास उसकी मोबाइल की दुकान है। रविवार रात आरोपियों ने उसकी दुकान का शटर काटकर दुकान में रखे नए व पुराने मोबाइल चोर लिए गए।

जूनियर हाईस्कूल पर मौजूद पोलिंग पार्टी। ● अमृत विचार

संभल लोस सीट के लिए कुंदरकी बिलारी में आज डाले जाएंगे वोट

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में भी मंगलवार को मतदान होगा। इसके लिए सोमवार को मंडी समिति से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। मंडी में पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर वाहनों की व्यवस्था की तैयारी में प्रशासन रविवार को पूरे दिन जुटा रहा था। डीएम-एसएसपी समेत कई अधिकारियों ने मंडी समिति पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सोमवार को कुंदरकी क्षेत्र के सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियों और फोर्स समय से पहुंच गया था।

संभल लोकसभा क्षेत्र में जिले की बिलारी और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दोनों विधानसभा क्षेत्रों के 783 बूथों पर मतदान होगा। इसमें कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के 436 तथा बिलारी के 347 बूथों पर मतदान होगा। इन सभी बूथों पर मतदान संपन्न कराने के लिए 783 पोलिंग पार्टियां सोमवार सुबह मंडी समिति से बूथों के लिए रवाना की गई थी।

क्षेत्र में आग से मर रहे हैं जीव-जन्तु, वन संपदा को बड़ा नुकसान, वन विभाग और अग्निशमन दल बेखबर

मार्गों के किनारे पेड़-पौधों में चार दिन से धधक रही आग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : उत्तराखंड के जंगलों की तरह क्षेत्र में मुख्य मार्गों के किनारे चार दिन से पेड़-पौधों में आग धधक रही है। इससे जीवों का जीवन नष्ट हो रहा है। साथ ही इन मार्गों पर गुजने वाले वाहन चलाकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन घटना को लेकर वन विभाग अनजान है।

ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाइवे, शरीफनगर-स्योहारा मार्ग, ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग, ठाकुरद्वारा-रतुपुरा-करनपुर मार्ग, जसपुर रोड पर फैजुल्लागंज स्थित शिव मंदिर से लेकर सन्यासी वाला लिंक मार्ग के किनारों पर खड़े पेड़-पौधों में चार दिन आग जल रही है। इससे बड़े वृक्षों की प्रगति पर असर पड़ रहा है। पौधे, हरियाली घास जलकर नष्ट हो रही है। पेड़-पौधों पर रहने वाले पक्षियों का जीवन मुश्किल हो रहा है। वृक्षों की जड़ों में छिपे जीव जलकर मर रहे हैं। इसके बाद भी वन विभाग अंजान है। वन संपदा को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जबकि वन विभाग की टीम ठाकुरद्वारा में तैनात है। लेकिन वन विभाग की टीम मार्गों का निरीक्षण नहीं करती। अगर मार्ग का निरीक्षण करती तो चार दिन से धधक रही आग पर वन विभाग व अग्निशमन दल की टीम आग पर काबू पा सकती थी।

सोमवार सुबह नौ बजे से लेकर ठाकुरद्वारा से जसपुर जाने वाले मार्ग फैजुल्लागंज के बीच पेड़ों में देर शाम तक आग धड़कती रही। मालपुरा सन्यासी वाला लिंक मार्ग पर भी देर शाम तक आग जलती रही। लेकिन किसी ने वन विभाग व अग्निशमन दल को सूचना नहीं दी।

वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बताया कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र में मुख्य व लिंक मार्गों पर लोग जलती बीड़ी व सीगरेट फेंक देते हैं। गर्मी में पेड़-पौधों के पत्ते सूख जाते हैं। बीड़ी व सिगरेट से पत्ते जलने लगते हैं। आग से सड़कों के किनारे पेड़ पौधों को नुकसान होता है। हालांकि आग की घटनाओं को रोकने के लिए समय-समय पर गोष्ठी कर प्रचार अभियान चलाया जाता है। इसके बावजूद भी लोग जागरूक नहीं है। अगर वन विभाग को समय पर सूचना मिल जाती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझा देती। मामला जानकारी में आने पर उन्होंने वन विभाग कर्मचारी को निगरानी रखने की निर्देश दिए हैं।

ठाकुरद्वारा अग्निशमन विभाग के सब इंस्पेक्टर नासिर खां ने बताया कि गर्मी में आग लगने की घटनाएं होती हैं। अग्निशमन दल को सूचना मिलती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास करती है। सड़कों के किनारे वन संपदा में आग लगने की उन्हें सूचना मिलती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझा देती है। एक दिन पहले सूचना मिलने पर रात्रि में अग्निशमन दल की टीम ने मार्गों पर आग को बुझाने का काम किया। उन्होंने जनता से अपील की है कि कहीं भी सड़क किनारे आग लग रही हो तो वह इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दें।

ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर पेड़ों में लगी आग। ● अमृत विचार

आग का कहर

- मुरादाबाद हाइवे, शरीफनगर-स्योहारा मार्ग, जसपुर, रतुपुरा-करनपुर मार्ग किनारे की घटना

हुसैनी दवाखाना सील, 10 लाख की दवाएं जब्त

एसडीएम सदर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा, नमूने जांच को भेजे

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : गांव जलालपुर खास स्थित डॉ. फहीम के हुसैनी दवाखाना पर एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। यहां टीम ने अभिलेखों की जांच के बाद दवाखाने को सील कर दिया और करीब 10 लाख रुपये की दवाइयां जब्त कर लीं।

एसडीएम सदर ने बताया कि दवाखाना चलाने वाले व्यक्ति के पास कोई डिग्री और दवा खाने का रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। जहां अवैध रूप से बड़े पैमाने पर दवा बनाई जा रही थी। दवाखाने में आयुर्वेदिक विभाग और ड्रग विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में छापेमारी की। आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दवा मिली। दवाओं को कई गाड़ियों में भरवा कर दवा खाने से लाया गया और दवा खाने को सील किया गया। इस दौरान डॉ. फहीम वहां पर नहीं मिले। अन्य एक व्यक्ति की देखरेख में दवा थी। औषधि निरीक्षक ने दवा को फार्म 16 पर जब्त किया। एलोपैथिक और आयुर्वेदिक दवाओं के नमूने लिए गए। जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। हालांकि जब डॉ. फहीम से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे कोई भी संपर्क नहीं हो सका। उनका फोन बंद था। एसडीएम सदन ने बताया कि इस मामले में थाने में मामला दर्ज कराया जा रहा है। इस दौरान डीओ राजेश शर्मा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अतुल और सत्यवीर सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर मुकेश चंद्र जैन, ड्रग इंस्पेक्टर रामपुर मुकेश कुमार, डिप्टी सीएम नरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

दवाखाने पर सील लगाती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

दवाखाने में जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्रवाई

- आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दवाएं गाड़ियों में भर कर ले गई टीम
- आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करने का दावा

अवैध रूप से चल रहे कई अस्पताल

कुंदरकी, अमृत विचार : नगर के गूलर चौराहे पर अवैध रूप से कई अस्पताल संचालित हैं और कई लैबों पर तो बच्चे ही बैठकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। कुछ अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों की मौत भी हो चुकी है और कई जच्चा बच्चा केंद्रों पर मौतें हो चुकी हैं। अभी कुछ दिन पहले कुंदरकी डींगरपुर रोड स्थित काजीपुरा श्मशान घाट के सामने एक अवैध रूप से संचालित अस्पताल में जच्चा और बच्चा दोनों की ही मौत हो गई थी। इसे लेकर हंगामा भी हुआ था। डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में उनको जानकारी मिली है जल्द ही इन अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर छापामारी कर इनको सील किया जाएगा।

सार-संक्षेप

सत्संग में बाबा फुलसंदे वाले से आशीर्वाद लेते भक्त। ● अमृत विचार

सत्य के मार्ग पर चलने वालों को मिलती है मंजिल

छजलैट, अमृत विचार : सत्य के मार्ग पर चलने वालों को ही मंजिल मिलती है। मनुष्य को कभी निराश नहीं होना चाहिए। यह विचार सीएनएस अकादमी कुचावली में प्रवचन करते हुए बाबा फुलसंदे वाले ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य कितनी भी विषम परिस्थिति क्यों न हो, जो मनुष्य मोह के कारण अनुचित कर्म करता है, चाहे वह विद्वान और महान हो, वह अपने जीवन में धन एवं प्रतिष्ठा से हाथ धो बैठता है। परमात्मा ने हम सभी को एक ही पृथ्वी, एक ही आसमान और एक ही आत्मा रूपी प्रकाश दिया है। यह संदेश देता है कि हम सब भी एक ही परमात्मा के अंश हैं। उन्होंने संसार को मिथ्या बताया। कहा कि हम अज्ञान की वजह से इस भौतिकवादी दुनिया में फंस जाते हैं। यही हमारे दुखों का कारण है। इस भ्रम के कारण हम कष्ट भोगते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अंधकार से निकलकर परमात्मा की शरणगति रूपी प्रकाश को प्राप्त कर पाते हैं। अंत में बाबा ने कहा कि वह परमेश्वर सच्चा है और उसका नाम सच्चा है। कार्यक्रम संयोजक सुंदर सिंह ने बाबा का अभिनंदन किया। इस दौरान अकादमी के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

रालोद कार्यकर्ताओं ने चौधरी अजित सिंह को दी श्रद्धांजलि

छजलैट, अमृत विचार : गांव अलीपुरा कुई में चौधरी अजित सिंह के चित्र पर युवा रालोद रूहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह व पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किए और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उनके कार्यों को याद किया। कहा कि चौधरी अजीत सिंह को किसान-मजूदरों के हक की बुलंद आवाज के रूप में पहचाना जाता था। उन्होंने किसानों के लिए काफी संघर्ष किया। सत्ता में भागीदारी मिली तो किसानों के हक में नीतियां और कानून बनवाए। किसानों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचितों के हितों के लिए चिंतन और संघर्ष करने वाले चौधरी अजीत सिंह यादों में हमेशा जीवंत रहेंगे। इस दौरान शिवराम सिंह प्रजापति, भास्कर देवल, धर्मवीर सिंह व अंकित चौधरी आदि मौजूद रहे।

हैडपंप पर पानी पीने की कोशिश करती बकरी। ● अमृत विचार

उमस भरी गर्मी से पशु-पक्षी भी बेहाल

डिलारी, अमृत विचार : इस माह के पहले की सप्ताह में गर्मी अधिक हो गई है। इससे लोगों के साथ पशु-पक्षियों के जीवन पर भी असर पड़ रहा है। सोमवार सुबह 28 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ दिन की शुरूआत हुई। दोपहर दो बजे के बाद तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस दौरान घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। गर्म हवा व उमस भरी गर्मी में लोग पसीने से तर हो गए। क्षेत्र की अधिकांश सड़कों पर दोपहर होते-होते सन्नाटा पसर चुका था। गर्मी से राहत पाने के लिए राहगीर सड़क किनारे पेड़ों की छाव में आश्रय लिए हुए थे। पशु पक्षी तक गर्मी से बदहाल नजर आ रहे थे। भीषण गर्मी में हैड पंप पर पशु पानी पीते नजर आए। कस्बे में कोचिंग जाने वाली कुछ छात्राएं छतरी लेकर सड़क पर निकली थीं। जगह-जगह गन्ने के रस के ठेलों पर राहगीरों की भीड़ दिखी।

बाइक चोरी में निर्दोष को पकड़ने पर प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : बाइक चोरी घटना में निर्दोष रिक्शा चालक का चालान करने पर सोमवार को लोगों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। दो दिन में मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोग एकत्र होकर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि एक सप्ताह पहले शरीफ नगर स्थित एक मैरिज हॉल से अभय राजपुर निवासी निसार अहमद की बाइक चोरी हुई थी। आरोप है कि इसे बेचने के लिए शरीफ नगर निवासी महफूज और शाहवेज जसपुर भी गए थे। इस बीच जानकारी होने पर एक मई को बाइक स्वामी अपने रिश्तेदारों को लेकर शरीफ नगर महफूज के घर पहुंचा। जहां ग्राहक बनकर महफूज से अपनी बाइक खरीदने की बात शुरू कर दी। सौदेबाजी के दौरान अचानक पुलिस पहुंच गई। तभी पुलिस को चकमा देकर आरोपी महफूज बाइक लेकर भाग गया। पुलिस, बाइक स्वामी व ग्रामीणों ने उसका पीछा किया। बाद में बाइक चोर जसपुर रोड पर एक व्यक्ति के घर बाइक खड़ी कर सुबह ले जाने की बात कह कर चले गए। इस दौरान पुलिस ने बाइक को बरामद कर पृथ्वी सिंह का चालान कर दिया। लोगों का कहना है कि पृथ्वी सिंह निर्दोष है। आरोप है कि पुलिस मुख्य चोरों से हमसाज है। घटना के कई दिन बाद भी पुलिस ने महफूज और शहवेज को गिरफ्तार नहीं किया है। प्रदर्शनकरियों ने मुख्य आरोपी महफूज उर्फ पुट्टी व शाहवेज की गिरफ्तारी और पृथ्वी सिंह की रिहाई की मांग पूरी न होने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वाले में उदल सिंह, हेमराज सिंह, आकाश कुमार, वीर सिंह, माजिद, छोटे सिंह आदि रहे।

सीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

- सीओ कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, निर्दोष को छोड़ने की मांग

क्षेत्र के अवैध अस्पतालों में लोगों को जान का खतरा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- चिकित्सा अधीक्षक का दावा अभियान चलाकर करेंगे कार्रवाई

अमृत विचार : क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की बिना अनुमति के अवैध तरीके से निजी अस्पताल, झोलाछापों के क्लीनिक और लैब संचालित हो रही है। इनमें लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इन आस्पतालों में ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं। लैबों में मरीजों से मोटी रकम वसूली जा रही है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहा है।

नगर के कुछ लोगों ने बताया कि शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई करती है। लेकिन जांच में उनके अभिलेख सही दर्शा कर अस्पताल मानक के पूरे मान लिए जाते हैं। अस्पतालों के सामने फ्लेक्सी, बोर्ड लगाकर एमटी एमएस चिकित्सकों के नाम लिखकर लोगों का इलाज किया जाता है। लेकिन अधिकतकर निजी अस्पतालों में इलाज करने वालों के पास डिग्रियां नहीं हैं। पूर्व में कई बार इन्हीं अवैध अस्पतालों में भर्ती हुए मरीजों की हालत बिगड़ने और उनकी मौत होने तक के मामले हो चुके हैं। इसके बाद भी इन अवैध अस्पतालों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हाल ही में नगर के काशीपुर रोड पर कुछ और अस्पताल खुले हैं। इनमें मोटी रकम वसूल कर ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं। इन अस्पतालों में मरीजों को उनकी हालत खराब हो जाने पर रेफर कर दिया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि अवैध निजी अस्पतालों, झोलाछापों, लैब संचालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

हज आजमीनों को दिया गया प्रशिक्षण

कुंदरकी, अमृत विचार : नगर के पेंठ बाजार स्थित एक मिनार वाली मस्जिद में सोमवार को दावते इस्लामी इंडिया के शोबा हज व उमराह के तहत हज यात्रा पर जाने वालों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अहराम बांधने का तरीका, उमराह करने का तरीका, तवाफ का तरीका और हज के 5 दिन के बारे में जानकारी दी।

समान में सरकार की गाइड लाइन के मुताबिक कोई भी नशे की वस्तु नहीं लेकर जाएं इसको सऊदी सरकार ने ड्रग्स माना है। रुकने मजलिस हाजी साजिद अत्तारी ने बताया कि हज हो या नमाज सीख कर इबादत करेंगे तो ज्यादा बेहतर तरीके से कर पाएंगे। इस मौके पर गुलाम नबी अत्तारी, अरकान कादरी, जावेद अत्तारी, मोहम्मद उस्मान, भूरा अत्तारी आदि मौजूद रहे। आखिर मे मुल्क की तरक्की और अमन के लिए दुआ की गई।

जिम्मेदारी तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

नई कार्यकारिणी को दिलाई पद की शपथ

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने उनसे ईमानदारी से काम करने का आग्रह किया।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसका संचालन प्रदीप कुमार एडवोकेट, व्यवस्थापक चुनाव समिति शहजाद रफी खान, कोषाध्यक्ष एल्डर कमेटी एवं डॉक्टर विनीत नैन, उपसचिव चुनाव समिति ने किया। कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। इसके बाद कांठ ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश कुवंरसेन सिंह, नायब तहसीलदार आनंद कुमार व सब रजिस्टार जमाल फैसल का स्वागत किया गया।

ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश ने नव नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद अय्यूब, महासचिव नन्हे खां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ढाका, कोषाध्यक्ष वैभव बिश्नोई, सह सचिव प्रशासनिक शुभम बिश्नोई, सह सचिव प्रकाशन पारितोष भारती, सह सचिव पुस्तकालय अतुल कुमार राजपूत एवं मोहम्मद सोहेल खान व जाहिद हुसैन को सदस्य कार्यकारिणी के पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। इस दौरान एल्डर कमेटी के महावीर सिंह, दीपक कुमार बिश्नोई, गजेंद्र कुमार, चंद्रपाल सिंह, जैनुल हसन, चरण सिंह सैनी, प्रवीण गुप्ता, विजयवीर सिंह, संजीव कुमार, मुसर्रत हुसैन, जीनत परवीन, महासचिव सुगम सिंह पंवार, प्रमोद शर्मा पूर्व अध्यक्ष, अतुल राजपूत, यशवीर सिंह, दीप सिंह बिश्नोई, प्रेम सिंह, कोमल सिंह, लक्ष्मण सिंह, शीशराम सिंह, अमित कुमार विश्नोई, सुधीर कुमार बिश्नोई, भूपेंद्र सिंह और बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मौजूद रहे।

समारोह में शामिल नई कार्यकारिणी के सदस्य व अन्य। ● अमृत विचार

समिति के कैडर सचिव की हार्टअटैक से मौत

बिलारी, अमृत विचार : अजमतनगर ज्योंडेरा समिति व वी पैक्स चांदपुर ग्वालखेड़ा साधन सहकारी समिति लिमिटेड के कैडर सचिव की हार्टअटैक से मौत हो गई। हालांकि उन्हें महानगर के अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया।

गांव बीरमपुर निवासी गोपाल शरण माथुर (60) इस समय नगर की ओम विहार कॉलोनी में परिवार सहित रहते हैं। दोपहर को उनके हार्ट में दर्द होने की शिकायत हुई। परिवार के लोग मुरादाबाद के एक अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की सूचना से सहकारिता के क्षेत्र में शोक है। पांच भाइयों में वह चौथे नंबर के थे। ओम विहार कॉलोनी स्थित आवास पर लोग सांत्वना देने के लिए पहुंच गए। परिवार में पत्नी शुभ्रा माथुर के अलावा उनके दो बेटे अर्पित और उमंग माथुर भी हैं।

सम्मानित होने के बाद शील्ड दिखाते मेधावी छात्र-छात्राएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर स्थित बीएचपी मेमोरियल इंटर कॉलेज में सोमवार को सम्मान समारोह में प्रबंधक हाजी ताहिर हुसैन ने बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता फैसल इरफान, संचालक मोहम्मद जीशान पासा ने भी मेधावियों को शील्ड दी। प्रबंधक ने कक्षा-10 के टॉपर मोहम्मद सलीम रजा को साइकिल देकर सम्मानित किया।

मीनाक्षी, इल्मा, मोहम्मद आदिल, लाइवा नियाजी, रिमशा कौशर, सबा तारिक, लाइवा नूर, सानिया, सानिया बी, फातिमा, अलीशा बी, मोहम्मद कैफ, नफीस, अमन सैफी, मोहम्मद रेहान और कक्षा-12 के आदर्श कुमार, चंद्र प्रकाश, शिवानी, सानिया बी, हमेरा खातून को सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने छात्र-छात्राएं मोबाइल फोन का उपयोग जरूरी होने पर ही करें। टाइम टेबल बनाकर तैयारी करने की सलाह दी। कॉलेज के संचालक ने मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। कहा कि बोर्ड परीक्षा में कोई छात्र-छात्र जिले की मेरिट लिस्ट में स्थान लाता है तो उसे इलेक्ट्रिक स्कूटर देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान बिट्टू सिंह, इंद्रजीत सिंह, मुकुल सक्सेना, आदेश मौर्य, जयवीर सिंह, मुजीब अहमद, शहजाद हुसैन आदि रहे।

एक नजर

पूर्व सभासद ने की तिरंगा लाइट सही कराने की मांग

हसनपुर, अमृत विचार : पालिका प्रशासन द्वारा नगर में विद्युत पोलों पर तिरंगा लाइटें लगाई गई थी। जिनको खोलने एवं बंद करने का कनेक्शन नीचे है। पालिका परिषद के पूर्व सभासद योगेंद्र शर्मा ने ईओ को पत्र लिखकर खराब पड़ी तिरंगा लाइटों को सही कराने एवं उनके कनेक्शन को ऊपर कराने की मांग की है। उनका कहना है कि कनेक्शन नीचे होने के कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है। ईओ प्रदीप नारायण दीक्षित ने बताया कि जो लाइट खराब हो गईं हैं, सही कराया जाएगा।

युवक पर धारदार हथियार से किया हमला

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी मोनू का गांव के राहुल कश्यप से किसी बात को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा है। रविवार शाम भी दोनों के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि राहुल व उसके साथियों ने मोनू के साथ मारपीट कर दी और धारदार हथियार से वारकर गंभीर घायल कर दिया। विरोध पर जाति सूचक शब्द कहे। घटना के बाद मौके पर हंगामा हो गया। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी फरार हो गए। परिजनों ने मोनू को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

कार डिवाइडर पर चढ़ी चालक घायल

गजरौला, अमृत विचार : रविवार देर रात चौपला पर अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार का चालक मामूली रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान जोरदार आवाज होने पर लोग सहम गए। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। चालक को कार से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार को किसी तरह डिवाइडर से हटाया।

अवैध खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्राली किए सीज

आदमपुर, अमृत विचार : थाना आदमपुर की दढ़ियाल पुलिस चौकी क्षेत्र के खरपड़ी गांव से करीब 200 मीटर दूर ट्रैक्टर ट्रालियों और जेसीबी से अवैध खनन किया जा रहा था। खनन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर बिना परमिशन खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्रालियों और जेसीबी को सीज कर दिया गया है। जिसके बाद इन्हें दड़ियाल पुलिस चौकी में लाकर खड़ा कर दिया है। इस बीच खनन अधिकारी ने अवैध खनन के मामले में कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया।

ग्राम प्रधान के घर से लाखों का सामान चोरी

अमरोहा, अमृत विचार : रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव यकबगड़ी के ग्राम प्रधान के घर की खिड़की तोड़कर चोरों ने घर में रखे जेवरात समेत लाखों का सामान चोरी कर लिया। गांव प्रधान सुरेंद्र सिंह के मुताबिक वह रात को आंगन में सो रहा था। रात में किसी समय पीछे से दीवार में लगी खिड़की को तोड़कर चोर घर में दाखिल हो गए। चोर संदूक में रखे सोने-चांदी के जेवरात और अलमारी में रखी नकदी समेत बाकी सामान लेकर फरार हो गए। चोरी की जानकारी दिन निकलने पर हुई। इसके बाद ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम प्रधान के मुताबिक उसके घर से 10 लाख रुपये कीमत का सामान चोरी हुआ है।

अमरोहा की खबरें पेज 8,9 पर भी।

महाराणा प्रताप की प्रतिमा से छेड़छाड़ के विरोध में कलेक्ट्रेट में गरजे भाजपाई

मैनपुरी में रोड शो के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने छेड़छाड़ की थी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव द्वारा निकाले गए रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप की मूर्ति से सपा कार्यकर्ताओं ने छेड़छाड़ की थी।

इसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर राजयपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

सोमवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। यहां उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मैनपुरी में रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप की मूर्ति से छेड़छाड़ के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया। कहा कि डिंपल यादव के रोड शो के बाद सपा के कार्यकर्ता राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर चढ़ गए। प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ

- **प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ भी की थी अभद्र टिप्पणी**
- **डिंपल यादव के रोड शो के दौरान हुई थी घटना**

अशोभनीय टिप्पणी की। कहा कि अमरोहा का सर्व समाज सपा के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम संबाधित ज्ञापन जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को सौंपा।

किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : युवक से परेशान होकर किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की थी। मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी के गांव के युवक से प्रेम संबंध थे। जानकारी होने पर परिवार वालों ने किशोरी का घर से निकलना बंद कर दिया था। बताते हैं कि किशोरी शनिवार को किसी तरह घर से बाहर निकली तो युवक ने उसे मोबाइल दे दिया था। शाम को किशोरी के पास मोबाइल मिलने पर उसके परिवार वालों ने उसे डांट दिया और मोबाइल छीन लिया था।

शनिवार शाम किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उपचार के दौरान रविवार की सुबह किशोरी की मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर इस मामले में आरोपी विश्वास के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीपीआरओ ने गांवों में सफाई के निर्देश दिए

अमरोहा, अमृत विचार : सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव में सफाई अभियान को चलया जाए।

जिससे कि गर्मी में मच्छरों का प्रकोप को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण ही ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं, पुरुष और बच्चे मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिले के ब्लॉक से आए सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। डीपीआरओ ने सभी सफाई कर्मचारियों से कहा कि वह कार्य को जिम्मेदारी के साथ करें। डीपीआरओ ने जोया ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र का निरीक्षण भी किया।

विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हाइवे जाम

संवाददाता, मंडी धनौरा

मंडी धनौरा में हाइवे जाम करते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को युवती के अपहरण के आरोपियों की गिरफ्तारी व मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाने की मांग को लेकर स्टेट हाइवे जाम कर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे सीओ ने आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

मामला थाना क्षेत्र के गांव का है। गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही तीन युवकों पर आरोप लगाया था कि शनिवार रात को आरोपी उसकी बेटी को बहलाकर अपने साथ लेकर ले गए। पीड़िता के पिता का कहना है कि रात करीब 11 बजे उसकी आंख खुली तो उसकी 20 साल की पुत्री चारपाई पर नहीं थी। घर के अलावा गांव में भी बेटी की तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिली। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- **युवती को घर से फुसलाकर ले जाने का मामला**

आरोपियों की गिरफ्तारी व मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार दोपहर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। तहसील गेट के सामने रोड जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ श्वेताभ भास्कर ने विहिप कार्यकर्ताओं को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने व शीघ्र ही गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो जिले में चक्का जाम किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव व सीओ श्वेताभ भास्कर को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन देने वालों में हेमंत सारस्वत, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, जिला महामंत्री विपिन शर्मा, जिला संयोजक कुशल चौधरी, रूपेश कुमार, सुनील कुमार, हरपाल सिंह, नरेश चंद्र ,गौतम, मनोज कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एएसपी राजीव कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारी।

जाम से छुटकारा दिलाने को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवददाता, अमरोहा

अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने एएसपी से मुलाकात कर शहर को जाम से निजात दिलाने की मांग की। इसके अलावा विभिन्न मांगों को लेकर एएसपी को ज्ञापन दिया।

सोमवार को प्रदेश संयोजक खत्री मनोज टंडन के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एएसपी राजीव कुमार सिंह से मुलाकात कर बताया कि बाजार और मुख्य चौराहों पर अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। शहर में मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है। आपराधिक घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। संगठन के पदाधिकारियों ने शहर में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। जोया के साप्ताहिक बाजार के जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए। इन सभी मांगों को लेकर एएसपी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर समीर खान, कमर नकवी, मोनू यादव, सलीम अंसारी, फहीम अहमद, हरस्वरूप माथुर, मोहम्मद अंजार, साजिद सैफी, अजीम खान, दानिश सैफी, फजले चौधरी, शाहिद सैफी, सोनू मौजूद रहे।

कार की टक्कर से युवक और बालिका घायल

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव से साढ़ू की बेटी की सगाई में शामिल होने जा रहे युवक की बाइक में सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक और उसकी भतीजी तरह घायल हो गए।

सोमवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी मेवाराम पुत्र मुंशी छोटे भाई मित्रपाल की बेटी राधिका के साथ गांव झुरेरी निवासी साढ़ू की बेटी की सगाई में शामिल होने के लिए गांव महमूदपुर सुल्तानठेर जा रहा था। अगरौला कलां लिंक मार्ग पर जैसे ही उसकी बाइक धीमरखेड़ी गांव के निकट पहुंची, तो सामने से आ रही अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से युवक और भतीजी सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को बुलाया और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां मेवाराम की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

पालिका, तहसील की टीम ने अवैध निर्माण रुकवाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अवैध प्लाटिंग की गिराई दीवार।

अमृत विचार : नगर पालिका एवं सदर तहसील की संयुक्त टीम ने 40 बीघा भूमि पर अवैध रूप से हो रहे निर्माण को रुकवाया और हो चुके निर्माण कार्य को जेसीबी गिरवाया।

सोमवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार को जानकारी मिली थी कि अमरोहा खास बाहर चुंगी के पास 40 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लॉटिंग की जा रही है। जानकारी मिलने पर डॉ. बृजेश कुमार ने राजस्व निरीक्षक शैलेंद्र शर्मा को सदर तहसील के नायब तहसीलदार के साथ मौके पर भेजा। मौके पर नगर पालिका और सदर तहसील की संयुक्त टीम ने 40 बीघा भूमि पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को रुकवा दिया और किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। टीम को देखकर मौके पर प्लाटिंग कर रहे लोग भाग खड़े हुए। टीम में शामिल अधिकारियों ने प्लाटिंग कर रहे लोगों को चेतावनी दी कि अगर फिर से प्लाटिंग की गई , तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक जिलाधिकारी ने बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

बरसात से पहले कर लें सड़कों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी।

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बाढ़ से निपटने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने व विभागीय कार्य योजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बरसात के दौरान संभावित बाढ़ से पहले की जाने वाली तैयारियों के लिए बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप व आपदा से बचाव के लिये विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक की। जिलाधिकारी ने संवेदनशील क्षेत्रों का विवरण, संसाधन, शरणालय, बाढ़ राहत केन्द्रों को स्थापित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि बाढ़ के दृष्टिगत खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीजल, ईंधन व गैस की उचित व्यवस्था रखें। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश देते हुये कहा कि विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से हो इसके लिये तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि चिकित्सीय व्यवस्था, टीकाकरण और समुचित स्टाफ की उचित व्यवस्था रखें और चिकित्सकों की टीम गठित कर लें। उप जिलाधिकारी हसनपुर और धनौरा को निर्देश दिए कि कहा कि पर्याप्त संख्या में गोताखोरों की तैनाती की जाए और हसनपुर में बाढ़ चौकी स्थापित की जाए और पीएसी की तैनाती की जाए। वर्षा काल से पहले ही सड़कों एवं सड़कों के किनारे मरम्मत पूरी करा लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी हसनपुर, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, जिला पूर्ति अधिकारी रहे।

मजदूरी के रुपये मांगने पर आरा मशीन पर बैठाकर काटा था गला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **मुश्किल से बची थी जान, पिछले साल की है घटना, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचार : पैसे लेने गए मजदूर के भाई को जबरन आरा मशीन पर बैठा दिया था। इससे ब्लेड से उसकी गर्दन कट दी गई थी। गंभीर हालत में युवक को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया था। बताया जाता है कि घटना करीब एक साल पहले की है। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरा मशीन संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली संभल चौराहा की है। सैदनगली थाना क्षेत्र के मोहल्ला रहमतनगर निवासी अख्तर अली का बेटा मोहम्मद इमरान लकड़ी का कारीगर है। बीते साल उसने गांव मूंढा इम्मा निवासी साजिद, नसीम और जाकिर की संभल चौराहा पर स्थित आरा मशीन पर तीन महीने काम किया था। लेकिन उसकी मजदूरी के पैसे नहीं दिए गए थे। मजदूरी के रुपये लेने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई थी। इसके बाद उसने अपने भाई फरमान को आरोपियों के पास मजदूरी के रुपये लेने भेजा। जिस पर आरोपियों ने उसे आरामशीन पर जबरन बैठा दिया और जिससे उसकी गर्दन कट गई। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने उसे बचाया। जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए दिल्ली ले गए। जहां उसकी जान बची। सीओ सिटी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरोपी साजिद, नसीम और जाकिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया, रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : प्रेम विवाह करने वाली युवती को ससुराल में दहेज को लेकर प्रताड़ित किया गया। पीड़िता की तहरीर पर महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती का मोहल्ले के निवासी युवक से प्रेम प्रसंग था। युवती ने घर से जाकर परिजनों की मर्जी के खिलाफ प्रेमी से शादी कर ली थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद कुछ दिन बाद दहेज को लेकर ताने देने शुरू कर दिए। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। आरोप है कि शादी के बाद से ही जेठ बुरी नजर रखता है। 22 अप्रैल को जेठ कमरे में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास किया। ननद के उकसाने पर पति ने तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत महिला थाने में तहरीर देकर की। सीओ अंजलि कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सार-संक्षेप

नीरज अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष मनोनयन का पत्र देते जिला अध्यक्ष।

सुभासपा को प्रदेश में और मजबूत करेंगे : सत्यपाल

अमरोहा, अमृत विचार : सुभासपा की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय कैलसा रोड पर हुई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नीरज अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व राज्यमंत्री अरविंद राजभर को एनडीए गठबंधन से घोसी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने पर हर्ष व्यक्त किया। बताया कि जनपद से प्रतिनिधिमंडल 15 मई को घोसी में चुनाव लड़ाने के लिए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जाएगा। जिसमें आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनुस प्रधान, डॉ. जगत सिंह, अफान चौधरी, मोहम्मद नाजिम, जगबीर सिंह चौहान, राम गोपाल जाटव आदि रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में पंडित राम अवतार शर्मा, जगत सिंह गुर्जर, वकील अहमद, अतिकुर्रहमान, संजीव कुमार, बाबूराम पाल, सुहैल साबरी, डॉ. दानिश, अमीर खान रहे।

हसनपुर में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

जुबिलेंट फैक्ट्री के खिलाफ गरजे किसान, सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, अमृत विचार : सोमवार को विकासखंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय में भाकियू लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में लिपिक राहुल को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि गजरौला स्थित जुबिलेंट फैक्ट्री के कारण क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। प्रशासन इस पर रोक लगवाए। इसी के साथ छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी, राजपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह,अनिल कुमार, युद्धवीर सिंह, जतिन, बहादुर अली, मुनिदेव आदि किसान मौजूद रहे।

नवनिर्मित कम्प्यूटर लैब का लोकार्पण

अमरोहा, अमृत विचार : सोमवार को हिन्दू डिग्री कॉलेज मुरादाबाद के प्रोफेसर एवं उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य डॉ. रोहिताश सिंह ने कैलसा रोड स्थित घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर में पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित कम्प्यूटर लैब का लोकार्पण किया। डॉ. रोहिताश सिंह की प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्या मंदिर कैलसा में हुई थी। विद्यालय के अध्यक्ष अजय टंडन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. रोहिताश सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष अजय टंडन, प्रबंधिका अंजलि टंडन, इन्दु कौर, कोर्डिनेटर जूही राज, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र वर्मा, ध्यान सिंह, कृपाल सिंह, एकता सिंह रहे।

बुरावली के एसएलजे पब्लिक स्कूल में फ्रूट पार्टी में बच्चे। ● अमृत विचार

फ्रूट्स पार्टी में बच्चों ने लिया आनंद

बुरावली, अमृत विचार : बुरावली क्षेत्र के एसएलजे पब्लिक स्कूल नालेज पार्क हाकमपुर में बच्चों के लिए फ्रूट्स पार्टी हुई। जिसमें बच्चों ने मौसम के ताजे फलों का बच्चों ने आनन्द लिया। बच्चों को फलों के नाम के साथ उनसे होने वाले फायदे के विषय में भी बताया। बच्चों को बताया कि जंक फूड व फास्ट फूड छोड़कर ताजे फल खाने चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संजय सिंह भाटी, प्रधानाचार्या शिवानी त्यागी, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

अमरोहा में नालों से निकली सिल्ट उठाते पालिकाकर्मी। ● अमृत विचार

नगर पालिका ने शुरू कराई नालों की सफाई

अमरोहा, अमृत विचार : नगर पालिका ने नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया है। अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगर में जलभराव से लोगों को निजात दिलाने के लिए बरसात से पहले ही नगर के नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि नालों से निकाले जाने वाली सिल्ट को तुरंत उठाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में नगर पालिका के कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ लगाया है। उनको निर्देश दिए गए हैं कि वह कार्य में किसी तरह की लापरवाही न करें। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा नगर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कर्मचारी सुबह के समय घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र कर रहे हैं। इससे नगर में स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

डॉक्टरेट की मानद उपाधि देते वेबिक विवि के कुलपति डॉ. फेलिक्स।

जोगेन्द्र व अजय को वेबिक विवि ने दी डॉक्टरेट की उपाधि

गजरौला, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा एवं योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साउथ अफ्रीका के वेबिक विश्वविद्यालय घाना ने जनपद अमरोहा के प्राथमिक विद्यालय तिगरी के प्रधानाध्यापक जोगेन्द्र सिंह तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय चौबारा के शिक्षक अजय सिद्धू को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। दोनों शिक्षकों को वेबिक विश्वविद्यालय घाना के कुलपति डॉ. फेलिक्स ओफोसु डीजेन ने नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरेट की मानक उपाधि से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आध्यात्मिक गुरु अनिरुद्धाचार्य महाराज तथा राज्यसभा सदस्य एवं मणिपुर के महाराज लैशेम्बा सनाजाउबा उपस्थित रहे।

एक नजर

संभल मुरादाबाद मार्ग पर घंटों जाम से जूझे लोग

संभल/सिरसी, अमृत विचार : रामपुर जिले में सीमेंट लेकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर तिरछा हो गया। इस हालात में संभल मुरादाबाद मार्ग पर जाम लग गया। एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक वाहनों की कतार लग गइ्र। । पुलिस ने हाइड्रा मशीन मंगाकर ट्रक हटवा कर यातायात चालू कराया। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर पुल के पास पुलिया का निर्माण कार्य होने के चलते एक लेन पर वाहनों की आवाजाही बंद है। जबकि पुलिया निर्माण कार्य पूरा होने की वजह मुरादाबाद से संभल व संभल से मुरादाबाद आने जाने वाले वाहन लेकर चालक इसी मार्ग से होकर अपने गंतव्य तक जा रहे हैं। रविवार की रात राजस्थान से सीमेंट की बोरी लादकर चालक ट्रक लेकर रामपुर जिले में टांडा बाजपुर जा रहा था। चालक ट्रक लेकर जैसे ही पुलिया के पास पहुंचा। सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में सड़क किनारे पड़ी मिट्टी धंस गई और ट्रक का अगला हिस्सा सड़क से नीचे उतर गया। जबकि ट्रक का पिछला भाग सड़क पर ही रह गया। सोमवार को दिन निकलते ही जाम लगा तो मार्ग पर एक किलोमीटर से अधिक लंबी जाम की स्थिति बन गई। जबकि छोटे वाहन लेकर चालक खेतों से होकर निकले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एक एक वाहनों को निकालकर घंटों की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया।

गाली गलौज व मारपीट का आरोप

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी सुनील ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर कहा कि हम चार भाई हैं और चारों भाई घर से बाहर रहकर काम करते हैं। घर पर मां लीलावती पत्नी शंकर अपनी पुत्रवधू सहित रहती हैं। सुनील के बड़े भाई अजय के घर में रखे दो गैस के सिलेंडर चार अप्रैल को किसी ने चोरी कर लिए। सूचना मिलने पर शनिवार की शाम सुनील ढबारसी से गांव पहुंचा और रविवार को चचेरे भाई से गैस सिलेंडर चोरी होने के बारे में पूछताछ करने लगा। आरोप है कि इसी बात को लेकर युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर सुनील के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए धमकी देने लगा।

बहजोई में मतदान सामग्री लेने के बाद पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना होते मतदान कर्मी।

सामग्री लेने के लिए पहुंचे पोलिंग पार्टी से जुड़े कर्मचारी। ● अमृत विचार

मतदान सामग्री लेने के बाद मिलान करते कर्मी। ● अमृत विचार

मतदान आज, कड़ी सुरक्षा के बीच 1648 पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंचीं

असमोली, संभल, गुन्नौर और चंदौसी समेत सभी केंद्रों पर सवेरे 7 बजे से प्रारंभ होगा मतदान

संवाददाता,बहजोई/संभल

अमृत विचार: लोकतंत्र के महापर्व पर वोट देने का दिन आ ही गया। इसके लिए सभी पुलिस प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को नवीन पुलिस लाइन के ग्राउंड से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 1648 बूथों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना की गईं जो शाम तक मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पहले पोलिंग पार्टी रवाना कराईं फिर मतदान केंद्रों का जायजा लिया।

नवीन पुलिस मंडी लाइन पर जनपद के 1648 बूथों पर पोलिंग पार्टियों को रवाना करने को लेकर विधानसभा वार पंडाल बनाए गए थे। जहां पर सुबह 7 बजे से ही पोलिंग पार्टियों के पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान, अधिकारी वही व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पहुंचना प्रारंभ हो गया। एक ओर जहां पोलिंग पार्टियों पहुंच रही थी तो वहीं सुरक्षा के लिए लगाए गए पुलिस कर्मी भी अपने शस्त्रों के साथ पहुंच रहे थे। दोपहर होते-होते भीड़ बढ़ती गई। चुनाव प्रेक्षक के साथ-साथ जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल, सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे सहित व्यवस्थाओं को देख रहे थे। विधानसभाओं के पंडाल में पोलिंग पार्टियों को ड्यूटी पत्र सौंपते हुए रवाना किया गया। पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपेट, डोरी, ,लाक, मोमबत्ती और भत्ता आदि दिया गया। दोपहर 3 बजे तक पोलिंग पार्टी की रवाना होने के बाद शाम को मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं।

बहजोई में बच्चे को संभालती महिला मतदान कर्मी। ● अमृत विचार

बहजोई में बच्चे को संभालता महिला मतदान कर्मी का परिजन।

ड्यूटी में व्यस्त रहीं महिला कर्मी, परिजनों ने संभाले बच्चे

बहजोई, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव कराए जाने को लेकर महिला मतदान कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। ऐसी महिला कर्मी भी थीं जो छोटे-छोटे बच्चों को लेकर मतदान ड्यूटी के लिए आईं। कुछ महिलाएं छोटे बच्चों को संभालते हुए ड्यूटी में व्यस्त रहीं। जिला प्रशासन की ओर से पानी की व्यवस्था के नाम पर केवल नगर पालिका के टैंकर खड़े कर दिये थे।

किसी भी प्रत्याशी का खाना पीना स्वीकार न करें

बहजोई, अमृत विचार : नवीन पुलिस लाइन के ग्राउंड से रवाना होने के बाद पोलिंग पार्टियों का मतदान केंद्र पर पहुंचना प्रारंभ हो गया। देर शाम तक पोलिंग पार्टियों ने मतदान की तैयारी करनी शुरू की तो वहीं पोलिंग बूथ पर सुरक्षाकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात दिखे। पोलिंग पार्टी रवाना होने से पहले हिदायत दी गई थी कि किसी भी प्रत्याशी का खाना पीना स्वीकार न करें।

ड्यूटी व ईवीएम पत्र के लिए भटके कर्मचारी

बहजोई, अमृत विचार : नवीन मंडी ग्राउंड पर विस वार पंडाल लगाए गए थे। जिसको लेकर पहले तो मतदान कार्मिक अपनी विधानसभा के पंडाल को लेकर भटकते नजर आए। जब विधानसभा का उन्हें पंडाल मिल गया तो कोई ड्यूटी पत्र के लिए भटक रहा था तो कोई ईवीएम व वीवीपैट के लिए भटक रहा था। कोई अपने बूथ पर जाने के लिए वहां वाहनों के लिए इधर-उधर चक्कर काट रहा था।

संभल लोकसभा क्षेत्र में मतदाता

विधानसभा	पुरुष	महिला	अन्य	कुल मतदाता
संभल	200059	173589	37	373685
चंदौसी	209380	184131	36	393547
असमोली	203499	176507	25	380031
बिलारी	191085	167612	09	358706
कुंदरकी	208761	183459	13	392233

पहचान पत्र नहीं तो इन विकल्पों का करें प्रयोग

बहजोई,अमृत विचार : यदि फोटो पहचान पत्र नहीं है और न ही मतदाता पर्ची है तो निर्वाचन आयोग ने अन्य विकल्प भी मतदान करने के लिए जारी किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर द्वारा जारी की गई फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना की जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आईजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज, केंद्र एवं राज्य सरकार, लोक उपक्रम ,पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र मतदान के लिए मान्य होंगे।

● भीषण गर्मी में मतदान ड्यूटी को लेकर भटकते नजर आए मतदान कर्मी

संभल लोकसभा क्षेत्र में बूथों की संख्या

संभल	372
असमोली	388
चंदौसी	390
बिलारी	347
कुंदरकी	436

इतनी पोलिंग पार्टियां होंगी रवाना

विधानसभा	बूथ व पोलिंग पार्टी
संभल	372
चंदौसी	390
गुन्नौर	436
असमोली	388
बिलारी आंशिक	62
कुल संख्या	1648

12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 18.98 लाख मतदाता

कार्यालय संवाददाता, संभल

- प्रत्याशियों ने वोटरों को रिझाने के लिए की मेहनत, अब मतदाताओं की आई बारी
- मतदान बूथों पर सुरक्षा से लेकर निगरानी के इंतजाम

अमृत विचार : संभल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मंगलवार को 18 लाख 98 हजार 202 मतदाता वोट की आहुति देकर करेंगे। जिला प्रशासन ने शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास किए हैं तो सामाजिक संगठनों और स्कूल-कॉलेजों की ओर से भी मतदाताओं को जागरूक गया किया है। वहीं प्रत्याशियों ने भी मतदाताओं को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब मतदाताओं की बारी है और वह लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करके अच्छी सरकार और बेहतर जनप्रतिनिधि को चुनने का काम करेंगे।

लोकसभा क्षेत्र से राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय समेत 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रत्याशियों ने मतदाताओं से संपर्क करके उनके पक्ष में वोट देने की अपील की है तो मतदाताओं ने भी भरोसा दिलाया है। लोकसभा क्षेत्र के 18.98 लाख से अधिक मतदाताओं द्वारा मंगलवार को मतदान किया जाना है।इस बीच प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं।

सभी का प्रयास रहेगा अधिक से अधिक संख्या में मतदाता घरों से निकलकर मतदान करें।

प्रत्याशियों पर एक नजर

प्रत्याशी का नाम	दल का नाम
जियाउर्रहमान बर्क	सपा
परमेश्वर लाल सैनी	भाजपा
चौधरी सौलत अली	बसपा
जयगमुल इस्लाम	जनता शासन पार्टी
पवन कुमार	लोग पार्टी
डॉ. रशीद अली	पीस पार्टी
संतोष	किसान क्रांति दल
अनुज वार्ष्णेय	निर्दलीय
तौसीफ अहमद	निर्दलीय
महेंद्र सिंह	निर्दलीय
मोहम्मद वसीम	निर्दलीय
वसीम	निर्दलीय

संभल में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए मतदान केंद्रों को खास तरीके से सजाया गया है। संभल के शंकर कालेज में पिंक मतदान केंद्र के मुख्य द्वार पर सजावट करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

जिला प्रशासन की अपील: लोकतंत्र के महापर्व पर बेखौफ होकर दें वोट

संवाददाता,बहजोई/संभल

अमृत विचार: जनपद में लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। वहीं जिले के आला अधिकारियों ने जनपद के मतदाताओं से अपील की है कि वह अपने मत का खुलकर प्रयोग करें, शत प्रतिशत मतदान करें। मतदान को लेकर किसी को डरने की जरूरत नहीं है। लोकतंत्र के पर्व में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मतदान राष्ट्र के प्रति अपना फर्ज निभाने का महापर्व है।

मतदान के दिन रहेंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। इसके लिए अर्धसैनिक बल व पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। जनपद की चारों विधानसभा में मतदान के दौरान सभी बूथों पर ऐसी व्यवस्था की गई है जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या न आए। मतदान कर सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

- मनीष बंसल, जिला निर्वाचन अधिकारी।

मतदान को लेकर डरने की जरूरत नहीं

वह जनपद के सभी मतदाताओं से अपील करते हैं कि वह बेखौफ होकर लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। बूथों से लेकर सड़कों तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मताधिकार को लेकर किसी को डरने की कोई जरूरत नहीं है। बेख़ौफ़ होकर मतदान करें। अपने आसपास के लोगों से भी मतदान करने की अपील करें।

- कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी

अधिक मतदान कर तोड़ें रिकॉर्ड

इस बार सभी महिला व पुरुष मतदाता घरों से निकलकर शत प्रतिशत मतदान करें। इस बार हमने यह ठान लेना है कि पिछले चुनाव से अधिक प्रतिशत में मतदान करें। मतदाता इतने वोट बरसाएं कि पिछले सभी चुनाव का रिकॉर्ड टूट जाएं। लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। राष्ट्र के प्रति अपना फर्ज निभाएं।

- प्रदीप वर्मा, एडीएम

अर्धसैनिक बलों की 17 कंपनी व पुलिसकर्मी तैनात

बहजोई,अमृत विचार: अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि जिले में चुनाव कराने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बल की 17 कंपनी तैनात होंगी। जिन्हें पहले से ही जिले के अलग-अलग स्थान पर ठहराया गया है। इसके अलावा दो प्लाटून पीएसी के साथ-साथ सीआईएफ स्ट्रांग रूम और अन्य स्थानों पर सुरक्षा करेगी। बाहर से करीब 3500 पुलिसकर्मी चुनाव कराने के लिए ड्यूटी पर आए हैं, जिन्हें ब्रीफ किया जा चुका है। जिले के तकरीबन 1500 पुलिसकर्मियों को पहले से ही दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी को अपनी ड्यूटी स्थान पर तैनात रहते हुए निष्पक्ष दिखाने निष्पक्षता के साथ कार्य करना है इसके निर्देश दे दिए गए हैं।

सुरक्षा को लेकर 17 जोन व 152 सेक्टर में बांटा जिला

संवाददाता,बहजोई/संभल

अमृत विचार: संभल जिले में लोकसभा चुनाव का मतदान शांति से संपन्न कराए जाने को लेकर सुरक्षा के जहां व्यापक इंतजाम किए गए हैं तो वहीं पूरे जिले को 17 जोन में विभाजित किया गया है। इसके साथ ही 152 सेक्टर बनाए गए हैं। जिन पर अनुभवी अधिकारियों को जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। यह सभी मतदान प्रारंभ होने से पहले ही सक्रिय हो जाएंगे और ईवीएम जमा करने तक उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को इन्हें कड़े निर्देश दिए।

824 बूथों पर होगी वेब कास्टिंग की व्यवस्था

बहजोई, अमृत विचार : एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर क्रिटिकल बर्नेबल बूथ चिन्हित किए गए हैं जिन पर वीडियोग्राफी की जाएगी। वहीं बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। 1648 बूथों में से 824 ऐसे बूथ हैं जिन पर वेव कास्टिंग की जाएगी। जिसकी लाइव कवरेज की जाएगी। इसके लिए भी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

छात्र-छात्राओं को दिलाई मतदान कराने की शपथ

संभल, अमृत विचार : श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान हल्लू सराय में छात्र छात्राओं को मतदान कराने की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य विकास कुमार वर्मा ने बच्चों को शपथ दिलाते हुए कहा कि ऐसे नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि हमें एक मजबूत और सशक्त सरकार मिल सके। मतदान करने से हमारा लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा।

सार-संक्षेप

गर्मी के तेवर देख प्रत्याशी व जिला प्रशासन भी टेंशन में

संभल, अमृत विचार : भले ही लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए हैं लेकिन गर्मी के तेवर देखकर प्रत्याशियों के साथ-साथ जिला प्रशासन भी चिंतित है। सोमवार को जहां अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस रहा तो मंगलवार को भी भीषण गर्मी के आसार लग रहे हैं। अगर गर्मी तेज रही तो मतदाता किस तरह घरों से निकलकर मतदान करने पहुंचेंगे, इसे लेकर चिंता है।

संभल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशियों ने पसीना बहाकर मतदाताओं से वोट देने की अपील की तो जिला प्रशासन ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए लेकिन मौसम का मिजाज बेहद गर्म है। सोमवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप रही तो दोपहर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कहीं तेज गर्मी की वजह से मतदाता घरों से निकलकर मतदान बूथों तक नहीं पहुंचे तो मतदान प्रतिशत कम रह जाएगा, इस आशंका सेअधिकारियों व प्रत्याशी भी परेशान हैं। बहरहाल, तेवर दिखा रही गर्मी ने चिंता में डाल दिया है।

स्कूल के बाहर मतदाताओं को जागरूक करते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक

चन्दौसी, अमृत विचार : सोमवार को सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति से बसंत शंकर, दिवाकर गुप्ता, भुवनेश सर्राफ, आलोक गोयल, प्रधानाचार्य कपिल दीप व एडमिनिस्ट्रेटर शोभित राघव ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यालय के आस-पास के क्षेत्र में रैली के माध्यम से भ्रमण कर सभी महिलाओं एवं पुरुषों से आगामी चुनावी महापर्व में शामिल होकर मतदान करने की अपील की। साथ ही पहले मतदान फिर जलपान के नारे भी लगाए।

मतदान केंद्र बदले जाने से नाराज ग्रामीण धरने पर बैठे

असमोली/मनोटा, अमृत विचार : असमोली विकासखंड क्षेत्र के ईसापुर मुंड गांव का मतदान केंद्र बदले जाने से नाराज ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार का एलान कर धरना शुरु कर दिया है। सोमवार को चुनाव का बहिष्कार करते हुए धरने पर बैठे गांव निवासी प्रदीप कुमार त्यागी, ओंकार सिंह, मोहित, जगदीश, ललित कुमार आदि ने बताया कि लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए मतदान केंद्र गांव सतूपुरा में बनाया जाता था। जबकि इस बार अलिया कल्याणपुर कर दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को मतदान केंद्र तक जाने में पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। जबकि गांव सतूपुरा तक मतदान करने जाने के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

गुन्नौर क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, सघन चेकिंग

गुन्नौर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को बदायूं संसदीय क्षेत्र की गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भी मतदान होगा। ऐसे में जिले की तमाम सीमाओं को सोमवार शाम से ही छावनी में तब्दील कर दिया गया। सीमा पर बैरिकेडिंग करने के अलावा संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने पैदल मार्च किया।

एसडीएम रमेश बाबू ने बताया कि सीमा पर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। स्थानीय पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया है। पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने इलाके के संदिग्ध और घोषित बदमाशों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र में बदायूं जनपद के वैरपुर बॉर्डर, बुलंदशहर के बॉर्डर टी प्वाइंट और नरौरा बैराज पर चौकसी बढ़ा दी गई है। यहां स्पेशल पिकेट के अलावा नाइट पिकेट लगाने के आदेश दिए गए हैं। मंगलवार को मतदान खत्म होने तक इसी तरह के इंतजाम रहेंगे।

चुनाव जागरूक लोग मतदाताओं से वोट देने की जिम्मेदारी निभाने की कर रहे अपील

लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए घरों से निकलकर करें मतदान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : लोकतंत्र के महापर्व में 7 मई यानी मंगलवार को अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार रहें क्योंकि मतदान करके ही अच्छी सरकार और जनप्रतिनिधि को चुन सकेंगे। मतदान सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए सारे जरूरी काम छोड़कर घरों से निकलकर मतदान जरूर किया जाए। अमृत विचार ने जिलेभर के जागरूक लोगों से बातचीत की उन्होंने न सिर्फ लोकतंत्र के महापर्व में वोट का महत्व बताया बल्कि मतदाताओं को भी जागरूक रहकर मतदान करने की अपील की। कहा कि मतदान के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। संविधान में जो अधिकार मिला है तो लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा जरूर लिया जाए।

लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करना बेहद जरूरी है। हमारी अपील है कि लोग घरों से कहीं घूमने के लिए न जाएं बल्कि यहां रहकर मतदान जरूर करें। संभल के विकास के लिए मतदान किया जाए।

-अवधेश वार्ष्णेय, अध्यक्ष केमिस्ट एसोसिएशन



लोकतंत्र के महापर्व में वोटों की आहुतियां देकर लोकतंत्र को मजबूत करें। घरों से निकलकर अधिक से अधिक मतदान किया जाए। लोग मतदान को निकलेंगे तभी मजबूत लोकतंत्र बनेगा।

-सतीश चंद्र वार्ष्णेय, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंडल बहजोई

मतदान को लेकर हरेक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मतदान करना बेहद जरूरी है और इसके लिए हरेक व्यक्ति को कदम उठाने चाहिए। सारे काम छोड़कर मतदान किया जाए।

-नरेंद्र कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल

अच्छी और मजबूत सरकार बनाने के लिए केवल एक दिन ही घरों से निकलकर शत प्रतिशत मतदान किया जाए। अपील करते हैं कि सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

-डॉ. नितिन गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ

पहले मतदान बाद में जलपान, इस नारे के साथ भारत के लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए मतदान किया जाए। संभल में मतदान कर ऐसा रिकार्ड बनाएं जिसकी चर्चा हो। अपनी जिम्मेदारी को निभायें।

-हाजी एहतेशाम अहमद, विस अध्यक्ष संभल अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल



लोकतंत्र में मतदान का महत्व है। संविधान में हमें मतदान का अधिकार मिला है। अपील है कि वह मतदान के इस उत्सव में जरूर हिस्सा लें। खुद मतदान करें, दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

-रोहिताश कुमार, बबराला

मतदान एक सशक्त और समृद्ध लोकतंत्र का परिचायक है। हम सब देश की उन्नति एवं विकास में भागीदार बनें और इसके लिए बढ़ चढ़कर मतदान करें। अपनी उंगली पर मतदान का टीका लगाया जाए।

-सम्भव जैन, निदेशक बीएमबीएल जैन कॉलेज

आपका एक वोट सशक्त भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसलिए सभी मतदाताओं से मेरा अनुरोध है कि संविधान द्वारा मिले इस अधिकार का उपयोग अवश्य करें। सारे काम छोड़कर मतदान करें।

-राकेश कुमार, बबराला

एक नजर

पुलिस 14 लोगों पर की शांतिभंग की कार्रवाई

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए 14 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। सभी को एसडीएम की न्यायालय में पेश किया गया है। पूर्व में चुनाव के समय माहौल बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। सोमवार को पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्लों से 14 लोगों को हिरासत में लिया। जिसके विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि जिन लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। अगर वह चुनाव में गड़बड़ी व माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार घायल

बबराला, अमृत विचार : मुख्य बाजार में दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार घायल हो गया। नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी योगेश यादव पुत्र जनसेवा केंद्र संचालक है। सोमवार रात करीब 8.30 बजे जनसेवा केंद्र बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। मुख्य बाजार रेलवे रोड पर अक्रूर मार्ग से अचानक आई अपाचे बाइक ने योगेश की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर कर घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अपाचे बाइक पर सवार अर्जुन सुरक्षित है।

सीआईएससीई का परीक्षा परिणाम घोषित, सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

इंटर में शौर्य सिंह व हाईस्कूल में हर्ष मित्तल ने किया स्कूल टॉप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: सीआईएससीई ने सोमवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित कर दिया। शहर के सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में इंटरमीडिएट में शौर्य ने 95.25 प्रतिशत व हाईस्कूल में हर्ष मित्तल ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया है। परीक्षाफल घोषित होने पर छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचे और खुशी से उछल पड़े। एक-दूसरे को बधाई दी। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य ने टापर्स बच्चों को मिष्ठान खिलाकर खुशी मनाई।

शहर में सीआईएससीई का एक मात्र विद्यालय सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल है। सोमवार को घोषित परीक्षा परिणाम में हाईस्कूल के हर्ष मित्तल 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान, रिद्धि अग्रवाल ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान, तानिया शर्मा ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में शौर्य सिंह ने 95.25 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, सिद्धार्थ शर्मा व यश प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से 93.75 अंक प्राप्त कर दूसरा व भुवि अग्रवाल व हर्ष देव ने संयुक्त रूप से 93 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य सिस्टर जैसलीन व उप प्रधानाचार्य सिस्टर जैस्सी ने टापर्स को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई व बच्चों को शुभकामनाएं दी।

सेक्रेड हार्ट कांवेन्ट स्कूल में रिजल्ट घोषित होने पर खुशी मनाते होनहार।

हर्ष का सपना इंजीनियर बनने का

चन्दौसी, अमृत विचार : सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में हाईस्कूल के विद्यालय टॉपर हर्ष मित्तल ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता अमित गुप्ता बिजनेस करते हैं और शक्ति नगर में रहते हैं। हर्ष इंजीनियर बनना चाहते हैं। वह बताते है कि वह प्रतिदिन 5 से 6 घंटे ही पढ़ाई करते हैं। घर में उनके पिता ही उनका ज्यादा ध्यान रखते हैं। उन्हें बैडमिंडन खेलना पसंद हैं। वह बताते हैं कि सफलता के लिए संघर्ष करना पड़ता है। अपने मन को पढ़ाई की ओर लगाना पड़ता है। क्योंकि आजकल कंप्टीशन का जमाना है। इसलिए हाईस्कूल में अच्छे अंक लाना बहुत जरूरी था। उनकी सफलता से परिवार के सदस्य खुश हैं।

हाईस्कूल टॉप थ्री



1 प्रतिशत-96.6% नाम-हर्ष मित्तल
2 प्रतिशत-96.2% नाम-रिद्धि अग्रवाल
3 प्रतिशत-95.6% नाम-तानिया शर्मा

इंटरमीडिएट टॉप थ्री

1 प्रतिशत-95.25% नाम-शौर्य सिंह
2 प्रतिशत-93.75% नाम-सिद्धार्थ शर्मा
2 प्रतिशत-93.75% नाम-यश प्रताप सिंह



3 प्रतिशत-93.00% नाम-भुवि अग्रवाल
3 प्रतिशत-93.00% नाम-हर्ष देव



भविष्य वर्मा-90% रुसदा फराज-86% मुनीर हसन-88%

चिकित्सक बनना चाहता है टॉपर शौर्य

चन्दौसी, अमृत विचार : सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल के इंटरमीडिएट के स्कूल टॉपर शौर्य सिंह भविष्य में चिकित्सक बनना चाहते हैं। उनके पिता कुंवर पाल सिंह विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं। वह बताते हैं कि प्रतिदिन 6 से 7 घंटे ही पढ़ाई करते थे। जितनी देर भी पढ़ते हैं, मन व लगन के साथ पढ़ते थे। जिससे उन्हें परीक्षा के दौरान कोई परेशानी नहीं हुई और सभी प्रश्नों के उत्तर हल कर दिए। उन्हें कंप्यूटर गेम्स खेलना पसंद हैं। बताते है कि उन्होंने नीट की परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

10वीं के भविष्य वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक लेकर किया टॉप

संभल, अमृत विचार : सीआईएससीई ने सोमवार को 10वीं का परीक्षा फल घोषित कर दिया। जिसे देखकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मेधावियों ने अपने-अपने तरीके से अच्छे परीक्षाफल को लेकर खुशी मनाई। संभल के होली सुफ्फाह पब्लिक स्कूल के भविष्य शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। सीआईएससीई के तहत 10वीं की परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओं को परीक्षाफल का इंतजार था।

सोमवार को जैसे ही परीक्षाफल घोषित हुआ तो मेधावियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। संभल के होली सुफ्फाह पब्लिक स्कूल के भविष्य वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने स्कूल टॉप किया। मुनीर हसन ने 88 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और रुश्दा फराज ने 86 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुब्रत नाग और चेयरमैन सलमान रागिब ने छात्र छात्राओं को बधाई दी।

सार-संक्षेप

शिविर में शुगर की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

शिविर में रोगियों की शुगर की हुई जांच

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर की ओर से आजाद रोड स्थित बीएस हॉस्पिटल में सोमवार को एक शुगर चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों का शुगर टेस्ट किया गया। मरीजों को खाने पीने की सही जानकारी देते हुए चिकित्सक ने बताया कि हमें समय-समय पर शुगर टेस्ट करते रहना चाहिए। शिविर में 50 लोगों ने शुगर टेस्ट कराया। इस मौके पर स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा, शिखा शर्मा, शोभा शर्मा, सीमा अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल, शीनू शर्मा, विमलेश सैनी मौजूद रहीं।

शिव मंदिर के बाहर जलभराव से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

जलनिगम की लीकेज से जल भराव से दिक्कत

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर में जहां एक ओर नगर पालिका की ओर से सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं जलनिगम की लीकेज मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जिससे सड़कों में गड्ढे खोद कर जलनिगम के कर्मचारी लीकेज ठीक करने में जुटे हुए हैं। लीकेज से सड़कों पर जलभराव से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलनिगम के कर्मचारियों ने सीता रोड स्थित मूछों वाले शिव मंदिर के बाहर सड़क किनारे लीकेज मरम्मत के लिए तीन दिन पहले गड्ढा खोदा था लेकिन लीकेज सही नहीं हुई। जिससे आलम ये है कि सुबह और शाम के समय प्रेशर आने पर सड़क पर जलभराव हो जाता है। जिससे लोगों को जलभराव से होकर गुजरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मतदाताओं के लिए बनाया गया सेल्फी प्वाइंट। ● अमृत विचार

वोट डाल कर सेल्फी भेजें, मिलेगा पुरस्कार

चन्दौसी, अमृत विचार : लोकसभा संभल में चुनाव तीसरे चरण में सात मई दिन मंगलवार को होगा। भीषण गर्मी का प्रकोप भी जारी है। ऐसे में शत प्रतिशत मतदान के लिए जहां प्रशासन समेत विभिन्न संगठन लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं अधिक से अधिक मतदान के लिए चौधरी प्रेमशंकर स्मृति ट्रस्ट चन्दौसी के अध्यक्ष और अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने नई पहल की है। उन्होंने कैथल गेट स्थित अपने आवास पर वोटर सेल्फी प्वाइंट बनाया है। जिसमें मतदाता अपना वोट डाल कर इंक लगी अंगुली के साथ सेल्फी खींच कर चौधरी विवेक कुमार के वाट्सएप नंबर 8630362448 या वोटर सेल्फी ग्रुप पर भेजेंगे। जिसका लकी ड्रा निकाला जाएगा। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। विवेक कुमार ने बताया कि प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार के अलावा 11 सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

वाहन की टक्कर से छह वर्षीय बच्चे की मौत

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र में घर से खेत पर जा रहे छह वर्षीय बच्चे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर अजमत नगर निवासी लालू का छह वर्षीय बेटा विशाल सोमवार को घर से खेत पर जा रहा था। जैसे ही वह आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर महावा पुल के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। चालक अज्ञात वाहन को लेकर भाग गया। आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

दबिश को गए चौकी इंचार्ज व पुलिस टीम से मारपीट

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जेल से छूटे अपराधियों के घर सत्यापन करने गई थी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार की रात एक बजे लक्ष्मण गंज चौकी इंचार्ज टीम के साथ क्षेत्र में अभियुक्तों के घर-घर जाकर सत्यापन व तलाशी ले रही थी। इसी बीच लक्ष्मण गंज में जेल से छूट कर आए दो भाइयों के घर दबिश देने पर पुलिस को लेने के देने पड़ गए। गाली-गलौज करते हुए पुलिस टीम के साथ मारपीट की। जिसमें चौकी इंचार्ज घायल हो गए और मौके की नजाकत को देख वापस लौट आए। चौकी इंचार्ज की ओर से चार महिलाओं सहित 12 लोगों के खिलाफ बलवा व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो भाईयों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

रविवार की रात लक्ष्मण गंज चौकी इंचार्ज सचिन भाटी तीन सिपाही तेज सिंह, हरपाल व अतुल बाना के साथ क्षेत्र में संदिग्ध वाहन, हिस्ट्री शीटर, गोकसी, चोरी व लूट आदि के अभियुक्तों के घर सत्यापन व तलाशी अभियान चला रहे थे। रात एक बजे पुलिस टीम कुछ दिन पहले जेल से छूटकर आए लक्ष्मणगंज निवासी मोहसिन व मोइन पुत्र शमशाद उर्फ पप्पा के घर पहुंची। जब दरवाजा खोला तो पुलिस को देख परिवार के लोग भड़क गए और गाली-गलौज व अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने लगे। पुलिस टीम ने जब विरोध किया तो घर की महिलाएं भी बाहर आ गई और पुलिस के साथ भिड़ गईं। कुछ ही देर में घर के सभी लोगों ने पुलिस टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस स्वयं को घिरा देख चुपचाप लौट गई। मारपीट की घटना में चौकी इंचार्ज सचिन भाटी घायल हो गए। आरोपियों ने पुलिस को फंसाने के प्रयास में स्वयं को ईट से घायल कर दिया व घर की लड़कियों ने स्वयं ही कपड़े फाड़ लिए। पुलिस के जाने के बाद आरोपियों ने घर के दरवाजे बंद कर लिए। इसके बाद घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। कुछ देर बाद ज्यादा संख्या पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और जेल से छूटे मोहसिन व मोईन को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। जबकि अन्य आरोपी फरार मिले। चौकी इंचार्ज का उपचार सीएचसी में कराया गया। उनकी तहरीर के आधार पर मोहसिन व मोईन, शमशाद उर्फ पप्पा, शमशाद के भाई, शमशाद की पत्नी, तीन लड़कियां तथा तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने गिरफ्तार मोहसिन व मोईन को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

सीएचसी में अपना मेडिकल कराते लक्ष्मण गंज चौकी इंचार्ज। ● अमृत विचार

- रविवार रात एक बजे लक्ष्मण गंज में घटना से मची अफरा-तफरी
- पुलिस ने दो आरोपी भाइयों को दबोचा, अन्य की तलाश जारी

> लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस टीम अपना कार्य कर रही थी। मगर अभियुक्तों ने अपने परिवार के साथ मिलकर पुलिस टीम के साथ मारपीट की। जिस पर 12 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।
>
> **-अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

आरोपियों ने स्वयं को ईंटे से किया घायल, लड़कियों ने कपड़े फाड़े

चन्दौसी, अमृत विचार : लक्ष्मण गंज में जब अभियुक्त अपने परिजनों के साथ पुलिस टीम के साथ मारपीट कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने पुलिस के सामने ही स्वयं को ईटें मारकर घायल कर दिया। वहीं घर की लड़कियों से अपने कपड़े फाड़ने की बात कही। जिस पर लड़कियों ने स्वयं ही अपने कपड़े फाड़ लिए। चौकी प्रभारी सचिन भाटी ने बताया कि उक्त घटना का पुलिस ने मोबाइल से वीडिया बना लिया है। ताकि उक्त लोग पुलिस को फंसा न सकें। पुलिस टीम तो केवल सत्यापन व तलाशी लेने के उद्देश्य से गई थी। मगर उक्त लोगों ने पुलिस पर ही हमला कर दिया।

दूसरे दिन भी नहीं लगा लापता युवक का सुराग

चन्दौसी, अमृत विचार: कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नगला पूर्वा में ससुराल आये युवक का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका। जबकि उसकी बाइक व कपड़े पुलिस ने रविवार को गांव से कुछ दूरी पर बरामद किए थे। परिजनों ने बताया कि युवक का डिप्रेशन का उपचार चल रहा है। फिलहाल पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

बहजोई थाना के गांव मिर्जापुर निवासी आरिफ 28 वर्ष पुत्र नसरुद्दीन शुक्रवार को अपनी ससुराल गांव नगला पूर्वा थाना कुढ़फतेहगढ़ अपनी पत्नी अफसाना को लेने आया था। पत्नी ने पति के साथ जाने से इंकार कर दिया तो युवक शनिवार की शाम पांच बजे बाइक से अपने घर जाने को ससुराल से निकला था। रविवार की सुबह आठ बजे गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर आरिल नदी के पास युवक की बाइक, कपड़े, मोबाइल व जूते पड़े मिले। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

गल्ला व दलहन व्यापारियों ने समस्याओं पर किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: गल्ला एवं दलहन व्यापारियों के संगठन चन्दौसी व्यापार संघ की बैठक सोमवार को सीता आश्रम स्थित बिंदल फॉर्म के सभागार मे संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर मंथन किया गया। समाज के लिए शव रेफ्रिजरेटर निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता गोविंद गर्ग ने की और संचालन मंत्री नेत्रपाल गुप्ता ने किया।

बैठक में कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने गत वर्ष का आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसे सभी सदस्यों की ओर से स्वीकृत किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की समाज की जरूरत को देखते हुए एक शव रेफ्रिजरेटर बनवा कर समाज को निशुल्क उपलब्ध कराया जाए। बैठक में व्यापारियों ने अन्य समस्याओं को लेकर भी चर्चा की और समस्याओं के निस्तारण पर जोर दिया।

संघ के मीडिया प्रभारी ने सभी सदस्यों को लोकसभा चुनाव में अपना और अपने परिवार का शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गयी। सभी सदस्यों ने हाथ उठा कर शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। सदस्यों ने नगर के बाहर कार्यरत अपने परिवार के सदस्यों को बुला कर मतदान कराने की बात भी कही। इस अवसर पर संरक्षक सुभाष चौधरी, हरी गोपाल वार्ष्णेय, वीरेंद्र गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय, विवेक अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विपिन गुप्ता, सुविज्ञ अग्रवाल, शरद अरोरा, सौरभ वार्ष्णेय, आदेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, संजय गर्ग, विक्रम वार्ष्णेय, नीरज अरोरा, रत्न अग्रवाल आदि रहे।

बैठक में उपस्थित व्यापारी। ● अमृत विचार

- सीता आश्रम स्थित बैंक्वेट हॉल में चन्दौसी व्यापार संघ की बैठक हुई

चुनाव आयोग के निर्देश पर दिया नोटिस, शिवपाल ने छोड़ा बदायूं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव हैं बदायूं लोकसभा प्रत्याशी

अमृत विचार : मंगलवार सुबह सात बजे से मतदान होगा। चुनाव आयोग के आदेशानुसार प्रशासन ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव व जसवंतनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव को नोटिस दिया। नोटिस जारी होने के बाद शिवपाल सिंह बदायूं छोड़कर चले गए हैं।

एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि 5 मई की शाम को लोकसभा के लिए चुनाव प्रचार थम चुका है। नियमानुसार कोई बाहरी व्यक्ति चुनाव से 48 घंटे पहले और चुनाव प्रचार के बाद जिले में नहीं रह सकता। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव बदायूं लोकसभा से न तो प्रत्याशी हैं और न ही मतदाता। वह पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर रह रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पुलिस द्वारा शिवपाल सिंह यादव को नोटिस दिया गया है कि वह जिले से चले जाएं। नोटिस के बाद शिवपाल सिंह यादव बदायूं छोड़कर चले गए हैं। मतदान के दिन उनकी जिले में नो एंट्री रहेगी।

चलती कार बनी आग का गोला, मची अफरातफरी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नौगांवा अमरोहा रोड पर चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। चालक ने कार से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। बाद में बमुश्किल आग पर काबू पाया गया।

मामला नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के अमरोहा नौगांवा रोड का है। सोमवार रात को यहां से चालक अपनी कार लेकर नौगांवा से अमरोहा की ओर आ रहा था, जैसे ही वह कार से पंजतनी गेट पर पहुंचे, तभी कार में अचानक आग लग गई। चलती आग एकदम आग का गोला बन गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। हालांकि जब तक आग पर काबू पाया तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आग लगने के बाद चालक ने किसी तरह से कार से कूद कर जान बचाई। कार में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका।

जलती कार। ● अमृत विचार

गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार छह गए जेल, एक फरार

संभल, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी अफरोज, असद व अफजल और कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बड़ी लाडम सराय निवासी इशरत, फैजान, इमरान व शाहरुख के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। रविवार को पुलिस ने गैंग लीडर अफरोज व इसके साथी असद, अफजल, इशरत, फैजान, इमरान को गिरफ्तार किया था। सोमवार को पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर अफरोज, असद, इशरत, फैजान व इमरान का चालान कर दिया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि गैंग लीडर अफरोज अपने साथियों के साथ चोरी की बाइकों व कारों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने का काम करता था।

ट्रैक्टर से जोत दी बाजरा की फसल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र में दबंगों ने किसान के खेत में बाजरा की खड़ी फसल को जोत दिया। इतना ही नहीं, खेत में बनी झोपड़ी में आग लगा दी। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव दिनौरा निवासी सीताराम ने थाने में तहरीर देकर कहा कि गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने खेत में खड़ी बाजरा की फसल को ट्रैक्टर चलाकर जोत दिया। खेत में बनी झोपड़ी में भी आग लगा दी। जिससे झोपड़ी में रखी चारपाई, रजाई, गद्दे तथा अन्य सामान जलकर राख हो गया। लोग खेत की मेड़ के किनारे लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ भी उखाड़ ले गए। पीड़ित सीताराम ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। उपनिरीक्षक कपिल कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

झोपड़ीनुमा घर में लगी आग, 40 हजार की नकदी और सामान जला

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में झोपड़ीनुमा घर में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई लेकिन तब तक 40 हजार की नकदी और सामान लग गया। थाना क्षेत्र के गांव पानीबाड़ा निवासी सोमवती देवी पत्नी रामेश्वर का गांव के बाहर झोपड़ीनुमा घर है। सोमवार को घर में अचानक आग लग गई। शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित सोमवती देवी ने बताया कि घर में रखे 40 हजार रुपये, गेहूं, कपड़े, रजाई, गद्दा और खाने पीने का सामान जलकर राख हो गया। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

- झोपड़ी में लगाई आग, किसान ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम SUNJEEDA MASROOR से बदलकर SANJIDA BEGAM पत्नी मसरूर अहमद खां निवासी मुहल्ला नालापार कूंचा सोदागरान रामपुर उप्र, रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम ABDUL ALIM से बदलकर ABDUL ALEEM S/O MOHD YAMEEN मौहल्ला टनडोला टांडा रामपुर रख लिया अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम MOHAMMAD HANIF से बदलकर MOHAMMAD HANEEF रख लिया है। मौहम्मद हनीफ़ पुत्र श्री MAJHAR HUSSAIN निवासी मौहल्ला तशतपुर मियाँ सराय संभल।

सूचना

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 55/2023
श्री पवन
बनाम
श्री मयंक अग्रवाल
पुत्र उमेश अग्रवाल निवासी ग्राम प्रीतमपुर पो0 पिदारथु सिंकरा कानपुर देहात जिला कानपुर-209715

श्री पवन ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 06.06.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

सूचना

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 54/2023
श्री विवेक
बनाम
श्री मयंक अग्रवाल
पुत्र उमेश अग्रवाल निवासी ग्राम प्रीतमपुर पो0 पिदारथु सिंकरा कानपुर देहात जिला कानपुर-209715

श्री विवेक ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 06.06.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

धर्म दर्शन

सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय राम का संपूर्ण जीवन

सबमें राम सबके राम समरसता के सबसे बड़े प्रतीक हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम। उनका जीवन मर्यादा, सामंजस्य और समरसता का पर्याय है। इसीलिए वे न केवल भारतीय समाज के लिए, बल्कि विश्व समुदाय के लिए आदर्श हैं। वनवासी राम का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। छोटे और बड़े के बीच, उच्च और निम्न जातियों के बीच वे कैसा व्यवहार उचित समझते थे, इसका दर्शन केवट और शबरी प्रसंग में किया जा सकता है।

केवल श्रीराम को देख अत्यंत प्रेम पूर्वक दंडवत करता है तो श्रीराम उसे अत्यंत स्नेहपूर्वक अपने पास बैठाकर उसकी कुशल क्षेम पूछते हैं- करि दंडवत भेंट धरि आगे, प्रभुहिं बिलोकत अति अनुरागे। सहज सनेह बिबस रघुराई, पूंखी कुसल निकट बैठाई। शबरी द्वारा प्रदत्त जंगली फल और कंदमूल श्रीराम बड़े प्रेमपूर्वक ग्रहण करते हैं। शबरी जब कहती है कि हे राम! आपका दर्शन तो मेरे गुरुदेव को भी नहीं हुआ, मेरी तो औकात ही क्या है? मैं तो नीच जाति में उत्पन्न हुई एक गंवार स्त्री हूं। प्रत्युत्तर में राम कहते हैं कि "मेरी भक्ति में न पुरुष-स्त्री का भेद कारण है, न जाति, न नाम और न आश्रम। भक्ति की भावना ही मेरी भक्ति में कारण है।" केवल भक्ति की न्यूनता अधिकता ही किसी को छोटा बड़ा बनाती है, जाति नहीं-अद्यम ते अद्यम अद्यम अति नारी, तिन्ह मंद मैं मतिमंद अधारी। कह रघुपति सुनु भामिनी बाता, मानहुं एक भगति कर नाता। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

राम राजपुत्र थे, उच्च वर्ण में जन्मे थे, किंतु समाज में हीन और निम्न कहे जाने वाले समुदाय के लोग उनके सर्वाधिक प्रिय पात्र रहे। राम की इस विलक्षणता को बताते हुए तुलसीदास विनयपत्रिका में कहते हैं, हे राम! आपकी यही तो बड़ाई है कि आप गण्य-मान्यों, धनिकों की अपेक्षा गरीबों को अधिक आदर देते हैं। "रघुवर रावरि यहै बड़ाई। निदरि गनी आदर गरीब पर,करत कृपा अधिकाई।।" राम इसलिए सबसे बड़े हैं कि वे सर्वाधिक चिंता छोटे और निचले स्तर के लोगों की करते हैं। वे सबल की अपेक्षा निर्बल का, बड़े की अपेक्षा छोटे का, ऊंचे की अपेक्षा नीचे का, अमीर की अपेक्षा गरीब का पक्ष लेते हैं। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। अहिल्या शापित और उपेक्षित स्त्री थी। सामाजिक उपेक्षाओं और तिरस्कारों के कारण वह पथरा गई थी। राम उसकी भी सुध लेते हैं। समरसता के अग्रेसर राम जाति, वर्ण, लिंग आदि का भी कोई भेदभाव नहीं रखते। जिस "थर्ड जेंडर" पर ध्यान केंद्रित किए जाने को आज मानवाधिकारों की पहल और प्रेरणा बताया जाता है, तुलसी के राम अपनी भक्ति के लिए स्त्री-पुरुष के साथ इस वर्ग को भी याद रखते हैं। पुरुष नपुंसक नारि वा जीव चराचर कोइ। सर्ब भाव भज कपट तजि मोहि परम प्रिय सोइ।।/ भगतिवंत अति नीचहुं प्रानी।/मोहि प्रानप्रिय असि मम बानी।। अर्थात् अत्यधिक नीच भी यदि कोई भक्त है तो वह मुझे प्राणों से भी प्रिय है।"

अन्न के स्वामी अग्निदेव

यज्ञरूपी सत्कर्म के प्रेरक अग्निदेव के निमित्त यह आहुति समर्पित करते हैं। मन और बुद्धि को प्रेरणा प्रदान करने वाले अग्निदेव को यह आहुति देते हैं। चित्त और विशिष्ट ज्ञान को प्रेरित करने वाले अग्निदेव को यह आहुति प्रदान करते हैं। वाणी और विशिष्ट विद्याओं के प्रेरक अग्निदेव को यह आहुति प्रदान कर देते हैं। मन्वंतर-प्रवर्तक, प्रजापालक मनुरूप अग्निदेव के निमित्त यह आहुति प्रदान करते हैं। संसार के कल्याणकारी अग्निदेव के निमित्त यह आहुति देते हैं। सभी मनुष्य इस जगत का संचालन करने वाले परमेश्वर की मित्रता को स्वीकार करें। दिव्यज्ञान एवं सांसारिक वैभव की कामना से उस परमपिता की तेजस्विता को धारण करें, उसके लिए हमारी यह आहुति समर्पित है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे सामर्थ्यवान अग्निदेव! जो भी समिधाएं आपके निमित्त समर्पित की जाएं, वह सभी आपको घृताहुति के समान ही परम प्रिय हों। उन सभी को प्रसन्नता के साथ ग्रहण करें। घुन जिस काष्ठ को चट कर जाता है, दीमक जिस काष्ठ को खा जाती है, ऐसी काष्ठ की समिधाएं भी आपको घृतवत प्रिय हों, उनका भी आप प्रेमपूर्वक सेवन करें। पृथ्वी की नाभि के समान यज्ञकुंड में प्रदीप्त होने की स्थिति में हविष्यान्न से संतुष्टि प्राप्त करने वाले अति प्रशंसनीय यज्ञाग्नि का हम आवाहन करते हैं। शत्रुओं का तिरस्कार कर युद्ध में विजय प्राप्त करने वाले अग्निदेव से हम महान धन, ऐश्वर्य प्राप्ति की कामना करते हैं। आपके प्रभाव से हमारा और जिसके हम पुरोहित हैं, उस यजमान का प्रशंसनीय ब्रह्म ज्ञान, प्रशंसनीय तेजस्विता तथा प्रशंसनीय विजयशील क्षात्र बाल विकसित हो। हे अग्निदेव! दुष्कर्मियों के बाहुबल की अपेक्षा हमारा पराक्रम प्रखर हो, उनके तेज की अपेक्षा हमारा ब्रह्म तेज श्रेष्ठ हो। ज्ञान की तेजस्विता से विरोधियों का समापन हो, हम स्वजनों को ऊंचा उठाते हैं। अन्न के स्वामी हे अग्निदेव! आप हमारे लिए आरोग्यप्रद तथा पोषणयुक्त अन्न प्रदान करें, दानशील मनुष्यों को भली-भांति पोषित करें। हमारे पुत्र-पौत्रादि और पशुओं के लिए भी शक्तिवर्धक अन्न प्रदान करें।

पौराणिक ग्रंथों में असुर

संस्कृत साहित्य के उत्कृष्ट विद्वान्महासहोपाध्याय, विद्यानिधि, सिद्धेश्वर शास्त्री चित्राव के अनुसार, "देव एक मानव जातिसंघ था। प्राचीन वैदिक पौराणिक ग्रंथों में देव, असुर, राक्षस, पितर आदि ग्यातिसंघों (जातिसंघों) एवं इन जातियों के स्त्री-पुरूषों का निर्देश पुनः पुनः मिलता है। इन सारे जाति संघों में देव लोगों का ग्याति संघ बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से सर्वाधिक प्राज्ञ (उन्नत) एवं बलिष्ट प्रतीत होता है (प्राचीन चरित्र कोश, पृष्ट, 290)।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

महाभारत एवं पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक साहित्य के प्रारम्भ में 'असुर' शब्द दिव्यशक्ति संपन्न, ऊर्जावान, प्राणवान के अर्थ में महर्षि कश्यप एवं प्रजा पतिदक्ष की उनको ब्याही सगी बहनों की संततियों के लिए, विशेषकर अदितिपुत्र देवो, दितिपुत्र दैत्यों तथा दनुपुत्र के संयुक्त समूह के लिए होता था। आज के तथा कथित विकसित समाज में जब सगी मां से उत्पन्न भाईयों के परिवार में स्वार्थ जनित मतभेदों के कारण विघटन आम बात हो गई है, तब आज से हजारों वर्षों पूर्व कश्यप की अनेक (पुराणों के अनुसार तेरह, तीस, साठ पत्नियों की) सौतेली संतानों के मध्य स्वार्थ जनित कटुता के कारण उग्र मतभेद स्वाभाविक था। इसी स्वार्थ जनित मतभेद के कारण नागमाता कद्रू ने सगी बहन गरूड़ माता विनता को अपनी दासी बना लिया था और पति देव महर्षि कश्यप असहाय देखते रहे। इस घटना ने परम शक्ति संपन्न गरूड़ को संपूर्ण नागमाता का परम शत्रु बना दिया। विस्तार भय से इस बहु प्रचलित पौराणिक कथा का उल्लेख यहां नहीं किया जा रहा है। देवराज इन्द्र द्वारा स्वर्ग पर पूर्णाधिकार, विभिन्न यज्ञों एवं कर्मकाण्डों में घर बैठे भागीदारी, सुसंपन्न विलासिता पूर्ण जीवन, विभिन्न प्रकार के मादक पेयों के प्रति लगाव अर्थात सुराप्रेम ने सौतेले भाईयों, विमाता दितिपुत्र दैत्यों को विद्रोह के लिए उकसा दिया। दनुपुत्र दानवों ने भी उनका साथ दिया। प्रतिक्रिया स्वरूप सुरा प्रेमी 'सुर' या देवों ने असुर शब्द का मूल अर्थ, "असुः=प्राण+र=युक्तया वाला अर्थात प्रणवान या शक्तिशाली। आगे चलकर यही भौतिक शक्ति का सूचक या प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में यह वरूण, इन्द्र वसु आदि देवों के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है। महाभारत एवं कथा सरित्सागर एवं पुराणों में भी असुर समाज के परम उदार, प्रजावत्सल, परोपकारी असुरों (दैत्यों, दानवों, राक्षसों) की प्रशंसा में कई कथाएं वर्णित है।

अक्षय तृतीया: जागृत होती हैं सात्विक प्रवृत्तियां

पुरुष और प्रकृति के एकीकरण, समन्वय, तादाम्य का महीना है वैशाख। इस महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि त्रिगुणात्मक जीवन की ज्ञान-इच्छा एवं क्रियाशक्ति का भान कराने वाली तिथि है। इसके अलावा यह तीनों लोक भूः भुवः स्वः को भी ऊर्जावान करने की तिथि है। इस तिथि को अक्षय तृतीया का निर्धारण करने के केवल आध्यात्मिक कारण ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक कारण भी है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह सत्ययुग की प्रारम्भ तिथि है। सत्ययुग के ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का स्वरूप अक्षय एवं अविनाशी है। पूरी सृष्टि सृजन, पालन एवं विनाश की त्रिकोणात्मक परिक्रमा करती है। यह तिथि ज्ञान एवं क्रिया के देवता परशुराम का अवतरण दिवस भी है। ऋषि होने के नाते परशुराम जी जहां ज्ञान के देवता होते हैं, वहीं प्रजा हित एवं सकुशल राज्य-संचालन के लिए निर्धारित मानकों के विपरीत कार्य करने वाले राजाओं से अनेकानेक बार संघर्ष की भी कथाएं उल्लिखित हैं।

वैशाख ऋतुराज वसन्त के उन्मेष का महीना है। चैत्र शुक्ल पक्ष से शुरू वसन्त 2 माह अपना जो सुमधुर प्रभाव छोड़ता है, उससे त्रेतायुग के अक्षय स्वरूप के भगवान विष्णु के सप्तम अवतार भगवान श्रीराम एवं अष्टम अवतार योगेश्वर कृष्ण अभिभूत होते हैं। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम के सीताहरण के पश्चात भटकाव एवं व्यग्रता को विराम देने वाला यही समय है। दण्डकारण्य में प्रथमतः ज्ञान और विज्ञान के केंद्र श्रीहनुमान से उनकी इसी समय मुलाकात होती है। श्रीराम को हनुमान की बातो में ऋक्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के ज्ञान का आभास होता है। ज्ञानी हनुमान को पाकर वे सीता को पाने के प्रति आश्वस्त होते दिखाई पड़ते है। वसन्त ऋतु का समय है। वाल्मीकि रामायण में भगवान राम द्वारा वसन्त ऋतु का जो वर्णन किया गया है वह पुरुष और प्रकृति के बीच समन्वय स्थापित करने का संकेत स्पष्ट रूप से देता है। शीतकाल की समाप्ति के बाद सूर्य की रश्मियों में आती तेजी का रूप सुहावना है। पुरुष के इस सुहावने पन पर प्रकृति मुग्ध होने लगती है। धरती-आकाश की आपसी अनुकूलता से पुरानापन नवीन होता है। प्रकृति के इस भाव को जीवन में आत्मसात करने का सन्देश भी निहित है। श्रीराम कृष्ण बनकर द्वापर के अगले अवतार में वसन्त की मोहकता को भूलते नहीं और 'मासानां मार्गशीर्षोऽहम ऋतुनां कुसुमाकरः' कह कर वसन्त को अपना स्वरूप ही प्रदान कर देते है। लिहाजा श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की कृपा-अनुकम्पा से अभिसिक्त होने का यह समय है। दोनों अवतारी पुरुष का जीवन सिर्फ सैद्धांतिक ही नहीं बल्कि क्रियात्मक भी था। वसन्त ऋतु के इसी काल में वैशाख तृतीया को अवतरित दशावतार में छठे एवं 24 अवतारों में 16वें भगवान परशुराम की महिमा से यह भी सन्देश मिलता है कि जीवन के षटचक्रों का भेदन करते हुए सहस्रार की ओर बढ़ने से चिंतन राम-कृष्ण की तरह उर्ध्वगामी होगा। वैशाख महीने की महत्ता से पौराणिक ग्रंथ भरे पड़े है। कतिपय महीनों की महत्ता के क्रम में वैशाख माह के लिए स्कंदपुराण के 13 अध्यायों में वर्णित इसकी महत्ता से आशय यह निकलता है कि इस महीने में चन्द्रमा, सूर्य, तारे, नक्षत्र इतने अनुकूल हो जाते हैं कि इसके तीसों दिन मानव के लिए लाभप्रद हो जाते हैं। प्रतिकूलताएं निष्प्रभावी हो जाती हैं जिसकी वजह से अक्षय तृतीया को बिना किसी गणना के शुभकार्य सम्पादित किए जाते हैं। वैसे तो तृतीया तिथि को ललिता देवी की उपासना के माध्यम से व्रत का विधान नारदपुराण में महिलाओं के लिए किया गया है लेकिन वैशाख की अक्षय तृतीया का व्रत-उपवास स्त्री-पुरुष दोनों के लिए लाभदायी कहा गया है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

बिजनौर-अमरोहा

एक नजर

गुलदार ने गोवंश व बकरे को बनाया निवाला

नगीना, अमृत विचार : क्षेत्र में गुलदार ने गोवंश व बकरे को निवाला बना लिया। क्षेत्रीय वन रेंजर प्रदीप शर्मा पर हमले के बाद वन विभाग की टीम ने गांव ज्ञानपुर में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था जो अब तक खाली है। इस बीच गुलदार ने रविवार को गांव ज्ञानपुर में शिवकुमार की गोशाला में बंधी बछिया पर हमला कर उसे मार डाला। रविवार रात ही कलालान में हनीफ के घर में घुसकर गुलदार ने वहां बंधे बकरे को निवाला बना लिया। सूचना मिलने पर वन दारोगा धर्मेंद्र कुमार, वनकर्मी लाल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

कॉलेज में किया योग

हापुड़, अमृत विचार : जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स में आओ करे योग, योग बनाए निरोग के बैनर तले द योग फेडरेशन ऑफ इंडिया-योगासन स्पोर्ट्स अलायन्स एसोसिएशन चैंपियनशिप-2024 की ओर से हापुड़ डिस्ट्रिक्ट योगा चैंपियनशिप का आयोजन किया। डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल व हापुड़ डिस्ट्रिक्ट योगा चैंपियनशिप की महासचिव प्रीती वर्मा ने बताया कि इंस्टीटूशन्स में बच्चो, पुरुषों व महिलाओं ने योग क्रियाएं कीं। अध्यक्ष डॉ. सिंघल ने बताया कि 36 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। यूपी के सचिव सुनील आचार्य ने एसोसिएशन की थीम के बारे में बताया।

फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में छोड़ें पानी

भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन के बाद एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में सोमवार को पदाधिकारी व कार्यकर्ता उप जिलाधिकारी कार्यालय नजीबाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चुनावी साल में भी किसानों का जीवन कठिन समय में गुजर रहा है। भीषण गर्मी में किसानों की फसलें सूख रही हैं और सिंचाई के लिए नहरों में पानी नहीं है। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकारें किसानों की आय दोगुनी करने के नाम पर हर वर्ष उन्हें धोखा देती हैं। किसानों के हितों की रक्षा के लिए कोई काम नहीं किया गया है। चुनाव आचार संहिता के बाद जिले में किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर भाकियू लोकशक्ति के बैनर तले आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने किसानों को बताया कि 12, 13 व 14 जून को हरिद्वार (लाल कोठी) में भाकियू लोकशक्ति का तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर आयोजित होगा। इसमे किसानों की हालत सुधारने के लिए आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्मी में फसलों की सिंचाई के लिए नहरों व राजवाहो में टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएं, चीनी मिलों से किसानों का गन्ना बकाया भुगतान दिलाया जाएं। एमएसपी पर गारंटी कानून व किसान हित में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू हो। खेतों में फसलों को पशुओं से बचाने के लिए एग्रीकल्चर सिक्योरिटी फोर्स का गठन हो। किसानों को 24 घंटे निशुल्क बिजली आपूर्ति की जाए। गुलदार से लोगों की सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। 50 वर्ष अधिक आयु वाले किसानों व मजदूरों को 10000 रुपये मासिक पेंशन दी जाए। इस वर्ष कहीं सूखा और कहीं बाढ़ग्रस्त होने से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों के विरोध प्रदर्शन की सूचना के बाद उप जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों ने उन्हें अपने बीच बैठाकर नहरों व राजवाहो में पानी छुड़वाने की मांग व समस्याएं बताईं। ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। एसडीएम ने नहरों में पानी छोड़ने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव पदम सिंह, देवेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, अमरीश देशवाल, जग्गन अली, डॉ. अरूण कुमार, गौरव चौधरी, सहजाद अली, नईम, सरदार जरनैल सिंह, सरदार जसवीर सिंह, संजय सिंह, अजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

चकबंदी अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

बिजनौर, अमृत विचार : कस्बा झालू के किसानों ने चकबंदी अधिकारियों पर भूमि की कीमत घटाने, बढ़ाने और बिना परिवर्तन के चक की पैमाइश करन के आरोप लगाए हैं। उन्होंने सहायक चकबंदी अधिकारी व कानूनगो के स्थानांतरण की मांग की है। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में बताया कि कस्बा झालू क्षेत्र में चकबंदी जारी है। सहायक चकबंदी अधिकारी व कानूनगो मनमानी करते हैं। आरोप है कि दोनों अधिकारी रुपये लेकर जमीन की कीमत घटा देते हैं किसी की बढ़ा देते हैं। किसना ज्ञानेश्वर ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी को कई बार ज्ञापन देकर जानकारी दी गई थी कि बिना परिवर्तन किए हुए जमीन की नापतोल कर दी गई है। आरोप है कि इन अधिकारियों ने नगर पंचायत क्षेत्र की जमीन में भी खेल कर दिया है। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के ज्ञानेश्वर सिंह शुभम चौधरी, राजवीर सिंह, नागेश्वर, राजीव कुमार, पिंकू सैनी, राहुल चौहान, धर्मेंद्र कुमार रहे।

भाकियू भानू के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

नहटौर, अमृत विचार : भाकियू भानू के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। ब्लॉक परिसर में हुई भाकियू भानू की मासिक पंचायत में वक्ताओ ने कहा कि गांव लतीफुल्लापुर में चारागाह की भूमि कब्जा मुक्त कराई जाए। सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा जाए। सिंचाई के लिए दिन में विद्युत आपूर्ति की जाए। गोवंशों को पकड़कर फसलों को बर्बाद होने से बचाया जाए। इस मौके पर राम सिंह, मोहम्मद अशफाक, नरेंद्र कुमार, जसवंत सिंह, सचिन राजपूत, दीपक चौहान, सुरेंद्र सिंह, श्याम सिंह, दयाराम सिंह, बलराम सिंह, जय प्रकाश सिंह दुष्यंत कुमार, मोहम्मद साजिद आदि रहे।

क्रॉसिंग पर दीवार बनने से कब्रिस्तान जाने में परेशानी

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : नजीबाबाद में रेलवे क्रॉसिंग पर दीवार बनने से कब्रिस्तान में जनाजा ले जाने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में रेल मंत्रालय ने रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक से रिपोर्ट मांगी है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्रालय को शिकायत में भेजी थी। उन्होंने बताया था कि नजीबाबाद में क्रॉसिंग संख्या 484 जलालाबाद पर 2012 में फ्लाई ओवर का निर्माण कराया था। लेकिन जीने का निर्माण नहीं कराया गया। हाल में रेलवे क्रॉसिंग के नीचे 6 फीट ऊंची दीवार का निर्माण कर दिया है। क्रॉसिंग के विपरीत दिशा में स्थित कब्रिस्तान में मुर्दे दफन करने के लिए जाते हैं, लेकिन दीवार होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाईओवर के ऊपर से डेढ़ किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ रहा है। रेलवे क्रॉसिंग के नीचे अंडरपास बनाया जाए। रेल मंत्रालय की ओर से इस संबंध में रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक रत्नेश कुमार झा से रिपोर्ट मांगी गई है।

कब्रिस्तान के रास्ते में रेलवे बिभाग ने खड़ी की दीवार। ● अमृत विचार

बाढ़ से बचाव के लिए समय से करें प्रबंध

हापुड़, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने बाढ़ से बचाव के लिए जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग समिति की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि बाढ़ का इंतजार नहीं करना है, बल्कि इससे पूर्व ही तैयारियां पूर्ण करनी हैं। ताकि बाढ़ के समय लोगों को हानि से बचाया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूर्व में बाढ़ से प्रभावित लोगों व पशुओं का डाटा संग्रहीत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डाटा संग्रहण, स्थानीय लोगों के मोबाइल नंबर, स्थानीय स्तर पर बैठक करने के निर्देश दिए। उपयोगी उपकरणों को पहले ही खरीद लें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका गढ़ से जल निकासी के लिए आवश्यक उपकरण जैसे मोटर-मोटर पंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए बैठक करते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पुरानी पेंशन बहाली तक करेंगे संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. मोहित कुमार शर्मा के नेतृत्व में संगठन की मजबूती के लिए चांदपुर तहसील के विभिन्न माध्यमिक विद्यालय की शाखाओं में दौरा किया। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है।

इसके लिए हम लोग संगठित होकर संघर्षरत हैं। जब तक पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा) के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए संगठन की सदस्यता ग्रहण करें। डॉ. मोहित ने कहा कि ओम प्रकाश शर्मा के संघर्ष की बदौलत अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मान एवं सेवा सुरक्षा मिली है। इस दौरान करन वीर सिंह, विजय कुमार यादव, योगेश पाल सिंह, बालराज सिंह, गौरव गौड़, युवराज सिंह, दिनेश कुमार, कृष्ण पाल, हरिताभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बैठक में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

बैठक में शिक्षा के नए आयामों पर की चर्चा

नगीना, अमृत विचार : कृषि अनुसंधान केंद्र में सोमवार को एडुस्टफ की जनपद स्तरीय कोर टीम की बैठक हुई। इसमें शिक्षकों ने शिक्षा के नए आयामों पर चर्चा की। बैठक में डॉ रिजवान और राधेश्याम ने विचार रखे। संदीप शर्मा ने एडुस्टफ की स्थापना पर प्रकाश डाला। समूह संस्थापक प्रीति श्रीवास्तव के नेतृत्व में बैठक हुई। इसमें शिक्षा से संस्कार तक, आजादी का अमृत महोत्सव, महान व्यक्तित्व श्रृंखला, किड्स एक्सप्रेस, संगीत, विशेष दिवस पोस्ट, शक्ति संवाद लाइव श्रृंखला, फेसबुक लाइव, निशुल्क समर कैंप श्रृंखला में प्रतियोगिताएं, वेबीनार, सेमिनार, क्षमता संवर्धन पर चर्चा की। शिक्षिका सविता चौहान, मनीषा त्यागी ने विद्यालय स्तर पर किए जा रहे नवाचारों को प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने अपने विद्यालय, ब्लॉक, जनपद, मंडल और प्रदेश को निपुण बनाने का संकल्प लिया। शिक्षिका मिनाक्षी चौधरी ने अपने विद्यालय में स्थित क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान तरुण प्रताप सिंह, प्रतिभा सिंह, सौरव कुमार, नईम अहमद, लीना त्यागी, राहुल कुमार, लोकेश कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार वर्मा, भूपेन्द्र सिंह, एहतेशाम अहमद, अमित कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

गजरौला में नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में बास्केटबाल के खिलाड़ी।

डेफोडिल हाउस ने पैनसी हाउस को हराया

गजरौला, अमृत विचार : नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में बालिका वर्ग इन्टर हाउस बास्केटबाल प्रतियोगिता हुई। जिसमें डेफोडिल हाउस ने पैनसी हाउस को शिकस्त दी। डेफोडिल हाउस की खिलाड़ी तनिशा दहिया का बहतरीन प्रदर्शन रहा। स्कूल की चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने वीडियो के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या एमआई डेजी तथा डायरेक्टर देवसिया पीयू ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर ने बार एसोसिएशन अमरोहा के सदस्य इसरार अहमद के निधन पर शोक सभा की। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने कहा इसरार अहमद के निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है। शोकसभा में अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखा। शोकसभा की अध्यक्षता बार अध्यक्ष गंगासरन ने की तथा संचालन सुरमित कुमार गुप्त ने किया। शोकसभा में शिवचरन सिंह, श्यौराज राणा, दिनेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, ऋषिपाल सिंह चौहान, नरेशपाल सिंह, चौधरी गजेन्द्र सिंह, आफताब आलम, सुनील भटनागर, सुबोध शर्मा,फतेह सिंह, विरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह,केशव राव प्रजापति,संजीव कुमार, रमेश चंद्र,नंदराम सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम् ॥

जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं ।

संपादकीय

स्कूलों को धमकी

दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इससे अभिभावकों में दहशत है। प्रारंभिक जांच के अनुसार ईमेल भारत के बाहर से भेजा गया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को तीसरे चरण के लिए मतदान किया जाना है। गुजरात की 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इससे ठीक एक दिन पहले सुबह के समय एक ईमेल मिला, जिसमें स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। अहमदाबाद में वीआईपी आवागमन बना रहता हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत तमाम बड़ी हस्तियों के वोट डालने की संभावना है। इसके चलते अहमदाबाद पुलिस डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूलों की जांच में जुटी है। बेंगलुरु, दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में अफरातफरी का माहौल है। इस धमकी के बाद परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने अभिभावकों से परेशान नहीं होने की अपील की है। निश्चित रूप से बम संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था।

गौरतलब है कि 1 मई को दिल्ली-एनसीआर में करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। दहशत फैलाने वाले का मकसद क्या था, इस बाबत पुलिस की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो। पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुटी है। साजिशकर्ता कहीं भी बैठकर ये मेल भेज सकते थे। दो वर्ष पहले भोपाल के मिशनरी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने खुलासा किया था कि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए जनरेट होने वाले इंटरनेट प्रोटोकोल एड्रेस के माध्यम से ईमेल स्कूलों की मेल आईडी पर आने की जानकारी एवं साक्ष्य उस विवेचना में मिले। उस समय भी सवाल था कि यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। हालांकि इन ईमेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकर्ता को चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है। क्योंकि ईमेल भेजने के बाद ऐसे अकाउंट समाप्त कर दिए जाते हैं। ऐसी धमकियां भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता बरतने की जरूरत है।

जीतेगी पार्टी और हारेगी जनता

डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है।

18 वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रियारत है। देश में अनेक राजनैतिक पार्टियां अपना भविष्य आजमा रही हैं, जबकि मुख्य रूप से दो पार्टी बीजेपी और कांग्रेस सत्ता पाने की दौड़ में है। एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है। दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव भी विवादों से बच नहीं पाया है। यदि आप कुछ लोगों से और राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं से बात करेगे तो ईवीएम पर भी बड़ा प्रश्न समझ में आएगा। पर इन सभी बातों के बीच एक महत्वपूर्ण बात जो आजादी के बाद से चली आ रही है उस पर ध्यान शायद ही किसी का हो और इस लोकसभा चुनाव भी यही होगा- "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। यह केवल एक वाक्य नहीं है बल्कि अपने देश की वास्तविक सच्चाई भी है यह तभी समझ में आएगा जब आप निष्पक्ष और गहराई से इसका आकलन करके निष्कर्ष पर पहुंच पाए।

साम्प्रदायिकता : आप क्या है? एक इन्सान या फिर एक जाति और धर्म जिसे मानवीय नेतृत्व ने निर्धारित किया है। आजादी के पश्चात से लेकर अभी तक में सांप्रदायिकता अपने चरम पर है। शिक्षित और अशिक्षित सभी श्रेणी के लोगों में इसका जहर अपना अमिट प्रभाव बना चुका है, जिसका खामियाजा छुट-पुट रूप में दिख रहा है पर आगामी समय में इसके बड़े दुष्परिणाम को रोकना लगभग असंभव होगा और यदि आप यह सोच रहे हैं कि आप इससे बचे रह जाएंगे तो आप गलत हो क्योंकि इसका खामियाजा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सभी को कुछ न कुछ उठाना पड़ेगा। हां प्राप्त नुकसान का प्रतिशत कम या अधिक हो सकता है और हां इस बात के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों को बराबर का जिम्मेदार बनाया जा सकता है।

भ्रष्टाचारः दशकों से अलग-अलग नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा किया गया वायदा और बनाए गए नियम एक बार नहीं लगातार विफल सभी को दिखाई दे रहे हैं। समय और तकनीकी के विकास के साथ भ्रष्टाचार का नया स्वरुप सामने आया है। कमी होने के बजाय इसमें वृद्धि हुई है। इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार किसे बनाया जाए, यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि अघोषित इस संगठन के कितने हिस्से और लोग हैं, आज तक किसी को नहीं पता। पर यह आपके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हो गया है और यह कहा जा सकता है की यह कुछ एक को छोड़ करके सभी के ब्लड में शामिल हो गया है।

आजादी पर रोक : आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारी : जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है।

आजादी पर रोकः आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारीः जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है। बढ़ती कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली, निजीकरण भले ही सरकारी रोजगार ख़त्म कर रहे हों पर इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि ठेका प्रणाली के विस्तार से आज कार्यरत सभी आदमी मानसिक बीमारी का शिकार है जिसका आकलन भी कोई नहीं करना चाहता। कार्य के घंटे, भुगतान, शिकायत निवारण न होना जैसे अनेक ऐसी बातें है जो आम आदमी के जीवन को खत्म कर रही हैं।

बढ़ती महंगाई और सीमित होते सामाजिक कार्य : महंगाई की स्थिति इतनी भयानक है कि आज हर आदमी अपनी जमीनी आवश्यकताओं से समझौता कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी के हितों की अनदेखी के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की घटती संख्या उनमें अवसाद उत्पन्न कर रही है। वैश्विक मानकों के तहत आज देश में शायद ही कोई प्रभावशाली योजना हो जो आम आदमी के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव सहयोग करके ला रही हो ।

लिखने और कहने को अनेक मुद्दे और बातें है पर वर्तमान सच्चाई यह है कि दशकों पूर्व हम जिन मुद्दों से लड़ रहे थे अब वो मुद्दे अपने नए स्वरुप में सभी के सामने हैं और समाधान किसी के पास नहीं है। जमीनी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय से दशकों पहले हम अपने जीवन में इनकी अनुपस्थिति से लड़ रहे थे। अब हम इनकी उपस्थिति के बावजूद इनकी लागत को न उठा पाने से लड़ रहे है। आज प्रत्येक आदमी इन मुद्दों के नए स्वरुप से लड़ रहा है और बिना किसी भेदभाव या पक्षपात के यह आसानी से कहा जा सकता है कि "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। क्योंकि इन समस्याओं ने इतना विकराल स्वरुप बना लिया है जिसका समाधान करने की शायद ही कोई सोचे। आज भी चुनाव हो रहे है आगे भी होते रहेंगे। एक दो नहीं बल्कि ऐसी अनेक बातें आएंगी और जाएंगी, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देंगी। पर यह भी अमिट सत्य है कि इन अव्यवस्था के लिए सिर्फ एक पार्टी या राजनैतिक दल जिम्मेदार नहीं है बल्कि शासन करने वाला प्रत्येक सख्श जिम्मेदार है जिसने इन मुद्दों से लड़ने के लिए समय पर सही कार्यवाही नहीं की।

प्रसंगवश

हमारे परिवार नहीं है

इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जन सभाओं में यह बात जोर शोर से कह रहे हैं कि, 'हमारे तो परिवार नहीं है, हम तो आपके परिवार, बच्चों के लिए खप रहे हैं'। इस तरह वे अपने को त्यागमूर्ति साबित करके देश हित हेतु समर्पित सिद्ध कर रहे हैं। विचार करने पर उनके इस उद्घोष में सत्यता नहीं परिलक्षित होती है। उनके परिवार तो है। विधि सम्मत विवाहिता पत्नी अभी विद्यमान होकर परित्यक्त जीवन व्यतीत कर रही हैं। रही दूर रखने की बात, तो यह हिंदू धर्म व संस्कृति तथा कानूनी प्रावधानों से भी मेल नहीं खाता। विष्णु और शिव संसार का प्रभार उठाए हैं। उनकी पत्नियां साथ हैं। शिव जी ने तो अपने अर्द्ध वाम अंग में ही पार्वती माता को स्थान दे दिया है और अर्द्धनारीश्वर होकर लोक पूज्य है। यही नहीं भारत के महापुरुष, जिनकी राष्ट्र व समाज के प्रति अप्रतिम सेवाएं रहीं हैं, पत्नी साथ रखते रहे हैं। गांधी और डा.राजेन्द्र प्रसाद के नाम इस प्रसंग में हम ले सकते हैं। जहां तक कानून का प्रश्न है, तो वैध तलाक के लिए हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत न्यायालय की डिग्री होनी चाहिए। मोदी जी के केस में ऐसा कुछ नहीं है, यानी देश के कानून के अनुसार पृथकत्व नहीं है। परिवार में भाई, भतीजे भी आते हैं। भतीजी विगत में गुजरात में, पार्षद चुनाव लड़ने का भाजपाई टिकट चाहती थी, जो उसे नहीं दिया गया, ताकि वंश में कोई और आगे न बढ़ सके। फैसला तो जनता करती। एक सुभाषित है-परिवर्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते।/स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्।। (अर्थात् परिवर्तनशील ससार में मरता जीता कौन नहीं है? किंतु उसी का जन्म सार्थक है, जिससे वंश/कुल की उन्नति हो।)

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत पीसीएस

पत्नी व परिवार के त्यागी मोदी ने क्या भव्य बंगला और उच्चकोटि की सुख सुविधाएं भी त्यागीं? नहीं। चार करोड़ से ऊपर का सूट पहना। वैसे चाणक्य भी समृद्धतम राज्य के प्रधानमंत्री थे, जो नगर के बाहर कुटिया में रहकर राजकाज करते और बेहद सादा जीवन व्यतीत करते थे।

पहाड़ों में धधकी हुई है आग

अकेले कुमाऊं में पांच सौ से अधिक जगहों पर दावानल का कहर बरपा है। पांच लोग जल कर मर चुके हैं और तमाम जगहों से आग के विकराल स्वरूप के डरावने वीडियो सामने आ रहे हैं। शहरों-गांवों की हवा में इस कदर धुआं घुल चुका है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, बच्चों-बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। जो अभी घट रहा है उसकी पहले से ही आशंका थी क्योंकि जंगलों का सुलगना इस साल जनवरी में ही शुरू हो गया था। यह और बात है कि हमेशा की तरह इस बार भी किसी ने समय रहते उसकी सुध न ली।

पहाड़ की सुंदरतम जगहों में हफ्तों से धुएं का गहरा परदा पड़ा हुआ है, हवा गाढ़ी हो गई है, धूप का निशान नहीं है। उसके बावजूद कल मैं देख रहा था भीमताल की झील का पानी हेलीकॉप्टरों की मदद से उठा कर जंगलों की आग के ऊपर बरसाया जा रहा था। इस दृश्य से मुदित कुछ युवा पर्यटक हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी ले रहे थे। पास के खोखे में उनके लिए मैगी उबल रही थी। पर्यटन और रोजगार का अद्भुत मॉडल सामने था।

पहाड़ों में अमूमन इस मौसम में आग लगना आम है। सदियों से यह परंपरा रही है कि चारे के लिए अच्छी घास उगाने की नीयत से जंगलों में फैली हुई चीड़ की सूखी पत्तियों यानी पिरूल को नियंत्रित रूप से जलाया जाता था। इस आग को नियंत्रित करने के लिए जंगलात विभाग ने बाकायदा पतरौल और अगलैन जैसे पदों पर लोग तैनात किये हुए थे। इस विभाग में काम कर चुके पुराने अफसरों के संस्मरण पढ़िए तो पता चलता है समूचा डिपार्टमेंट इस बात को सुनिश्चित करता था कि हर साल अप्रैल-मई-जून में लगने वाली इस आग से कम से कम नुकसान हो। उत्तराखंड बनने के बाद जंगल में लगने वाली आग से निबटने के लिए अलग से बाकायदा एक विभाग भी बनाया गया। अपने उद्देश्यों में वह कितना सफल रहा है सबको दिखाई देता है।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतज़ार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

हमसे पहले की पीढ़ियां इस आपदा से साल-दर-साल सलीके से लड़ती रही हैं। इधर के सालों में ऐसा क्या हुआ होगा कि तमाम अफसरशाही, नेतागिरी, अखबारबाजी और सोशल मीडिया के बावजूद हालात बिगड़ते चले गए।

समझ में आता है कि हमने एक समुदाय के रूप में सोचना और काम करना बंद कर दिया है। हम एक जिम्मेदार और सभ्य समाज के रूप में रहना भूल चुके हैं। इस तरफ रहने वाले सोचते हैं उधर की आग से हमें क्या, उधर वाला सोचता है अभी मेरा घर बचा हुआ है। आगे की आगे देखेंगे। जब दोनों तरफ के गांव आग की चपेट में आ जाते हैं तो दोनों मिलकर सोचते हैं इतनी बड़ी सरकार है, यह तो उसका काम है। वन विभाग कहता है उसकी व्यवस्था तो पूरी तरह चौकस है, शरारती तत्व आग लगाने से बाज नहीं आते।

जंगल में आग लगती है तो कीड़े-मकोड़े मरते हैं, तितलियां मरती हैं, छोटी झाड़ियां और नए पेड़ मरते हैं, उड़ने से लाचार चिड़ियों के नन्हे बच्चे घोंसले में ही मर जाते हैं, वन्य जीवों के कुनबे उजड़ जाते हैं। प्रकृति और उसकी पारिस्थितिकी का संतुलन ऐसा डावांडोल होता है कि अगर सब ठीक चला तब उसे सम्हलने में दस-बारह साल लग जाते हैं। पानी के प्राकृतिक स्रोत तबाह हो जाते हैं। यह कॉमन सेंस की बात है जिसे अनिवार्य रूप से स्कूलों के पाठ्यक्रमों में जगह मिलनी चाहिए।

सरकार के पास तमाम संसाधन हैं लेकिन उसके पास न कोई तैयारी है, न कोई विजन। आग बुझाने की ट्रेनिंग के जो कार्यक्रम दिसंबर जनवरी में गांव-गांव में चलाए जाने चाहिए थे उनकी याद मई-जून में आती है। जिन वनकर्मियों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कर दिया जाना चाहिए था उनके पास एक लाठी है या हद से हद एक रेक जिसके दांते टूट चुके हैं। जंगल जलता है तो वे उसी जंगल के बचे हुए पेड़ों के पत्तों को तोड़ कर उनकी झाड़ू बनाते हैं। फिर उसी झाड़ू से पीट-पीट कर आग बुझाने का प्रागैतिहासिक तरीका अपनाया जाता है।

पर्यावरण किसी भी राजनैतिक पार्टी के एजेंडे में कहीं नहीं है। हिमालय और उसके सरोकार किसी मैनीफेस्टो का हिस्सा नहीं बनते। एक जमाने में आग को बुझाने का काम सरकार और जनता दोनों का साझा होता था। अब दोनों के बीच कैसी दूरी है बताने की ज़रूरत नहीं। जो सरकार जागेश्वर जैसी जगह के पांच सौ साल पुराने देवदारों को काटने की योजना तक बना सकती है, उसके सरोकारों में पेड़ और जंगलों की जगह कहां होगी यह भी बताना बेमानी है।

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है , हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतजार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

सोशल फोरम

ये गारंटियां पे गारंटियां

ये चुनाव भी क्या शै हैं, जैसे गारंटियां ही गारंटियां दिए जा रहे हैं नेता। एक से बढ़कर एक गारंटी। पहले तो व्यावसायिक कंपनियां गारंटियां दिया करती थीं और कोई भी चीज़ खरीदने के बाद गारंटी संभाल कर रखते थे ताकि समय आने पर कंपनी को दिखाई जा सके। अब पिछले दस वर्षों से राजनीति वाले भी गारंटियां देने लगे हैं और जनता इनसे कुछ पूछने के मूड में दिख रही है -पुरानी गारंटियां दिखा कर। जैसे अच्छे दिन आने की गारंटी दी गई थी, जैसे स्विटजरलैंड से काला धन लाकर सीधे हर किसी के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपये आने की गारंटी और दो करोड़ युवाओं को रोज़गार जैसी गारंटियां दी गई थीं। अच्छे दिनों की बात तो चुनावी जुमला कहकर टाल दी गई और युवाओं को रोजगार के नाम पर कितने युवाओं को रोजगार मिला, ये आंकड़े आए नहीं कभी। हां, महंगाई की कोई गारंटी नहीं थी, सो महंगाई खूब बढ़ी और रसोई गैस सिलेंडर एक हज़ार से ऊपर चला गया। किसानों को तीन कृषि कानूनों का विरोध एक साल से ऊपर तक करना पड़ा, तब कभी जाकर जान छूटी। अब एमएसपी के लिए फिर संघर्षरत हैं, किसान और हरियाणा में तो भाजपा प्रत्याशियों को इसके बारे मे काले झंडे दिखा कर सवाल पूछे जा रहे हैं। इस गारंटी का क्या होगा और कौन पूरी करेगा? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि यदि सत्ता में आई तो कोई डमी प्रधानमंत्री नहीं बनाएगी? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि इमरजेंसी जैसी कोई भूल फिर नहीं करेगी? क्या यह अग्निवीर योजना रद करेगी और रसोई गैस व पेट्रोल की कीमतों पर काबू रखेगी ? ओल्ड पेंशन बहाल करेगी?

कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

यह शहजादा या शाही परिवार पर हमले करने से जनता की समस्याओं का हल निकल आएगा या सत्ता में आने पर कौन -कौन सी गारंटी राहुल पूरी कर पाएंगे? उतनी ही गारंटियां दो, जितनी पूरी कर सको। बाद में चुनावी जुमले साबित न हों ये गारंटियां ।

चुनाव में मारी एंटरियां/ तो देने लगे गारंटियां।

-फेसबुक वॉल से

ऐतिहासिक बरेली कॉलेज की विरासत

बरेली कॉलेज अपनी स्थापना के 187 वर्ष पूरे कर चुका है। 1937 में शुरू हुए इस शिक्षा संस्थान के 1905 में बने नए भवन का उद्घाटन करने अवध-आगरा क्षेत्र के लेफ्टीनेंट गवर्नर सर जेम्स जोन्स डिगस लाटूश आए थे। महाविद्यालय बनते-बनते इस कॉलेज ने अपने लंबे सफरनामे में बहुत उतार-चढ़ाव देखे। वर्ष 1987 में इस कॉलेज की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई गई। तब 'शताब्दियों में बरेली कॉलेज' को कुछ इस तरह याद किया गया था- शताब्दियों से जिनका उच्च शिक्षा से कोई संबंध न रहा हो उन्हें किसी विशेष शिक्षण संस्था का प्राचीन इतिहास कुछ भी आकर्षित न करे पर पिछले डेढ़ सौ वर्षों से बरेली और उसके आसपास दूर-दूर के क्षेत्रों में जिनके किसी संबंधी का भी कोई संबंध बरेली कॉलेज से रहा है वह उसके अस्तित्व के विगत इतने वर्षों के इतिहास से अपने को जुड़ा हुआ समझ सकता है। आगरा के आगरा कॉलेज और दिल्ली के दिल्ली कॉलेज की तरह बरेली कॉलेज भी देश के प्राचीनतम शिक्षण संस्थाओं में से एक है। उसकी स्थापना सन् 1837 में एक स्कूल के रूप में हुई थी तो देश में समझौते की नई शिक्षा नीति का ऐलान हो चुका था और उसकी शिक्षा का उद्देश्य प्रशाससिक कार्यों में सहयोग के लिए बाबू तैयार करना था। सन् 1950 में उसे राजकीय कॉलेज का स्तर तो दे दिया गया था, पर उस समय तक जो भारतीयता की भावना इस क्षेत्र में फैल गई थी वह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के आते-आते स्वयं ब्रिटिश शासन के लिए पर्याप्त सिर दर्द बन चुकी थी। मार्च अप्रैल सन् 58 तक उस संग्राम के महान नेता नाना साहब अपने साथियों के साथ तत्कालीन बरेली कॉलेज की इमारत में रहे थे और 31 मई को सवेरे जिस दिन संग्राम छिड़ गया तो अंग्रेज अधिकारी मारे गए उनमें बरेली कॉलेज के अंग्रेज प्रिंसिपल बक़ भी थे। ब्रिटिश शासन की पुनर्स्थापना के बाद बरेली कॉलेज को अपने विकास में इस बगावत का परिणाम वर्षों तक भुगतना पड़ा। अपनी बीए और वकालत की परीक्षाओं के लिए वर्षों तक कलकत्ता, इलाहाबाद और आगरा विश्वविद्यालयों से संबद्ध रहने के बाद अब बरेली कॉलेज इस क्षेत्र के विश्वविद्यालय रूहेलखंड से संबद्ध सर्वाधिक प्रमुख शिक्षण संस्थान हैं। लगातार शिक्षण कार्य के इस लंबे काल में बरेली कॉलेज ने सत्ता के सर्वोच्च पदों को प्राप्त करने वाले अधिकारी ही नहीं, अनेक क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी भी उत्पन्न किए। अपने एक निर्णय में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को अपदस्थ करने वाले भूतपूर्व जस्टिस सिन्हा और राज्यपाल श्री बर्नी इसी बरेली कॉलेज की देन हैं। बरेली कॉलेज के हिंदी प्राध्यापक और कवि वीरेन डंगवाल के संपादन में एक स्मारिका भी प्रकाशित हुई थी जिसमें उन्होंने इस ऐतिहासिक शिक्षा संस्थान के अतीत का उत्खनन करके हमें हमारी विरासत सौंपने का बड़ा काम किया था, जिसमें 1857 में इस कॉलेज में फारसी के अध्यापक रहे कुतुबशाह को याद किया गया था,जो क्रांतिकारी नेता खान बहादुर खां के प्रकाशक थे और बगावत के उन दिनों छपने वाले इश्तहारों में उनका नाम होता था। कुतुबशाह को फांसी की सजा तजवीज की गई थी,लेकिन बाद को उसे देश निकाला में तब्दील कर दिया गया। आज कुतुबशाह के नाम का कोई पत्थर बरेली कॉलेज की किसी दीवार पर नहीं लगा है। कितना अजीब है कि सत्तावनी क्रांति के इस अप्रतिम योद्धा की कोई तस्वीर भी हमारे पास नहीं है। कॉलेज के सभागार में देश के प्रसिद्ध राजनेताओं की आदमकद तस्वीरें सजी हैं, लेकिन यहां से जुड़ी रही बड़ी शख्सियतों के निशानात पूरी तरह गायब हैं।

सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते।

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते। शहीद भगतसिंह के चाचा क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह, हिन्दी एकांकी के जनक भुवनेश्वर, प्रसिद्ध छायावादी कवि होरीलाल शर्मा 'नीरव', साहित्यकार निरंकार देव सेवक, पं. छेदालाल (1870 में कॉलेज के पहले बीए) या प्राच्यशास्त्री और भाषाविद् प्रो. भोलानाथ शर्मा का इस कॉलेज से सघन जुड़ाव रहा। यहां आने वाले कवि साहित्यकार रामधारी सिंह 'दिनकर', हरिवंश राय 'बच्चन', सुभद्रा कुमारी चौहान, मदर टेरेसा, विजय लक्ष्मी पंडित, सेठ गोविन्द दास और डॉ. कर्णसिंह जैसों के नाम को हम गर्व के साथ स्मरण कर सकते हैं।

तर्क और विज्ञान का रास्ता

मैंने ओशो का पढ़ा और गुना। वह सागर विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी और प्रवक्ता रहे। दर्शन में वह बौद्ध दर्शन से प्रभावित हुए और बौद्ध दर्शन में भी लगता है वह महायान की वज्रयान शाखा से क्योंकि तभी तो उन्होंने संभोग से समाधि जैसी किताब लिखी। हर दार्शनिक की एक सोच होती है, वह जिंदगी जीने का एक दर्शन बनाता है, उसे ही ज़िंदगी में आगे बढ़ने का दर्शन, आगे बढ़ने का रास्ता बताता है। ओशो हो या कृष्णमूर्ति हो, उनका भी पसंदीदा एक रास्ता है, जिसे ही वह ज़िंदगी जीने का सही रास्ता समझते है। घूम फिर कर वह उसी रास्ते पर बार बार आ जाते है। एक बात साफ है इनके रास्ते में कर्मकांड कहीं नहीं है। यह तर्क और विज्ञान का रास्ता है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मैं भी बौद्ध दर्शन से बहुत प्रभावित हूं। राहुल सांकृत्यान ने नरम मंत्रयान के रूप में 400 से 700 ई. तक और गरम मंत्रयान या जिसे वज्रायान कह सकते हैं, उसका समय 800 से 1200 ई० तक माना है। महायान से ही आगे चलकर मंत्रयान, तंत्रयान, वज्रयान आदि पंथ निकले थे। उल्लेखनीय है हीनयान में व्यक्तिगत निर्वाण को प्रमुखता, अष्टांगिक मार्ग की साधना (विपश्यना ध्यान) पर जोर है, वहीं महायान में बोधिसत्व की कल्पना, परोपकार, महामैत्री, महाकरुणा एवं आदर्श अवतार की कल्पना है, जो चोरों तक के दुःखी रहने तक निर्वाण नहीं चाहता। महायानी (माध्यामिक मत के) नागार्जुन का शून्यवाद सभी पदार्थों चित्त और पंच स्कन्धों को भी शून्य मानता था, जबकि मैत्रेय और असंग (जो क्रमशः लगभग 375 व 400 ई. में जन्मे थे) का योगाचार मत (विज्ञानवाद) विज्ञान या चित्त को सत मानता है, शेष सब कुछ असत है। योगाचारियों का यह चित्त अकुशल कर्मों के प्रभाव से, स्मृति, वासना, कल्पना आदि से अशुभ हो जाता है। योगाचार मत ने इसी कारण प्रज्ञा के साथ योग और आचार को महत्ता दी। चौथी शताब्दी के असंग कृत 'प्रज्ञा पारमिता' ही आधार बनी 'गुह्य समाज तंत्र' की। हुआ यह कि युवा बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियों के एक साथ रहने से ब्रह्मचर्य के पालन में कठिनाईयां आने लगीं और कालान्तर में वे अपना धर्मशास्त्र 'गुह्य समाज तंत्र' लेकर सामने आए । बुद्ध ने कहा था कि न तो भोग से और न कृच्छ साधनाओं से निर्वाण मिलता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए गुह्य समाज तंत्र ने घोषणा की कि सांसारिक सुखों से मुंह मोड़कर शरीर को दंडित करना निर्वाण की राह नहीं है और उन्होंने योग द्वारा समाधि में सफलता के लिए नारी (प्रज्ञा) की पूजा और उसका सहयोग अनिवार्य बताया। गुह्य समाज तंत्र (शास्त्र) की सबसे बड़ी विशेषता बौद्ध धर्म में शक्ति तत्व की प्रतिष्ठा करना है।

राजपूतों की नाराजगी के ग्राउंड जीरो राजकोट में मुद्दा दिख रहा फीका

राजपुरूष

- केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी से उपजा था विवाद, देश भर में हुए थे प्रदर्शन
- रूपाला कड़वा पाटीदार समाज से तो कांग्रेस प्रत्याशी परेश धनानी लेउवा पाटीदार

अमृत विचार। राजकोट में सात मई के मतदान के लिए चुनाव प्रचार बंद हो चुका है, लेकिन पूरा शहर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला की होर्डिंग्स से भरा पड़ा है। इन होर्डिंग्स में शानदार नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एम्स की सौगात मिलना, राजकोट को अहमदाबाद से जोड़ने वाला छह-लेन राजमार्ग, हर घर में नल से पानी, स्मार्ट सिटी की सुविधा जैसे विकास के तमाम बड़े काम पूरे करने की भरमार के साथ आगे और तेजी से विकास के वादे लिखे नजर आते हैं। यहां 22 साल बाद दो पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला के सामने पूर्व नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के परेश धनानी ने डटकर मुकाबला किया है, ऐसा अधिकतर लोग मानते हैं। लेकिन राजपूतों की भाजपा के नाराजगी के सवाल पर जवाब टाल जाते हैं। कांग्रेस-भाजपा दोनों के उम्मीदवार अमरेली जिले के मूल निवासी हैं और राजकोट में नए चेहरे हैं। परेश धनानी ने 2002 के विधानसभा चुनाव में अमरेली सीट से रूपाला को हराया था।

राजकोट अगर इस चुनाव में हॉट सीट हैं और सभी कि निगाहें टिकी हैं, तो उसकी वजह इस क्षेत्र का इस बार के चुनाव में राजपूतों की भाजपा से नाराजगी का ग्राउंड जीरो बनना रहा है। चुनावी अभियान की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री रूपाला के एक बयान ने पूरे उत्तर भारत में क्षत्रिय समाज के बीच तूफान खड़ा कर दिया था। हालांकि रूपाला ने जल्दी ही माफी मांग ली, इसके बावजूद क्षत्रियों की भाजपा से नाराजगी का मुद्दा तमाम लोकसभा सीटों पर सामने आया और भाजपा ने उसे ठंडा करने, क्षत्रियों को मनाने में तमाम ताकत भी लगाई। लेकिन रूपाला को चुनाव मैदान से नहीं हटाया। दरअसल, 22 मार्च को केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने दलितों की एक सभा को संबोधित करते हुए अपनी टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया था, उन्होंने रुखी समाज (दलित समुदाय) की बड़ाई करते हुए कहा था कि इस समाज ने विदेशी आक्रांताओं के तमाम अत्याचार के बाद भी न तो अपना धर्म बदला और न वैसे पारिवारिक संबंध स्थापित किए, जैसे कि अनेक राजाओं और राजघरानों ने झुक कर बनाए थे। इसके बाद राजपूत समाज में आक्रोश और नाराजगी के स्वर फूट पड़े थे। राज्य भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। समाज के लोगों ने भाजपा के प्रति निराशा व्यक्त की थी। शासन में उचित हिस्सा नहीं मिलने की बात उठाई थी।

मतदान से पहले राजपूतों की नाराजगी की बात राजकोट लोकसभा क्षेत्र में चर्चा में तो है, लेकिन जमीन पर कोई बड़ा मुद्दा है, ऐसा नजर नहीं आता है। हालांकि इसकी एक वजह यह भी है कि 20 लाख से अधिक मतदाताओं वाली इस सीट पर क्षत्रियों का वोट सीमित संख्या में है, इसलिए उनके असंतोष से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद रूपाला और भाजपा ने यहां जमकर आपदा प्रबंधन भी किया है। रूपाला को जीत तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के साथ जाति का जमकर सहारा लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ता रूपाला की जीत के लिए दम लगाए हैं। पार्टी की एक खास इकाई ने लोगों के बीच जाकर यह प्रचार किया है कि क्षत्रिय समाज की नाराजगी रूपाला से हो सकती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं। इसके साथ ही पार्टी ने क्षत्रिय समुदाय के विरोध की आशंका के मद्दे नजर अन्य प्रमुख जातियों को साध रखा है।

इस सबके बीच कांग्रेस उमीदवार परेश धनानी कहते हैं कि राजकोट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गढ़ है। यहां भाजपा ने विकास की परिभाषा को संकुचित करके समुदायों का धार्मिक और जातीय आधार पर ध्रुवीकरण कर दिया है। भाजपा राजकोट में व्यापारिक समुदाय को लुभाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का कार्ड खेल रही है। उनके मुताबिक इस बार लड़ाई सांसद बनने की नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की है। मुद्रास्फीति, व्यापार में मंदी और बेरोजगारी है, लेकिन लोगों को इन मूल मुद्दों से हटाने के लिए भाजपा धार्मिक और जातीय विभाजन कर रही है। आम लोग अपने हक की आवाज उठाते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है, उन पर झूठे मुकदमे लाद दिये जाते हैं। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के राज्य में देश की विविधता में एकता को नष्ट किया जा रहा है।

18 सीटें ढाई लाख से ज्यादा वोटों से जीती थीं भाजपा

- गुजरात में मंगलवार को तीसरे चरण में 25 सीटों पर वोट पड़ेंगे। सूरत सीट भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा यहां क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाना चाहती है। कांग्रेस इसे रोकने की कोशिश में भले जुटी हो, लेकिन पार्टी का वोट बैंक यहां लगातार गिरावट की ओर है। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम या देश के पीएम नहीं थे तब भी गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से भाजपा आगे रहती थी। यहां तक कि 2004 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी, तब भी भाजपा ने कांग्रेस से ज्यादा सीटें जीती थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2019 में गुजरात की 18 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार ढाई लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

2019 में और बढ़ गया था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 के चुनाव में राजकोट में भाजपा के मोहन कुंडरिया ने 7,58,645 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस के कगथारा ललितभाई को 3,90,238 वोट मिले थे। 2014 में भाजपा के मोहन भाई कुंदरिया के 5,08,437 वोट और कांग्रेस के कुंवरजी भाई बावलिया ने 3,75,096 वोट पाए थे।

पीएम मोदी के राजनीतिक सफर का हुआ था आगाज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी राजनीतिक सफर का आगाज राजकोट से ही हुआ था। वर्ष 2001 में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद वह राजकोट सीट से ही उपचुनाव में जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

हरियाणा में इस बार जाति का रंग गाढ़ा

मनोज त्रिपाठी

जाट वोटरों के साथ ओबीसी और ब्राह्मणों को साधने में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने दांव लगाएं

कई सीटों पर कांटे की टक्कर, दो जगह त्रिकोणीय, एक क्षेत्र में चतुष्कोणीय मुकाबले की तस्वीर

अमृत विचार। हरियाणा में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने वाली भारतीय जनता पार्टी के सामने इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं नजर आ रही हैं। हालांकि पार्टी ने कांग्रेस और अन्य दलों से काफी पहले अपने प्रत्याशी घोषित करके चुनावी अभियान में बढ़त जरूर बना रखी है। चुनावी रणनीति के तहत ही मुख्यमंत्री बदल दिया था। हालांकि जेजेपी ने साथ छोड़ दिया है, लेकिन 2019 के चुनाव में 1977 के बाद से राज्य के चुनावी इतिहास में सर्वाधिक 58 फीसदी से अधिक मत हासिल करने से भाजपा का हौसला बढ़ा हुआ है। इसके मुकाबले कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में 28.5 प्रतिशत मतों से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मत पर्तिशत बढ़ाकर सीटों का सूखा खत्म करना है। पार्टी इस बार राज्य में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट उसने आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। उधर, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) तथा जननायक पार्टी (जेजेपी) विधानसभा चुनावों में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए लोकसभा चुनाव के मैदान में हैं।

कांग्रेस ने भाजपा को घेरने के लिए जातीय संतुलन साधा है। पार्टी ने जो नौ उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें दो जाट, दो दलित, दो ओबीसी, एक-एक पंजाबी, ब्राह्मण तथा एक वैश्य प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा ने भी जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधकर एक बार फिर सभी सीटें जीतने की व्यूह रचना की है। पार्टी ने ब्राह्मणों को खास तरजीह दी है। जाट वोट 22 प्रतिशत हैं, उन्हें भाजपा ने दो सीटें दी हैं, तो ब्राह्मण आठ फीसदी होने के बावजूद दो सीटें पाने में सफल रहे हैं। भाजपा ने दो दलित, एक पंजाबी, एक अहीर, एक वैश्य तथा एक गुर्जर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा जातीय संतुलन और जीत की संभावना वाले उम्मीदवार उतारे जाने से राज्य में इस बार तीन हॉट सीट बन गई हैं, जिन पर सभी की निगाहें टिकी हैं। पहले रोहतक और हिसार को हॉट सीट माना जाता था। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मैदान में आने से करनाल और उद्योगपति नवीन जिंदल व आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता के आमने-सामने होने से कुरूक्षेत्र का नाम हॉट सीटों में जुड़ गया है। अब कांग्रेस से पूर्व अभिनेता राज बब्बर के आने से गुरुग्राम सीट चर्चा में है। फिलहाल चुनावी अभियान में जो समीकरण उभर रहे हैं, उनके मुताबिक राज्य की आठ सीटों पर कांटे की टक्कर मानी जा रही है। कुरुक्षेत्र समेत दो सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष दिख रहा है, जबकि सिरसा में चतुष्कोणीय मुकाबले की तस्वीर है।



भाजपा ने बनाई है गैर जाट वोटरों को साधने की रणनीति

- हरियाणा में इस बार भाजपा ने गैर जाट मतदाताओं पर ज्यादा ध्यान दिया है। अंबाला से पूर्व सांसद रत्न लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया और सिरसा से पूर्व सांसद अशोक तंवर को चुनावी मैदान में उतारा है। यह दोनों सीटें आरक्षित हैं। बंतो कटारिया पहले भी भाजपा में कई पदों पर रह चुकी हैं, जबकि अशोक तंवर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और गुरुग्राम सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत यादव चुनाव मैदान में हैं। दोनों ही ओबीसी समाज से आते हैं। जाटलैंड नाम से मशहूर रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में गैर जाटों को उतारकर भाजपा ने बड़ा राजनीतिक कार्ड खेला है। रोहतक से पार्टी ने एक बार फिर से पूर्व सांसद अरविंद शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। सोनीपत में पूर्व सांसद रमेश कौशिक की जगह ब्राह्मण विधायक मोहन लाल बड़ौली को मैदान में उतारा गया है। हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से पार्टी ने जाट प्रत्याशी उतारे हैं। कुरुक्षेत्र सीट से अभी तक मुख्यमंत्री नायब सैनी सांसद थे। भाजपा ने यहां से दो बार सांसद रह चुके नवीन जिंदल को चुनाव मैदान में उतारकर वैश्य समुदाय को साथ जोड़ने का काम किया है।



किस दल से किस जाति के प्रत्याशी

जाति	भाजपा	कांग्रेस	इनेलो	जेजेपी
जाट	2	2	4	5
गुर्जर	1	1	–	–
अहीर	1	1	–	2
वैश्य	1	1	–	–
ब्राह्मण	2	1	2	–
दलि	2	2	2	–
पंजाबी	1	1	–	–
सैनी	–	–	–	1
मराठा	–	–	1	–

10 लोकसभा की सीटें हैं राज्य में

25 मई को छठे चरण में मतदान

1.98 करोड़ से अधिक हैं मतदाता

3.63 युवा पहली बार डालेंगे वोट

कांग्रेस में हुड्डा का वर्चस्व, जातीय संतुलन

- कांग्रेस ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से श्रुति चौधरी पूर्व सीएम बंसीलाल की पोती की जगह राव दान सिंह को उतारा है। वह हुड्डा के करीबी हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ बंसीलाल के परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाती रही है। लेकिन इस बार पार्टी ने जाट समुदाय से आने वाले मौजूदा भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह के खिलाफ ओबीसी समुदाय के सदस्य को मैदान में उतारते हुए अपनी रणनीति बदल दी है। कांग्रेस ने बृजेंद्र सिंह को हिसार सीट से मैदान में नहीं उतारा। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में हिसार से 2019 का संसदीय चुनाव जीता था। इसी साल मार्च में वह कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने हुड्डा के करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश को हिसार से मैदान में उतारा है। अंबाला से पार्टी ने मौजूदा विधायक वरुण चौधरी को मैदान में उतारा है। वरुण हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष फूल चंद मुलाना के बेटे हैं, जो लंबे समय से हुड्डा के सहयोगी रहे हैं। सोनीपत से हुडा के सहयोगी सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतारा गया है, जबकि पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र प्रताप फरीदाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा और जय प्रकाश जाट समुदाय से हैं, जबकि अन्य दो राव दान सिंह और महेंद्र प्रताप ओबीसी वर्ग से हैं। कुमारी शैलजा और वरुण चौधरी अनुसूचित जाति से हैं, जबकि सतपाल ब्रह्मचारी ब्राह्मण हैं। करनाल से उतरे बुद्धिराजा पंजाबी समुदाय से हैं।

2019 में मिलीं सीटें

10 भाजपा | **00** कांग्रेस

2014 का परिणाम

07 भाजपा | **02** इनेलो | **01** कांग्रेस

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रानौत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। कहा कि आज भारत की कमान सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में बताया। कहा कि कंगना मंडी का विकास करेंगी। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का गुणगान किया।

भाजपा ने पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज पर लगाया है दांव

अभेद्य किला बचाने और जीतने की जंग में एसटी वोटर हथियार

सरगुजा संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

- कांग्रेस ने शशि सिंह को सौंपा है अजेय किले को जीतने का जिम्मा

अमृत विचार। छत्तीसगढ़ प्रांत की सरगुजा लोकसभा सीट भजपा का अजेय किला है। 2004 से पार्टी लगातार यहां जीत रही है। इस चुनाव में भाजपा के इस अभेद्य दुर्ग को जीतने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने युवा नेता शशि सिंह को सौंपा है तो भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले बगावत कर भगवा खेमे में आए चिंतामणि महाराज पर दांव लगाया है। चिंतामणि महाराज पूर्व विधायक रहे हैं तो शशि सिंह के पिता पूर्व मंत्री। इस चुनाव में स्थानीय समस्याओं को कांग्रेस मुद्दा तो बनाना चाहती है पर राष्ट्रीय मुद्दों के शोर में स्थानीय मुद्दे दब से गए हैं। मोदी की गारंटी का शोर तो यहां सुनाई देता है पर भाजपाई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भी खूब भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी वजह भी है। वनवास के समय प्रभु राम यहां भी कुछ समय तक रहे थे। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे को भी हवा दे रही है।

2019 में भाजपा नेता रेणुका सिंह यहां सांसद बनीं थीं। उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका भी मिला। विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने भरतपुर- सोनहत से विधानसभा का टिकट दिया और वह विधायक बन गईं। ऐसे में पार्टी ने उन्हें इस बार लोकसभा का टिकट नहीं दिया है। रेणुका सिंह को मुख्यमंत्री पद का भी प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। सरगुजा सीट भाजपा जीते इसकी जिम्मेदारी रेणुका सिंह को भी दी गई है। वैसे भाजपा में इस सीट से टिकट के कई दावेदार थे लेकिन बाजी चिंतामणि महाराज के हाथ लगी। इसी शर्त पर ही वे भाजपा में शामिल हुए थे। इस क्षेत्र में उनका जबरदस्त प्रभाव माना जाता है। वह सामरी से विधायक रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया था इससे नाराज होकर वे भाजपा में आए थे। उनके मुकाबले में कांग्रेस ने राहुल गांधी की खास युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह को मैदान में उतारा है। वह जिला पंचायत की सदस्य हैं। उनके पिता तुलेश्वर सिंह अजित जोगी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। कंवर और गोंड जनजाति के मतदाता यहां हर बार बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस जाति के मतदाताओं पर हर दल की निगाह है।

विधानसभा की सभी आठ सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सभी आठ सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। यहां की रामानुजगंज सीट से विधायक राम विचार नेता तो प्रदेश सरकार में मंत्री भी हैं। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। इससे पहले रमन सरकार में भी वे मंत्री पद पर रह चुके हैं।

स्थानीय समस्याएं कम नहीं, पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी

- यहां बनाए गए एयरपोर्र को चालू करने की मांग हो रही है पर अभी तक हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इसी तरह पड़ोसी राज्यों को जोड़ने के लिए रेल सुविधा का अभाव। दिल्ली के लिए हफ्ते में एक बार ट्रेन की सुविधा है तो अंबिकापुर से रेनुकूट रेल मार्ग व बरवाडीह रेल मार्ग को जोड़ने के प्रस्ताव पर भी अभी तक काम नहीं हो पाया है। हालांकि चुनाव में इन मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी पड़ रहे हैं। कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का आरोप बड़ी तेजी से लगा रही है तो भाजपा यह बताने में जुटी है कि न संविधान बदलेगा न आरक्षण खत्म होगा।

उत्साह तो दिख नहीं रहा, क्या दौड़ रहा कोई अंडर करंट

दिग्विजय सिंह

- मौसम गर्म लेकिन चुनावी माहौल नजर आ रहा ठंडा
- नारे व मुद्दे कम नहीं पर 2014 व 2019 वाला जोश है नदारद
- आरोप-प्रत्यारोप ने रोचकता बढ़ाई पर चर्चाएं बेनतीजा निकल रहीं

अमृत विचार। मौसम गर्म है, पर चुनाव ठंडा। 40 डिग्री से ऊपर तापमान में लू का तो असर है, पर लहर गायब है। नारे और मुद्दे कम नहीं हैं, लेकिन माहौल 2014 और 2019 वाला नहीं है। चौपालों और चाय-पान की दुकानों पर चर्चा है, दोनों गठबंधनों के आरोप-प्रत्यारोप को लेकर रोचकता है, लेकिन बहस-मुबाहिसा बेनतीजा है। ऐसा लगता है, जैसे वोटर पहले से मन बनाए बैठा है कि उसे किसे वोट देना है या फिर उसे पता है कि इस बार चुनाव का नतीजा क्या रहने वाला है। क्या इसी कारण ऊपर से उदासीनता नजर आ रही है, लेकिन मतदाता के मन में अंडर करंट दौड़ रहा है। हकीकत क्या है, इसका इशारा तो मंगलवार को तीसरे चरण में प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले मतदान से मिलेगा। लेकिन जमीनी हालात दो-तीन सीटों को छोड़कर बाकी जगह कुछ ऐसे नजर आ रहे हैं, जैसे उत्साह में कहीं कोई कमी रह गई है।

प्रदेश में पहले दो चरणों में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव से कम वोट डाले गए थे। इस बार चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तमाम जतन किए हैं। वोटर को बूथ तक पहुंचाने के लिए प्रत्याशियों के साथ चुनाव संचालन समितियों ने नए सिरे से रणनीति तय की है। यह सारी कवायद कितनी सफल रही, इसका खुलासा तीसरे चरण में मंगलवार को होने वाले मतदान के आंकड़ों से ही होगा, लेकिन जिस तरह रविवार शाम प्रचार बंद होने के बाद सोमवार को पूरे दिन मतदान वाली सभी दस लोकसभा सीटों पर नेताओं, प्रत्याशियों और उनकी बूथ मशीनरी में सिर्फ एक ही चिंता अपने-अपने वोटर को अधिक से अधिक संख्या में बूथ तक पहुंचाने की नजर आयी, उससे यह कहना बेमानी नहीं होगा कि जीत का भरोसा मजबूत करने के लिए हर उम्मीदवार का गुणा-गणित वोटर पर ही आकर अटक गया है।

10 का दम, मतदाता बना चुके मन

बड़ा सवाल

- एक केंद्रीय मंत्री के साथ योगी सरकार के दो मंत्रियों की प्रतिष्ठा का फैसला तो सपा के लिए अग्नि परीक्षा

अमृत विचार। प्रदेश में तीसरे चरण में मंगलवार को 10 लोकसभा सीटों आगरा, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हाथरस, संभल, आंवला, बरेली, बदांयू और एटा में वोट डाले जाएंगे। प्रमुख प्रत्याशी आगरा से केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, मैनपुरी से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और योगी सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, हाथरस में प्रदेश सरकार के एक और मंत्री अनूप वाल्मीकि तथा एटा में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह हैं। इस चरण में सपा की अग्नि परीक्षा है। सपा महासचिव रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद से तो शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव बदांयू से मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में इस चरण की दस सीटों में मैनपुरी और संभल को छोड़कर आठ सीटें भाजपा ने जीती थीं। इस बार इंडिया गठबंधन की ओर से सपा नौ सीटों पर जबकि कांग्रेस एक सीट फतेहपुर सीकरी में चुनाव लड़ रही है। भाजपा सभी 10 सीटों पर मैदान में है।

2022
मैनपुरी सीट पर मुलायम सिंह के निधन के बाद डिंपल यादव जीत चुकीं हैं उपचुनाव

नये चेहरे
आगरा लोकसभा सीट पर दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री के सामने सपा और बसपा ने उतारे हैं नये उम्मीदवार

एटा में जीत की राह बनी थोड़ी पेचीदा

- एटा में पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत की है। सपा द्वारा यादव के बजाय देवेश शाक्य को मैदान में उतारने से भाजपा को थोड़ी मुश्किल पेश आयी है। लेकिन बसपा प्रत्याशी इरफान ने सपा के जीत के गुणा-भाग को पेचीदा बना दिया है।

आंवला में कड़े मुकाबले के आसार

- भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप यहां हैट्रिक लगाने के इरादे से फिर से मैदान में हैं। लेकिन सपा ने नीरज मौर्य को मैदान में उतारकर कड़ी टक्कर दी है। यहां मौर्य वोटरों की भारी संख्या है। भाजपा के लिए राहत की सांस बसपा के आबिद अली बने हैं, जो साइकिल की रफ्तार रोकने के लिए मजबूती से डटे रहे हैं।

संभल में उलझे दिख रहे समीकरण

- संभल में समीकरण उलझे नजर आ रहे हैं। सपा के जियाउर्रहमान बर्क और भाजपा के पुराने दिग्गज परमेश्वर लाल सैनी के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आया है। लोग मान रहे हैं कि बसपा से उतरे पूर्व विधायक सौलत अली ने मामला फंसा दिया है। वह सपा के वोटों में सेंध लगा रहे हैं।

बरेली में चुनाव ध्रुवीकरण की तरफ

- बरेली में जीत की राह ध्रुवीकरण की तरफ बढ़ती नजर आ रही है। यहां बसपा प्रत्याशी के मैदान से बाहर होने के कारण भाजपा-सपा में सीधी लड़ाई है। भाजपा से सांसद संतोष गंगवार की जगह आए कुर्मी बिरादरी के ही छत्रपाल गंगवार की सपा के प्रवीण सिंह ऐरन से कड़ी टक्कर है।

बदायूं में तीसरे कोण से संघर्ष रोचक

- भाजपा से मौजूदा सासंद की जगह मैदान में आए दुर्विजय सिंह का मुकाबला सपा नेता शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव से है। आदित्य पहला चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने मुस्लिम खां पर दांव लगाकर चुनाव रोचक बना दिया है। बसपा का समीकरण राह में रोड़े न अटका दे, इसे लेकर सपा में खासी बेचैनी है।

मैनपुरी में विरासत या बदलाव

- हाई प्रोफाइल बनी इस सीट पर मुलायम सिंह यादव की विरासत और बदलाव के बीच जंग छिड़ी रही है। भाजपा से प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह की चुनौती के चलते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को साइकिल गांव-गांव में दौड़ानी पड़ी है। बसपा के शिवप्रसाद यादव से यादव मतों में सेंधमारी बचाने से जूझना पड़ा है।

आगरा में केंद्रीय मंत्री का इम्तिहान

- आगरा से 2019 में भाजपा से चुने गए केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल की प्रतिष्ठा फंसी है। सपा और बसपा ने जाटव समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं। दोनों ही नए चेहरे हैं। बसपा से पूजा अमरोही प्रत्याशी हैं। सपा के सुरेश चंद कर्दम ने कड़ी चुनौती पेश की है। ऐसे में बघेल की प्रतिष्ठा की परीक्षा चुनाव में हो रही है।

फतेहपुर सीकरी में बसपा का फंसाव

- भाजपा ने दिग्गज राजकुमार चाहर को फिर से मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने पूर्व फौजी रामनाथ सिकरवार पर दांव लगाया है। उनकी इलाके में अपनी पहचान है। भाजपा विधायक के पुत्र मैदान में उतरकर चाहर का विरोध कर रहे हैं। उधर, बसपा के रामनिवास शर्मा भाजपा और कांग्रेस को परेशान कर रहे हैं। उनका समीकरण खेल बिगाड़ सकता है।

हाथरस में वोटों की सेंधमारी का खेल

- भाजपा ने यहां भी टिकट बदलकर योगी सरकार के मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को मैदान में उतारा है। उनकी राह रोकने के लिए सपा ने जसवीर वाल्मीकि को चुनावी रण में उतार दिया। बसपा के हेमबाबू धनगर भी शिद्दत से डटे हैं। यहां मुकाबले का ताना-बाना कुछ इस तरह बुना गया है कि सभी एक-दूसरे की राह में रोड़े अटकाते नजर आ रहे हैं।

फिरोजाबाद में त्रिकोणीय मुकाबला

- भाजपा ने टिकट बदलकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को उतारा था। सपा से वर्ष 2014 में चुनाव जीते अक्षय यादव उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। पिछली बार सपा में फूट के बावजूद भाजपा यह सीट कम अंतर से जीत पाई थी। बसपा ने चौधरी बशीर को टिकट देकर सपा को झटका देने की कोशिश के साथ ही अलग राह बनाने की कवायद की है।

परवान चढ़ेगा प्रयोग या साइकिल फिर होगी पंचर

चुनाव डेस्क। पहले 2017 के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनावी नतीजों में फेल होने फिर वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव बसपा के साथ मिलकर लड़ने के बावजूद सपा को मनमाफिक सफलता नहीं मिली थी। उसके खाते में सिर्फ पांच सीटें ही आई थीं।

इसके चलते इस बार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल इंजीनियरिंग का नया प्रयोग किया है। इसमें सिर्फ अपने परिवार को छोड़कर किसी यादव को टिकट नहीं दिया है। 2019 में सपा ने प्रदेश में 37 सीटों पर चुनाव लड़ा था। तब उसने एम-वाई समीकरण के तहत सर्वाधिक प्रत्याशी यादव फिर मुस्लिम उतारे थे। सपा के 27 प्रतिशत प्रत्याशी यादव और 11 प्रतिशत मुस्लिम थे।

कुर्मियों को सिर्फ आठ प्रतिशत टिकट दिए थे। इस बार यादव प्रत्याशियों का हिस्सा सिर्फ 7 फीसदी है, जबकि कुर्मी-पटेल प्रत्याशी 16 प्रतिशत, पासी समाज के 11 प्रतिशत, कुशवाहा-शाक्य-सैनी समाज के 10 प्रतिशत, जाटवों के भी 10 प्रतिशत, निषाद समाज के 8 प्रतिशत और मुस्लिम प्रत्याशी सिर्फ 6 प्रतिशत ही उतारे हैं। इसके मुकाबले प्रदेश में भाजपा 75 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने 21 प्रतिशत ब्राह्मण और 17 प्रतिशत ठाकुर प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी के 8 प्रतिशत उम्मीदवार कुर्मी हैं। भाजपा ने लगभग ऐसी ही रणनीति वर्ष 2019 के चुनाव में भी अपनायी थी, तब ब्राह्मण प्रत्याशी 22 प्रतिशत और ठाकुर प्रत्याशी 18 प्रतिशत उतारे थे। कुर्मी समाज के 9 प्रतिशत प्रत्याशी थे।

इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस नार्थ ईस्ट दिल्ली से उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला। कहा कि देश का विकास इंडिया गठबंधन ही कर सकता है।

आजमगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी की रैली कराने की तैयारी

चुनाव डेस्क। आजमगढ़ लोकसभा सीट भाजपा के लिए नाक का सवाल बन गई है। ऐसे में भाजपा यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा कराने की तैयारी कर रही है। उप चुनाव में इस पर भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीते थे। जबकि 2019 में उन्हें सपा मुखिया अखिलेश यादव के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आजमगढ़ जिले की ही लालगंज लोकसभा सीट भी भाजपा पिछले चुनाव में हार गई थी। तब बसपा की संगीता आजाद यहां से जीतीं थीं। घोसी संसदीय सीट भी बसपा के कब्जे में गई थी। बसपा के अतुल राय यहां से जीते थे। इस बार सपा ने आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव तो भाजपा ने दिनेश लाल यादव को पुनः मैदान में उतारा है। लालगंज से भाजपा ने पूर्व सांसद नीलम सरोज तो सपा ने पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज पर दांव लगाया है।

भाजपा से पुराने चेहरे, सपा ने लगाया है ओबीसी-दलित दांव

चुनाव डेस्क

- 2019 में चौथे चरण की सभी सीटों पर खिला था कमल, विपक्ष के हाथ एक भी सीट नहीं लगी थी
- भाजपा प्रत्याशी सभी 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन से सपा 11 और कांग्रेस दो सीटों पर मैदान में
- सपा के प्रत्याशियों में पांच दलित समाज, चार ओबीसी वर्ग और दो सवर्ण जाति से
- भाजपा ने 13 में से 11 सीटों पर मौजूदा सांसद उतारे, कानपुर बहराइच में नए प्रत्याशी

अमृत विचार। प्रदेश में तीसरे चरण के मतदान के बीच चौथे चरण के चुनाव वाली 13 लोकसभा सीटों पर प्रचार अभियान अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। रुहेलखंड से लेकर सेंट्रल यूपी तक फैला यह चरण भाजपा का गढ़ माना जाता है। पिछली बार 2019 में भाजपा ने सभी 13 सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी ने एक बार फिर सभी सीटें जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सारी कोशिश इस बार भाजपा से कुछ सीटें छीनने की ही नजर आ रही है। सपा के 11 प्रत्याशियों में पांच दलित, चार ओबीसी और दो सवर्ण हैं। भाजपा ने 13 में से 11 पुराने चेहरों पर ही दांव लगाया है। केवल कानपुर और बहराइच में नए प्रत्याशी को मैदान में उतारा है।

चौथे चरण के मतदान वाली 13 सीटों पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, खीरी, फर्रूखाबाद, हरदोई ,कन्नौज, कानपुर, मिश्रिख, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव लोकसभा सीट पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उन्नाव से साक्षी महाराज, खीरी से केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी की किस्मत का फैसला भी इसी चरण में होना है। विपक्ष के लिहाज से यह चरण बेहद अहम है। बीते चुनाव में यही अकेला ऐसा चरण था, जिसमें विपक्ष को एक भी सीट नहीं मिली थी। भाजपा ने सभी 13 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। जबकि इंडिया गठबंधन से सपा 11 और 2 सीटों सीतापुर और कानपुर में कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 2019 के चुनाव में कन्नौज, मिश्रिख और इटावा लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी 10 सीटें 12 से लेकर 32 प्रतिशत मतों के अंतर से जीती थीं। इस बार चौथे चरण की सभी सीटों पर भाजपा और सपा-कांग्रेस ही मुख्य मुकाबले में नजर आ रही हैं। तीन से चार सीटों पर बसपा लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में लगी है।

कन्नौज संसदीय सीट

समाजवाद के गढ़ में मोदी की गारंटी बनाम विरासत की जंग

इरा अवस्थी, कन्नौज

- सपा मुखिया अखिलेश यादव और भाजपा के सुब्रत पाठक ठोक रहे ताल
- बसपा प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में नहीं छोड़ रहे कोई कसर

अमृत विचार। कन्नौज का नाम आते ही इत्र की खुशबू दिलो दिमाग में छा जाती है। इत्र ही इस नगरी की पहचान है। समाजवाद के गढ़ में 1996 के बाद 2019 में कमल खिला। तब सुब्रत पाठक सांसद बने, लेकिन इस बार राह आसान नहीं दिख रही है। सुब्रत के सामने खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव मैदान में हैं तो बसपा से इमरान बिन जफर ने ताल ठोक रखी है। हालांकि मुख्य मुकाबला तो सपा और भाजपा के बीच है, लेकिन बसपा की कोशिश है कि किसी तरह इसे त्रिकोणीय बनाया जाए। अखिलेश जहां 2019 में पत्नी डिंपल यादव को मिली हार का बदला लेने को व्यग्र दिख रहे हैं तो सुब्रत पाठक की कोशिश है कि इस सीट पर मोदी की गारंटी के सहारे वे जीत दर्ज कर भगवा रंग को और गाढ़ा कर दें। कमल खिलेगा या वर्षों से अखिलेश यादव हार का बदला ले पाएंगे यह तो मतदाताओं को तय करना है फिलहाल इस सीट पर लड़ाई रोमांचक दिख रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि पीएम नरेंद्र मोदी कन्नौज मुख्यालय पर सभा करेंगे पर इस बार उनके हाथ निराशा लगी है।

कन्नौज की पहचान पूरी दुनिया में इत्र के कारोबार को लेकर है। कभी यहां के लोगों ने फ्रांस की ग्रासे सिटी जैसा बनाने का सपना दिखाया गया तो कभी विकसित कन्नौज का लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। अब फिर से वादों की झड़ी लगाई जा रही है। अब देखना यह है कि किसके वादे मतदाताओं के दिल में उतरते हैं और वे उसे अपना सांसद चुनते हैं। फिलहाल चुनाव में राम और मुफ्त राशन की गूंज है तो बेरोजगारी और संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने देने का शोर भी। सबके अपने- अपने दावे भी हैं। मतदाता तो खामोश है वह यह बताने को तैयार नहीं वोट किसे देना है। अखिलेश यादव का रोड शो हो या सीएम योगी आदित्यनाथ की रैली भीड़ तो हर जगह जुट रही है पर भीड़ वोट में कितना बदलेगी इसका अंदाजा लगा पाना बड़े बड़े धुरंधरों के लिए कठिन हो रहा है।

लोहिया और उनके शिष्य मुलायम भी यहां से बने सांसद

डॉ. राममनोहर लोहिया हों या मुलायम सिंह यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं शिला दीक्षित इस सीट से सांसद बन चुकी हैं। यहां तक कि अखिलेश यादव भी जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। अब यहां से चौथी बार मैदान में हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया तो 1967 के चुनाव में यहां से सांसद बने थे। हालांकि जब 1971 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस को यहां से जीत मिली। आपात काल लगाए जाने से नाराज यहां के मतदाताओं ने 1977 में कांग्रेस को नकार दिया तो फिर कांग्रेस को उबरने में काफी समय लगा। यहां से जनता पार्टी के टिकट पर 1977 में रामप्रकाश त्रिपाठी जीते तो 1980 के चुनाव में छोटे सिंह यादव सांसद बने। हालांकि जब 1984 का चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को उतारा और फिर क्या था यहां के मतदाता हाथ के साथ हो गए। शीला सांसद बन गईं। 1989 और 1991 की रामलहर में भी यहां के मतदाताओं ने समाजवाद को नहीं छोड़ा। दोनों ही चुनावों में छोटे सिंह यादव जनता दल के टिकट पर जीते, लेकिन 1996 की राम लहर में यहां से चंद्रभूषण सिंह भाजपा से सांसद बनने में कामयाब हो गए। इसके बाद भाजपा हो या कांग्रेस और बसपा मैदान में प्रत्याशी उतारे जरूर पर सफलता के लिए तरस गए। यहां तक की 2014 की प्रचंड मोदी लहर में भी यहां के मतदाता सपा के साथ रहे और उन्होंने डिंपल यादव को ही सांसद चुना। 2012 के उप चुनाव में भी डिंपल यहां से जीती थीं तब यह सीट अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद खाली हुई थी।

युवा मतदाताओं पर सपा की निगाह

- समाजवादी पार्टी की निगाह युवा और नए मतदाताओं पर है। पार्टी मुखिया अखिलेश यादव लगातार बेरोजगारी का मुद्दा इसी लिए उठा रहे हैं ताकि युवाओं को वे अपने से जोड़कर खुद की जीत सुनिश्चित कर सकें। भाजपा में बाहर से भले ही अंतरकलह नहीं दिख रही है लेकिन अंदरखाने भितरघात भी खूब हो रही है। सपा के लोग नाराज और खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को साधने में लगे हुए हैं। ऐसे नेताओं की बकायदा सूची तैयार की गई है जो सांसद से नाराज हैं और गाहे बगाहे अपनी नाराजगी जाहिर करते रहे हैं।

बसपा की मजबूती में खुद का फायदा देख रही सपा

- बसपा ने वैसे तो कानपुर निवासी इमरान बिन जफर को उम्मीदवार बनाया है। इसलिए उन पर बाहरी को होने का ठप्पा है। इमरान और उनकी टीम लगातार अनुसूचित जाति की बस्तियों में भ्रमण कर रही है। पार्टी के रणनीतिकारों को लगता है कि भाजपा में जा चुके उनके परंपरागत मतदाता यदि पार्टी के साथ आएंगे तो इमरान चुनाव जीत सकते हैं। जबकि सपा इसमें अपना फायदा देख रही है। भाजपा की मजबूती की वजह ही बसपा के परंपरागत मतदाता बन गए हैं। ऐसे मतदाता जितनी ज्यादा संख्या में बसपा में लौटेंगे उतना ही फायदा सपा को होगा।

अखिलेश यादव के नाम जीत की हैट्रिक का रिकार्ड

- इस सीट पर 1998 में सपा के टिकट पर प्रदीप यादव जीते थे। हालांकि जब 1999 का चुनाव हुआ तो सपा प्रमुख मुलायम सिंह खुद मैदान में उतरे। मतदाताओं ने उन्हें सिर माथे पर बिठाया। वे भी सांसद बने। इसके बाद उन्होंने इस सीट को अपने पुत्र अखिलेश यादव को सौंप दिया। 2000 के उप चुनाव में पहली बार अखिलेश यादव यहां से सांसद बने और फिर 2004 और 2009 में भी जीते। 2012 में मुख्यमंत्री बनने के बाद त्यागपत्र दिया तो पत्नी डिंपल को विरासत सौंप दी। डिंपल भी यहां से 2014 में भी जीतीं पर 2019 में हार गईं।

1977
में कांग्रेस को नकार दिया तो फिर उबरने में काफी समय लगा

2014
की मोदी लहर में भी यहां के मतदाता सपा के साथ रहे

छह में से पांच सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में कानपुर देहात की रसूलाबाद, औरैया की बिधूना और कन्नौज की छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज विधानसभा सीट है। बिधूना पर सपा का कब्जा है। इस सीट पर सपा की रेखा वर्मा विधायक हैं। जबकि अन्य सीटों पर भाजपा काबिज है। कन्नौज सीट से विधायक असीम अरुण राज्य सरकार में मंत्री भी हैं। ऐसे में इस सीट पर जीत दिलाना उनके लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है।

उप चुनाव में डिंपल निर्विरोध जीतीं थीं

- 2012 के उप चुनाव में डिंपल यादव को सपा ने टिकट दिया था। इस चुनाव में उन्हें भाजपा, बसपा और कांग्रेस के किसी उम्मीदवार ने पर्चा ही नहीं भरा था परिणाम स्वरूप वह निर्विरोध जीत गईं थीं।

एक नजर

ग्राम्य विकास के अधिकारियों कर्मचारियों का वेतन फंसा

लखनऊ। ग्राम्य विकास विभाग को वेतन का बजट आवंटित नहीं हुआ है। इस कारण अप्रैल का प्रदेशभर के अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। अप्रैल का सभी सरकारी विभागों को बजट आवंटित होने के साथ वेतन का भुगतान कर दिया गया है। लेकिन, ग्राम्य विकास विभाग को बजट आवंटित नहीं हुआ है। जबकि यह प्रकिया पहले की जाती है। इस वजह से सीडीओ, डीडीओ, बीडीओ, एडीओ, वीडीओ, लिपिक संवर्ग, सहायक, चालक आदि को वेतन नहीं मिला है। इस तरह से ब्लाक, जिला व मंडलों पर करीब 15 हजार अधिकारी व कर्मचारी तैनात हैं। कहना है कि बजट की मांग समय पर नहीं की गई। अब बजट आवंटन से लेकर अन्य प्रकिया में काफी समय लगेगा। ऐसे में 20 मई के आसपास वेतन भुगतान होने की उम्मीद है। इस मामले पर ग्राम्य विकास मुख्यालय के अधिकारियों से बात करना चाहा तो संपर्क नहीं हो सका।

अयोध्या से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत, दो गंभीर

प्रतापगढ़। अयोध्या से रामलला का दर्शन कर कार से घर जा रहे श्रद्धालुओं की कार प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर मानगर कोतवाली के सोनावा में डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार आग का गोला बन गई। हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार में कुल पांच लोग सवार थे। प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र के तिवारी पुरवा खास के रहने वाले 24 वर्षीय अंकित साहू पुत्र सुभाष चंद्र हैदराबाद में पानी-पूरी बेचता था। वह अपने दोस्त व रिश्तेदारों संग रामलला का दर्शन करके अयोध्या से स्विफ्ट डिजायर कार से लौट रहा था। नगर कोतवाली क्षेत्र के सोनावां में सुलतानपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहे डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। मौके पर ही अंकित व उसी गांव के उसके दोस्त 24 वर्षीय शिवम तिवारी पुत्र चंद्रमा प्रसाद तिवारी की मौत हो गई। हादसे से कार में आग भी लग गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। अंकित के बुआ के बेटे 24 वर्षीय सत्यम साहू, 25 वर्षीय विवेक साहू निवासी करेहड़ा करेली प्रयागराज व रिश्तेदार 15 साल के अखिल साहू पांचों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने अंकित व शिवम को मृत बताया।

सपा प्रमुख ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद लिया निर्णय

सपा की रणनीति के तहत है श्यामलाल पाल का चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए श्यामलाल पाल अब तक नरेश उत्तम पटेल की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में संगठन का काम देख रहे थे। ऐन चुनाव के समय समाज वादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का प्रदेश अध्यक्ष बदलने का फैसला पार्टी की राजनीतिक रणनीति के तहत माना जा रहा है।

सपा प्रमुख ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद श्यामलाल को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। श्यामलाल ने वर्ष 1996 में और वर्ष 2007 में विधानसभा प्रतापपुर से अपना दल के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। दरअसल, नरेश उत्तम पटेल कुर्मी समाज से आते हैं और प्रदेश स्तर पार्टी में उन्हें आगे करके सपा ने ओबीसी समाज के वोट बैंक को जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन उनके लोकसभा चुनाव लड़ने के बाद पार्टी अति पिछड़े समाज से आने वाले श्यामलाल पाल को यह अहम जिम्मेदारी दी है। पाल बिरादरी को सपा लोकसभा चुनाव में अपने साथ जोड़ने के लिए उन्हीं के बीच के नेता को आगे किया गया है।

दरअसल, राज्य में ओबीसी में लगभग दर्जनों और जातियां हैं, जो अति पिछड़ों की श्रेणी में शामिल हैं। श्याम लाल पाल इसी समुदाय से आते हैं। यह समाज लंबे समय तक बसपा का कोर वोटबैंक माना जाता था, लेकिन, अब भाजपा के साथ जुड़ा माना जाता है।

बसपा से भी तो करना है मुकाबला

उप्र. में बसपा ने भी पाल समुदाय के वोटों की भूमिका को देखते हुए विश्वनाथ पाल को प्रदेश अध्यक्ष बना रखा है। इसके मुकाबले भी सपा का ताजा दांव माना जा रहा है। खासकर मुलायम परिवार के सदस्य जिन सीटों से लड़ रहे हैं, उसमें बदायूं लोकसभा सीट से लेकर फिरोजाबाद, हाथरस, फतेहपुर सीकरी, इटावा, मैनपुरी सीट शामिल है। इसके अलावा कन्नौज लोकसभा सीट पर भी पाल समुदाय काफी अहम है। अब देखना यह है कि अखिलेश यादव की उम्मीदों पर श्याम लाल पाल कितने खरे उतरते हैं?

उमेश पाल और राजू पाल फैक्टर

सपा को प्रयागराज में उमेश पाल के हत्याकांड से भी कम झटका नहीं लगा, क्योंकि इस हत्या का आरोप अतीक अहमद और उनके बेटों पर लगा था। अतीक सपा से विधायक और सांसद रह चुके हैं। उमेश की हत्या से पहले राजू पाल की हत्या में भी अतीक का नाम आया था। इस नजर से भी सपा का निर्णय देखा जा रहा है।

आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सुनवाई जारी

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर 6 मई को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने सरकार की ओर से की गई अब तक की कार्यवाही को लेकर तर्क प्रस्तुत किए। कोर्ट ने दोपहर में भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखने का निर्देश दिया। अब 7 मई को दोपहर 2:30 बजे से फिर इस मामले की सुनवाई होगी।

आतंक पैदा करने की राजनीति से है सत्य का मुकाबला: प्रियंका

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी सोमवार को यहां कहा कि सच्चाई का मुकाबला किसी न किसी तरह का आतंक पैदा करने की राजनीति से है। आपने हमेशा सत्य को जिताया है। आगे भी हमें सच्चाई के साथ खड़े रहना है। हम आपके लिए समर्पित हैं, आप देश के लिए समर्पित रहे।

भुएमऊ गेस्ट हाउस में सोमवार को रायबरेली और अमेठी लोकसभा के कार्यकताओं से मुखातिब हुईं प्रियंका गांधी ने चुनाव प्रचार समाप्त होने तक रायबरेली व अमेठी में ही रह कर पार्टी उम्मीदवारों की जीत के लिए कार्य करने का ऐलान किया। कहा कि रायबरेली से उनके परिवार का पुराना नाता है। जब तक चुनाव आयोग मुझे यहां से जाने के लिए नहीं कहता है, तब तक मैं यहां पर रहूंगी। दिन में रायबरेली के साथ अमेठी का भ्रमण करूंगी। रात में आप सभी के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति बनाऊंगी। आप सबके लिए हमारे दरवाजे सदैव खुले रहेंगे। उन्होंने सभी से तनमन से चुनाव में लगने के लिए कहा। उन्होने इस दौरान महिलाओं व बेरोजगारी सहित तमाम मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर प्रियंका इस समय चर्चा में है और यह इसे आक्रामक तरीके से हर जगह उठा रही है।

नीट एसएस न होने से प्रभावित होंगी संस्थानों में चिकित्सकीय सेवाएं

एक साल तक सीनियर रेजिडेंट व असिस्टेंट प्रोफेसर नहीं मिलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अनुसार इस साल नीट एसएस (सुपर स्पेशयलिस्ट)-2024 की परीक्षा न होने से चिकित्सा संस्थानों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ेगा। पहला नुकसान, तैयारी करने वाले पीजी डॉक्टरों की उम्मीदें टूटेंगी, दूसरा चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कॉलेजों को मिलने वाले बतौर एसआर (सीनियर रेजीडेंट) और तैनात होने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर एक साल तक नहीं मिलेंगे।

कोरोना में मिलने वाले दर्द को आम लोग भले ही भूल गये हों, मगर उस दौरान विशेषज्ञता हासिल करने वाले चिकित्सक और वर्तमान में विशिष्ट विशेषज्ञ बनने के लिए उम्मीद लगाए पीजी चिकित्सक नहीं उबर पा रहे हैं। साल 2021 में नीट एसएस परीक्षा न होने की वजह से 2020 बैच के एमडी व एमसीएच करने वाले चिकित्सकों को दो साल तक बतौर एसआर (सीनियर रेजीडेंट) वन चिकित्सकीय सेवाएं देनी पड़ी थी। यही हाल 2023 बैच के चिकित्सकों का होगा, अगर परीक्षा नहीं होती है तो इन्हें भी दो साल तक बतौर एसआर वन दो साल सेवाएं देनी पड़ेंगी। समस्या, यहीं खत्म नहीं होती है। नये एसआर न मिलने से अस्पतालों में सुपर स्पेशलिटी सेवाएं प्रभावित होंगी। विशिष्ट विशेषज्ञों के अभाव में मरीजों का चिकित्सकीय कार्य प्रभावित होगा।

इस संबंध में डॉ.अंकित पचौरी, उपाध्यक्ष रेजिडेंट्स डॉक्टर एसोसिएशन का कहना है कि मेडिकल कॉलेजों में मरीजों का सबसे ज्यादा लोड सीनियर रेजिडेंट्स पर होता है। अगर नीट एसएस 2024 नहीं होगी, तैयारी कर रहे पीजी कर चुके चिकित्सकों का नुकसान होने के साथ ही विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाएं भी नहीं मिलेंगी। हालांकि हम विभिन्न प्रांत के रेजिडेंट्स चिकित्सकों की इस मुद्दे पर वार्ता हो रही है। सकारात्मक परिणाम न मिलने पर एनएमसी तक आवाज उठायी जायेगी।

सुपर स्पेशयलिटी विभाग

क्रिटिकल केयर मेडिसिन (सीसीएम), कार्डियोलॉजी, कार्डियक एनेस्थेटिक, क्लीनिकल हेमेटोलॉजी, इम्यूनोलॉजी रूहमटोलॉजी, इंडोक्राइन सर्जरी, इंडोक्राइनोलॉजी, गेस्ट्रोइंट्रो सर्जरी, जीरियाटिक मेंटल हेल्थ, मेडिसिन जेनेटिक्स, नियोनैटोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, पीडियाट्रिक गेस्ट्रोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक एंड रीक्रंस्ट्रक्शन सर्जरी, पल्मोनरी मेडिसिन, सर्जिकल गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, वस्कुलर सर्जरी, न्यूरोरेडियोलॉजी व इंटरवेस्नल रेडियोलॉजी, व यूरोलॉजी आदि विभागों में करीब 246 सीटें हैं।

बसपा ने जौनपुर व बस्ती में प्रत्याशी बदले

लखनऊ, अमृत विचार : एक बार फिर सोमवार को मायावती ने जौनपुर व बस्ती लोकसभा सीट के बसपा के टिकट पर नामांकन कर चुके प्रत्याशी बदलकर सभी को चौंका दिया। धनंजय सिंह की वजह से चर्चा का केन्द्र बनी जौनपुर सीट पर धनंजय की पत्नी श्रीकला की जगह वर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव को टिकट थमा दिया। वहीं बस्ती में पार्टी ने दयाशंकर सिंह की जगह लवकुश पटेल को उम्मीदवार बनाया है। माल एवन्यू स्थित केन्द्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर 13वीं सूची जारी की। इसमें दो लोकसभा सीटों के अलावा सोनभद्र में दुद्धी विधानसभा सीट पर रवि सिंह खरवार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने बताया, उक्त निर्णय पार्टी प्रमुख मायावती के निर्देश पर लिये गये हैं। अबतक प्रदेश की 78 लोकसभा सीटों पर घोषित कर चुकी बसपा ने, कई परिवर्तन किये हैं, कुछ सीटों पर तीन-तीन बार बदलाव किये हैं। मगर, सबसे ज्यादा चर्चा जौनपुर सीट पर प्रत्याशी बदलने को लेकर है।

अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश करते समय कर्मचारी के पूरे सेवा रिकॉर्ड पर विचार जरूरी

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का कोई विशेष स्थान नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं निकलता कि न्यायिक जांच को पूरी तरह से अलग कर दिया गया हो। हालांकि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अपीलीय अदालत के रूप में मामले की जांच नहीं कर सकती हैं, लेकिन आदेश के दुर्भावनापूर्ण, आधारहीन और मनमाना होने की संभावना पर उसमें हस्तक्षेप अवश्य कर सकती है।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि मौलिक नियम 56 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने से पहले संबंधित प्राधिकारी द्वारा एक राय बनाने की आवश्यकता होती है, जिससे कर्मचारी की पूरी सेवा पर विचार करने के बाद उसे सेवानिवृत्ति देने का फैसला लिया जाए।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया की एकलपीठ ने रतन कुमार यादव की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 3 सप्ताह के भीतर उन्हें सेवा में शामिल करने का निर्देश दिया है, साथ ही 6 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को बकाया वेतन, वरिष्ठता और अन्य लाभों सहित सभी परिणामी लाभ प्रदान करने का भी आदेश दिया है। मामले के अनुसार याची को वर्ष 1998 में पुलिस उप-निरीक्षक के पद पर सीधे भर्ती मिली थी। सेवाकाल के दौरान उन्हें मुन्ना बजरंगी गिरोह के साथ मुठभेड़ में एके-47 की पांच गोलियां लगीं। इसके बाद याची को वर्ष 2001 में इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति दी गई और उन्हें राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में उनकी पदोन्नति कर उन्हें गाजीपुर में तैनात किया गया, जहां अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गाज़ीपुर द्वारा कुछ जांच के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके बाद उनके खिलाफ लगातार चल रही जांच प्रक्रिया के आधार पर वर्ष 2019 में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आधी-अधूरी जांच के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का कलंक और दुगनी सजा याची को झेलनी पड़ी। स्क्रीनिंग कमेटी ने याची के सेवा रिकॉर्ड पर विचार किए बिना दंडात्मक आदेश पारित किया। अंत में जिसे टिकाऊ ना मानकर कोर्ट ने रद्द कर दिया।

गायत्री प्रजापति की सुनवाई से जज ने खुद को किया अलग

विधि संवाददाता, लखनऊ

- दुराचार के मामले में दोषसिद्धि को दी है गायत्री ने चुनौती

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति के आपराधिक अपील पर सुनवाई के दौरान दो सदस्यीय खंडपीठ के एक न्यायमूर्ति ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। इसके पश्चात न्यायालय ने मामले को मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष भेजने का निर्देश दिया ताकि सुनवाई के लिए मामले को नई बेंच को निर्दिष्ट किया जा सके।

सत्र अदालत ने 12 नवंबर 2021 को दुराचार के एक मामले में गायत्री प्रजापति व अन्य अभियुक्तों को दोषसिद्ध ठहराते हुए, उम्र कैद की सजा सुनायी है। गायत्री समेत सजा पाए अभियुक्तों ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर, सत्र अदालत के उक्त निर्णय को चुनौती दी है, साथ ही अपील के लम्बित रहने के दौरान जमानत पर रिहा किए जाने की भी मांग की हुई है। 1 मई को गायत्री व अन्य अपीलार्थियों के जमानत प्रार्थना पत्रों पर न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम ने उक्त सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, हालांकि इसका कोई कारण आदेश में नहीं उद्धत किया गया है। अब उक्त जमानत याचिका पर अगली सुनवाई दूसरी खंडपीठ के समक्ष 8 मई को होने की सम्भावना है।

उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह अभियुक्तों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।

पुनर्वास विवि में नेट मेरिट के आधार पर होगा शोध कार्य

लखनऊ, अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अब नेट मेरिट के आधार पर शोध होगा। पीएचडी करने वाले छात्रों को पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। विवि के कुलपति का कहना है कि पीएचडी संचालकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह बताते हैं कि अब तक विवि में पीएचडी के लिए छात्र केवल परीक्षा में हासिल किए गए अंकों के आधार पर प्रवेश लेते थे, लेकिन पहली बार व्यवस्थाओं में बदलाव किया जा रहा है। अब शोध को लेकर प्रवेश नेट मेरिट के आधार पर होगा। नेट की मेरिट के आधार पर ही शोध में पार्ट टाइम पीएचडी को भी प्राथमिकता दी गई है। बताते हैं कि इसी के साथ रिसर्च एडवाइजरी कमेटी गठित की गई है।

73 हजार छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने की जगी आस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 26 अप्रैल से 3 मई तक दोबारा खोला गया था पोर्टल, डॉटा मिलान शुरू
- 45 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं का डाटा मिलान हुआ

अमृत विचार : छात्रवृत्ति से वंचित रह गए अनुसूचित जाति के 73 हजार छात्र-छात्राओं ने दोबारा आवेदन कर दिया है। आवेदनों के मिलान का काम शुरू हो गया है और यह 15 मई तक चलेगा।

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक्स के अनुसूचित जाति के 3,74,963 और पोस्टमैट्रिक्स के 9,24,947 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया था। अनुसूचित जाति के 73 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए थे क्योंकि इनका परीक्षा परिणाम नहीं आया पाया था। अधिकारियों ने फार्म में संशोधन करते समय प्राप्तांक, पूर्णांक और अनुक्रमांक सही भरने के निर्देश दिए थे। इनको लाभ देने के लिए 26 अप्रैल से तीन मई तक दोबारा पोर्टल खोला गया। छात्र-छात्राओं ने आवेदन में सुधार करते हुए पुनः आवेदन किया। आवेदनों को स्वीकृति के लिए जिला समिति को भेजा गया है। समिति के स्तर पर आवेदनों का मिलान किया जा रहा है और 45 हजार से अधिक का मिलान हो चुका है। जिला समिति से जो आवेदन स्वीकृत होंगे के बाद भुगतान की प्रक्रिया शुरू होगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि समिति को 15 मई तक मिलान का काम पूरा कर लेना है। मिलान में जितने आवेदन ठीक मिलेंगे उनको भुगतान किया जाएगा।

वर्ग पहेली-62

बाएं से दाएं

1.1. नकली वस्तु 2. मिलावटी चीज़ 3. कसौटी पर न उतरने वाली।

5.1. ओछापन, क्षुद्रता 2. छिछोरे का काम।

6.1. सुरक्षा राशि 2. शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से ली जाने वाली सुरक्षा राशि।

7.1. लकड़ी का वह भाग जो ज़मीन में धंसा हुआ होता है जिसके कुंदे पर लुहार काम करता है

ऊपर से नीचे

2. कलम या पेन जिसकी नलिका में स्याही भरी रहती है।

3.1. बांस की खमाचियों या पतली लचकदार टहनियों की बनी हुई बड़ी टोकरी, झाबा, खांचा 2. पशुओं को कटा हुआ चारा डालने का पात्र।

4. (पुराण) 1. काली माता 2. दुर्गा का एक रूप।



वर्ग पहेली -61 का हल

1 फ़ि	क	रा	■	2 बे	खौ	3 फ़
■	■	■	4 ल	■	■	क़ी
5 अ	भि	ले	ख	न	■	रा
ह	■	■	पे	■	■	ना
रि	■	6 घो	ड़ा	गा	ड़ी	■
म	■	■	■	■	■	■
न	■	7 ते	लि	या	मै	ना

सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1		2					
			1				4	
	3	7						
1			7					3
		5	6					
2					8			9
4			9	8				
	6				7			
7		9					8	

सुडोकू -140 का हल

2	4	6	7	3	8	5	1	9
3	8	7	5	9	1	2	6	4
1	5	9	4	2	6	8	7	3
4	3	1	6	5	2	7	9	8
9	6	2	3	8	7	1	4	5
5	7	8	9	1	4	6	3	2
7	9	4	8	6	5	3	2	1
8	2	3	1	7	9	4	5	6
6	1	5	2	4	3	9	8	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मई मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 23.40 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 15.32 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप के कारण आपका अपमान हो सकता है। सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थों को पीछे रखते हुए लोकहित के लिए काम करें। ठण्डी वस्तुओं का सेवन करें। आपके विरुद्ध दुर्भावना रखने वाले लोगों की पहचान होगी।

वृष — आज कुछ कारणों से आपके फोकस में कमी आयेगी। परिवार में उथल-पुथल हो सकती है। शाम के समय सत्सङ्ग और ध्यान आदि में मन लगा सकते हैं। अचल संपत्ति को लेकर कोई बड़ा निर्णय न लें। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

मिथुन — आज अपनी अपेक्षाओं के अनुसार मेहनत नहीं कर पायेंगे। मन में बैठे डर को निकालने का प्रयास करें। सार्वजनिक उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। लेकिन आप उससे सन्तुष्ट शायद ही रहें। शोध कार्यों में आज आपको सफलता मिल सकती है।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में नया परिवर्तन आपके जीवन में बदलाव ला सकता है। व्यवसायिक पार्टनर के साथ समय बितायेंगे। कर्जों को चुकाने में सफलता मिलेगी। जिस अवसर का इंतजार कर रहे थे, वह आपको आज मिल सकता है।

सिंह — आज आपकी मांसपेशियों में दर्द हो सकता है। किसी पर भी आंख मून्दकर भरोसा न करें। दांपत्य संबंधों में प्रेम भावना बढ़ेगी। अपनी क्षमता का सही उपयोग करेंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें। व्यापार में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

कन्या — आज आपको कुछ विरोधाभासी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। मन में अनावश्यक विषयों के विचार चलते रहेंगे। इसीलिए आपको खाली नहीं बैठना चाहिए। सेहत को लेकर की गई लापरवाही भविष्य में नुकसान देह सिद्ध हो सकती है।

तुला — आज अपनी बुद्धि विवेक से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। मन में दबी हुई भावनाओं को तुरन्त व्यक्त न करें। कर्मचारियों की सहायता से आपका कार्यभार कम होगा। वृद्धजनों की सेवा करेंगे। शाम को थोड़ा अकेलापन महसूस होगा।

वृश्चिक — आज आप आवश्यक सामान की ख़रीदारी कर सकते हैं। दैनिक आय में वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी।

धनु — आज समाजसेवा को लेकर मन में भाव उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के कारण सभी कार्य आसानी से सफल होंगे। कार्यक्षेत्र में ऐच्छिक सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। किसी की आलोचना न करें। तकनीकी कार्यों में रुचि लेंगे।

मकर — आज महिला सहकर्मियों का अपमान न करें। अधिक देर बैठकर काम करने से नुकसान होगा। सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। विवाह से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान न हों।

कुंभ — आज उच्च अध्ययन में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मानसिक अन्तर्द्वंद का शिकार हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। किसी पुराने मित्र की मुलाक़ात से आनन्द की अनुभूति होगी। दांपत्य जीवन की कठिनाई दूर होगी।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने कार्यों में किसी का हस्तक्षेप न होने दें। परिश्रम के बाद सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये दिन अच्छा नहीं है। अपने भीतर अहम् भाव न पनपने दें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
15 अगस्त — सुबह : 09.00
आसमान ऊंचा — शाम : 06.00

&pictures
ऑल द वेस्ट — दोपहर : 12.05
हिचकी — शाम : 06.02

SONY PIX
सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 10.03
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — रात : 09.05

ZEE CINEMA
खिलाड़ी 786 — सुबह : 10.45
जीते हैं शान से — रात : 07.25

colors CINEPLEX
द ग्रेट गैम्बलर — सुबह : 11.25
मैरी कॉम — रात : 08.48

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर शाम : 06.02 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी से लड़ाई के बाद पति एक बाबा के पास पहुंचा।
पति (मोनू) - बाबाजी, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंत्र बताइए?
बाबा- हां, एक मंत्र तो है जिससे बच्चा तेरे सारे दुख खत्म हो जाएंगे।
पति- हां बाबाजी, बताइए क्या है वो?
बाबा -बेटा जब तक मुंह बंद और पर्स खुला रहेगा, कृपा आती रहेगी।
बाबा की बात सुनकर पति हैरान...

भगवान - क्या चाहिए तुझे?
पप्पू - एक नौकरी, पैसों से भरा कमरा, सुकून की नींद और गर्मी से छुटकारा।
भगवान-तथास्तु
आज पप्पू एटीएम में गार्ड है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,895 .54	22,442 .70
बढ़त/नुकसान	17 .39	33.15
प्रतिशत में	0 .02	0 .15

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, मंगलवार, 7 मई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

एक नजर

भारत ने मॉरीशस को बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी

नई दिल्ली। सरकार ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर–बासमती सफेद चावल के निर्यात की सोमवार को मंजूरी दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से मॉरीशस को 14,000 टन गैर–बासमती सफेद चावल निर्यात किए जाने की अनुमति दी गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर–बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है।

20 लाख टन चीनी निर्यात की मांग

नई दिल्ली। चीनी उद्योग के निकाय इस्मा ने सरकार से सितंबर में समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष में 20 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति देने का आग्रह किया है। इस्मा का कहना है कि अधिशेष चीनी की खेप का निर्यात करने से चीनी मिलों की नकदी की स्थिति में सुधार होगा।

दुबई चखेगा रामपुर की मिर्च का स्वाद

मैंगो पैक हाउस निर्यात करेगा 15 टन जी-4 प्रजाति की हरी मिर्च, 12-15 दिन तक रहेगी सुरक्षित

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के रामपुर की हरी मिर्च का स्वाद दुबई के लोग चखेंगे। लखनऊ के रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद का मैंगो पैक हाउस 75 टन हरी मिर्च का पहली बार निर्यात करेगा। इसमें दो प्रजाति जी-4 व 6813 की मांग आई है। पहले चरण में 15 टन जी-4 मिर्च मंगलवार को मुंबई के शिपयार्ड भेजी जाएगी और वहां से कंटेनर पानी के जहाज से दुबई जाएगा। दूसरे चरण में 6813 प्रजाति की मिर्च का निर्यात होगा। इस तरह कुल चार चरण में मिर्च भेजी जाएगी।

दुबई के अलावा वहां के विक्रेता आसपास शहरों में भी बिक्री करेंगे। मिर्च रामपुर के बड़े पांच-छह किसानों से 26 रुपये प्रति किलो में खरीदी है। खासियत है कि जल्द खराब नहीं होगी। स्वाद सामान्य मिर्च से अधिक तीखा है। इसकी लंबाई चार से पांच इंच तक है।

6 डिग्री के तापमान में करते हैं ठंडा और कठोर: पैक हाउस में निर्यात के लिए सबसे पहले मिर्च की धुलाई व छंटाई कर ग्रेडिंग होती है। इसके बाद कीड़े व रोग न लगे इसके लिए शाटिंग करते हैं। फिर 6 डिग्री तापमान में प्रीकूल यानी मिर्च की सिकुड़न दूर कर सीधा और कठोर बनाते हैं। इसके बाद इतने ही तापमान में ठंडा करते हैं और तैयार होने के बाद पैकिंग कर कंटेनर में 6 डिग्री के तापमान में रखते हैं। इस प्रक्रिया से 12-15 दिन तक मिर्च सुरक्षित रहती हैं। जबकि पैक हाउस से शिपयार्ड तक और वहां से पानी के जहाज से उत्पाद पहुंचने में 7 से 8 दिन लगते हैं।

> रामपुर की मिर्च का दुबई को पहला निर्यात आज से करेंगे। इस सीजन का भी यह पहला निर्यात है। अन्य देशों से भी आर्डर लेने का प्रयास कर रहे हैं। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी और निर्यात से किसानों को फायदा होगा।
> **-अकरम बेग, महाप्रबंधक, मैंगो पैक हाउस, रहमान खेड़ा, लखनऊ।**

बहरीन से हुई थी शुरुआत

मैंगो पैक हाउस ने आम के अलावा हरी मिर्च के निर्यात की शुरुआत पिछले वर्ष सैंपल के तौर पर बहरीन से की थी। रामपुर की करीब दो टन मिर्च भेजी गई थी। शुरुआत में मांग के अनुसार मिर्च की उपलब्धता नहीं हो सकी और परिवहन, खर्च समेत अन्य समस्याएं रहीं। जो निर्यात हुआ वह हवाई जहाज से किया था। इसमें खर्च भी अधिक आया था। इस कारण इस बार प्रयास नहीं किए गए। इसलिए दुबई पर फोकस किया गया है। यहां कृषि उत्पादों की बराबर मांग रहती है।

लखनऊ में संचालित मैंगो पैक हाउस में मिर्च की छटाई करते कर्मचारी।

इंडिया रेटिंग्स ने भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.1% किया

मुंबई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है। घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि सरकारी पूंजीगत व्यय बने रहने, कॉरपोरेट और बैंकिंग क्षेत्र के बही-खाते में कर्ज की कमी और आरंभिक निजी कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय से मिले मजबूत समर्थन ने उसे वृद्धि अनुमान में संशोधन करने के लिए मजबूर किया है। इसके साथ ही रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उपभोग मांग का व्यापक आधार नहीं होना और वैश्विक स्तर पर सुस्त वृद्धि के कारण निर्यात में आने वाली बाधाएं भारत की जीडीपी वृद्धि को सीमित कर सकती है।

सोने की कीमत में 230 रुपये और चांदी में 700 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 230 रुपये की बढ़त के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 230 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,312 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 11 डॉलर की बढ़त है। सोने ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू किया क्योंकि शुक्रवार को उम्मीद से कमजोर अमेरिकी नौकरी बाजार की रिपोर्ट ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सितंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावनाओं को बढ़ा दिया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	83,700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,700
गिन्नी (प्रति नग)	54,900–55,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	70,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	40, 500
चांदी (999)	82,350
चांदी तैयार	82,450
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	70,800
सोना जेवरात गिन्नी	69,800
चांदी पक्की	807 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	71,250
चांदी आभूषण	81,700।

जियो, एयरटेल व वोडाफोन आइडिया स्पेक्ट्रम नीलामी में लेंगी भाग

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया जैसी दूरसंचार कंपनियों ने छह जून से शुरू होने वाली 96,317 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम नीलामी में बोली लगाने के लिए आवेदन जमा कर दिया है। इससे पहले 2022 में हुई पिछली नीलामी में अडाणी समूह की कंपनी का नाम आश्चर्यजनक रूप से बोली लगाने वालों में आया था। हालांकि, इस बार की नीलामी में कोई नया नाम नहीं है।

एक आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को बताया-रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए आवेदन जमा किए हैं। सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज बैंड में सभी उपलब्ध स्पेक्ट्रम नीलामी का हिस्सा हैं। आधार मूल्य पर कुल स्पेक्ट्रम का मूल्य 96,317 करोड़ रुपये निर्धारित है।

जी मीडिया कॉरपोरेशन ने सीईओ अभय ओझा को किया बर्खास्त

नअ दिल्ली। जी मीडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभय ओझा को चार मई की तारीख से बर्खास्त कर दिया गया है। जी मीडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक में ओझा की सीईओ के पद पर सेवा समाप्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय चार मई, 2024 से प्रभावी माना जाएगा। जी समूह की कंपनी ने कहा-संगठन के साथ नियुक्ति निरस्त होने के साथ ही अभय ओझा सीईओ अब नहीं रह गए हैं।

पी–नोट्स के जरिए निवेश 6 साल के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेबी ने फरवरी के अंत तक के जारी किए आंकड़े



भारतीय पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए निवेश फरवरी के अंत में 1.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जो पिछले छह साल का उच्चतम स्तर है। इस आंकड़े में शेयर, ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स के जरिये किया गया निवेश शामिल है।

सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) उन विदेशी निवेशकों को पी-नोट्स जारी करते हैं जो अपना पंजीकरण कराए बगैर भारतीय शेयर बाजार का हिस्सा बनना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें समुचित जांच-पड़ताल से गुजरना पड़ता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय बाजारों- इक्विटी, ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स से निवेश का मूल्य फरवरी के अंत में 1,49,517 करोड़ रुपये था, जबकि जनवरी अंत में यह 1,43,011 करोड़ रुपये था। सेबी के आंकड़ों से पता चलता है कि यह राशि जून, 2017 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, जब पी-नोट्स से निवेश 1.65 लाख करोड़ रुपये था। पी-नोट्स में वृद्धि आमतौर पर एफपीआई प्रवाह के रुझान के अनुरूप होती है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि फरवरी में निवेश बढ़ने का श्रेय मजबूत कॉरपोरेट आय और दिसंबर तिमाही के दौरान दर्ज सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के रुझान को दिया जा सकता है। फरवरी तक इस मार्ग से डाले गए कुल 1.5 लाख करोड़ रुपये में से 1.27 लाख करोड़ रुपये शेयरों में, 21,303 करोड़ रुपये ऋण प्रतिभूतियों में और 541 करोड़ रुपये हाइब्रिड प्रतिभूतियों में निवेश किए गए।

राष्ट्रीय

ओडिशा में बीजद अस्त और कांग्रेस पस्त : मोदी

ओडिशा की चुनावी जनसभा में बोले प्रधानमंत्री, भाजपा को लेकर लोग हैं आश्वस्त

बेरहामपुर/नबरंगपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां दावा किया कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) 'अस्त' हो रहा है जबकि विपक्षी कांग्रेस 'पस्त' है, लिहाजा लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर आश्वस्त हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को भगवान जगन्नाथ का पुत्र बताते हुए कहा कि बीजू जनता दल (बीजद) सरकार की 'एक्सपायरी डेट' चार जून है। राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया। ओडिशा के आदिवासी बहुल क्षेत्र नबरंगपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि उनकी सरकार मूल निवासियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''आपने मोदी के नेतृत्व के दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा है। मोदी ने आदिवासी कल्याण के लिए बजट को पहले के आवंटन की तुलना में पांच गुना बढ़ा दिया।" मोदी ने दावा किया कि केंद्र की सरकार ने आदिवासी इलाकों में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल स्थापित किए हैं और ऐसे स्कूलों की संख्या 400 के पार पहुंच गई है। कहा कि उनके मंत्रालय में सात प्रतिशत लोग एसटी, एससी और ओबीसी श्रेणी के हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी: राहुल

अलीराजपुर (मप्र)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी। राहुल ने यह भी कहा कि इस बार के चुनाव का उद्देश्य देश के संविधान को बचाना है क्योंकि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संविधान बदलना चाहते हैं। मध्य प्रदेश में रतलाम–झाबुआ लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले अलीराजपुर जिले के जोबट कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों के हित में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाए। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर से जातिगत जनगणना की वकालत की और दावा किया कि इससे लोगों की स्थिति के बारे में सब कुछ पता चल जाएगा और देश में राजनीति की दिशा बदल जाएगी।

राजस्थान: सड़क हादसों में सात की मौत, 20 से अधिक घायल

जयपुर। राजस्थान के झुंझुनू और टोंक जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार झुंझुनू में सोमवार को मिनी बस और कार में हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। यह हादसा थली गांव के पास उस समय हुआ जब एक कार बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद मिनी बस से टकरा गई। सिंघाना थाना प्रभारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि मृतकों की पहचान करणवीर (27), रिंकू (25) और राहुल (19) के रूप में हुई है। ये तीनों हमीरवास से झुंझुनू के सिंघाना जा रहे थे। मृतकों में बाइक सवार सुरेश (40) और मिनी बस चालक हनुमान (45) भी हैं। घायल सिंघाना के अस्पताल में भर्ती हैं। उनमें से कुछ को झुंझुनू रेफर किया गया है। वहीं एक अन्य हादसे में एक कार डिवाइडर पार कर ट्रक से जा टकराई, जिसके बाद दोनों सड़क किनारे पलट गए। हादसे में कार सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें कोटा रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान प्रद्युम्न (20) और आयुष (20) के रूप में की गई है।

मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन की बेटी के खिलाफ याचिका खारिज

तिरुवनंतपुरम। केरल में तिरुवनंतपुरम की एक अदालत ने एक निजी खनन कंपनी और मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन की बेटी टी. वीना की अब बंद हो चुकी आईटी कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध करने वाली कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। कुझालनदान ने पहले यहां विशेष सतर्कता अदालत का रुख करते हुए कहा था कि सतर्कता विभाग ने कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और वीना की कंपनी एक्सालॉजिक के बीच वित्तीय लेनदेन की जांच करने से इनकार कर दिया। बाद में उन्होंने अपना रुख बदला और कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध किया।

बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनके खिलाफ दिल्ली शराब नीति से संबंधित दर्ज किए गए धन शोधन के मामले में उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने धन शोधन मामले में सुश्री कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी। कविता को 15 मार्च को ईडी और बाद में सीबीआई ने न्यायिक हिरासत में रहते हुए गिरफ्तार किया था। अदालत की ओर से जेल में उससे पूछताछ की अनुमति दिए जाने के बाद सीबीआई की गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने इस मामले में अन्य लोगों के अलावा दक्षिण से सरथ चंद्र रेड्डी को भी गिरफ्तार किया था। रेड्डी ने कथित तौर पर कविता के आश्वासन पर शराब घोटाले में शामिल हुआ था कि उसके दिल्ली सरकार में संपर्क हैं और वह व्यवसाय में भी उसकी मदद करेगी। सीबीआई ने आगे आरोप लगाया कि नवंबर-दिसंबर 2021 में कविता ने रेड्डी को उन्हें आवंटित पांच रिटेल क्षेत्रों के लिए प्रति क्षेत्र पांच करोड़ रुपये की दर से 25 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा था।

एक नजर

महिला के साथ दुष्कर्म मामले पर झारखंड पुलिस को नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने झारखंड के रामगढ़ में एक महिला के साथ दुष्कर्म और घटना का वीडियो सोशल मीडिया में डालने पर राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है। आयोग ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के रामगढ़ में 19 वर्षीय एक महिला के साथ चार लोगों के दुष्कर्म और घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर डालने से संबंधित समाचार डरावना है।

प्रतिवेदन मानने का जामिया को निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से कहा कि वह अपनी आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में ओबीसी (गैर–क्रीमी लेयर) श्रेणी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को प्रवेश देने के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका को एक प्रतिवेदन मानते हुए निर्णय ले। याचिकाकर्ता ने कहा कि आरसीए सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिए एक मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम है और यह केवल महिलाओं तथा अल्पसंख्यक या एससी, एसटी समुदायों के सदस्यों को प्रवेश देता है।

अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो देश में होगा जंगलराज

समस्तीपुर, एजेंसी

- गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में चुनावी रैली में किया दावा

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल सत्ता में आए तो देश में 'जंगलराज' होगा। शाह ने यह भी दावा किया कि झारखंड में नकदी बरामदगी से साबित होता है कि 'इंडिया' गुट के नेता भ्रष्ट हैं। बिहार के समस्तीपुर जिले में भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''झारखंड में एक मंत्री के घर से 30 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामदगी साबित करती है कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता भ्रष्ट हैं।

शाह ने कहा-अगर वे सत्ता में आए तो देश के साथ-साथ बिहार में भी पूरी तरह से जंगलराज' हो जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को दावा किया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित तौर पर जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में बेहिसाबी नकदी बरामद की गई है। अमित शाह ने कहा-इंडिया गुट से प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या शरद पवार बनेंगे प्रधानमंत्री? क्या ममता बनर्जी (प्रधानमंत्री) बनेंगी या एमके स्टालिन या उद्धव ठाकरे?

देश में आतंकी हमलों के दौरान कांग्रेस व टीएमसी ने साधी चुप्पी

दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)। अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के समय देश में आतंकी हमलों के दौरान चुप्पी साधे रखने का आरोप लगाया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और टीएमसी ने आतंकी हमलों के दौरान इसलिए चुप्पी साधे रखी क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक के नाराज होने का भय था। शाह ने दावा किया कि जहां भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 10 साल के कार्यकाल की विशेषता देश में आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाना है।

पश्चिम बंगाल में बम विस्फोट, किशोर की मौत

कोलकाता, एजेंसी

- सांसद ने एनआईए जांच की मांग के साथ सड़क पर लगाया जाम

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को एक बम विस्फोट में एक किशोर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद लॉकेट चटर्जी ने घटना की एनआईए जांच की मांग करते हुए दो घंटे से अधिक समय तक एक सड़क को जाम कर दिया।

घटना हुगली जिले के पांडुआ में एक तालाब के पास घटी जहां कुछ लड़के खेल रहे थे तभी विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट में घायल हुए एक लड़के की पांडुआ के एक अस्पताल में मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल किशोरों को बेहतर उपचार के लिए चिनसुराह के एक अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुए विस्फोट की जांच शुरू हो गई है। भाजपा सांसद ने सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जीटी रोड को अवरुद्ध कर दिया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के 'गुंडे' क्षेत्र में अपने राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कार्यक्रम से पहले दहशत का माहौल पैदा करने के लिए विस्फोट की घटना में शामिल थे। उन्होंने कहा-पांडुआ के लोगों के साथ मैं निर्दोष लड़कों के परिवारों के लिए न्याय की मांग करती हूं।

आयकर मामले में सीरम इंस्टीट्यूट की याचिका पर सुनवाई 17 तक स्थगित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की याचिका पर सुनवाई 17 मई तक के लिए स्थगित कर दी। उच्च न्यायालय ने आयकर कानून में 2016 के संशोधन के खिलाफ कंपनी की याचिका खारिज कर दी थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पी दातार के बहस के लिए समय मांगने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। कंपनी ने बंबई उच्च न्यायालय के चार दिसंबर, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है।

अवैध निर्माण को लेकर डीडीए के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए और केंद्र की मंजूरी के बिना दक्षिण दिल्ली के रिज क्षेत्र में अवैध निर्माण और लगभग 750 पेड़ काटने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में, डीडीए ने मुख्य छतरपुर रोड से सार्क विश्वविद्यालय, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा विज्ञान संस्थान तक एक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए रिज जैसी विशेषताओं वाली एक भूमि आवंटित की थी।

राहुल पर विवि में नियुक्ति की प्रक्रिया पर झूठ बोलने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश के विभिन्न कुलपतियों और शिक्षाविदों ने की कार्रवाई की मांग

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विश्वविद्यालय के प्रमुख पद की नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

शिक्षाविदों ने एक खुले पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के बजाय केवल किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है। उन्होंने पत्र में राहुल के दावों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं। जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष टी जी सीताराम समेत विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविदों ने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित रही है और इसमें विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा है। शिक्षाविदों ने राहुल के किसी विशेष दावे का हवाला नहीं दिया है। हालांकि, राहुल ने विगत दिनों आरोप लगाया था कि शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्ति में हिंदूवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ संबद्धता एक प्रमुख आधार रही है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में सीएसजेएम विवि, कानपुर के कुलपति विनय पाठक, पेसिफिक विवि, उदयपुर के कुलपति भगवती प्रकाश शर्मा, महात्मा गांधी ग्रामोद्योग विवि, चित्रकूट के पूर्व कुलपति एन सी गौतम, गुरु घासीदास विवि, बिलासपुर के कुलपति आलोक चक्करवाल और बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विवि, सोनीपत के पूर्व कुलपति विनय कपूर भी शामिल हैं।

शिक्षाविदों ने कहा-कांग्रेस नेता ने इससे राजनीतिक लाभ उठाने के इरादे से पद को किया है अपमानित

शिक्षाविदों ने कहा–राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया है और कांग्रेस नेता ने इससे राजनीतिक लाभ उठाने के इरादे से व्यापक रूप से कुलपति के पद को अपमानित किया है। इसलिए विनम्रतापूर्वक अनुरोध है कि उनके खिलाफ कानून के अनुसार तत्काल उचित कार्रवाई की जाए।'' उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि ज्ञान के मार्गदर्शक और संस्थानों के प्रशासक के रूप में वे उच्चस्तरीय प्रशासकीय निष्ठा, नैतिक व्यवहार तथा संस्थागत निष्ठा बनाए रखने की अडिग प्रतिबद्धता रखते हैं।

आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	12	18
हर्षल पटेल (पंजाब)	11	17
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	11	16

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	11	542
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	11	541
सुनील नारायण (केकेआर)	11	461

भारतीय महिला-पुरूष रिले टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

नासाउ (बहामास), एजेंसी

भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।

भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा।

पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरूष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले से दूसरे दौर की हीट में नाम वापिस ले लिया क्योंकि रमेश फिट नहीं थे। उन्होंने रविवार को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित और पुरूष दोनों वर्गों में भाग लिया था।

मिश्रित रिले का आगाज तोक्यो ओलंपिक से हुआ और भारत ने भी इसमें क्वालीफाई किया था। पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरूआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी। वहीं पुरूष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

सरकार के फैसले पर ही भारतीय टीम जाएगी पाकिस्तान : शुक्ला

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आज यहां कहा चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है।

सूर्या के शतक ने आसान की मुंबई की जीत

18वें ओवर में हासिल किया लक्ष्य, हैदराबाद को सात विकेट से हराया

मुंबई, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव नाबाद (105) और तिलक वर्मा नाबाद 37 रनों की पारियों की तूफानी पारियों की के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को आईपीएल के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया है। मुंबई की 12 मैचों में यह चौथी जीत है।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में इशान किशन (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद चौथे ओवर में रोहित शर्मा (4) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। भुवनेश्वर कुमार ने पांचवें ओवर में नमन धीर को शून्य पर आउट कर मुंबई को तीसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला। सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों में 12 चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 102 रनों की पारी खेली। सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। वहीं तिलक वर्मा 32 गेंदों में 37 रन बनाकर नाबाद रहे। तिलक और सूर्यकुमार के बीच 143 रनों की साझेदारी मुंबई के लिए आईपीएल में चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 174 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की (48) और कप्तान पैट कमिंस की तबातोड़ नाबाद 35 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीता और सनराइजर्स हैदराबाद को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। छठें ओवर में बुमराह ने अभिषेक को आउट कर पहली सफलता दिलाई। पदार्पण करने वाले अंशुल कम्बोज ने मयंक (5) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। हैदराबाद के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 48 रनों की पारी खेली। उन्हें 11वें ओवर में पीयूष चावला ने आउट किया। कमिंस ने 17 गेंदों में नाबाद 35 रनों की पारी खेली। मुंबई की ओर से हार्दिक और पीयुष ने तीन-तीन विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और अंशुल कंबोज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता	11	8	3	16	+1.453
राजस्थान	10	8	2	16	+0.622
चेन्नई	11	6	5	12	+0.700
हैदराबाद	11	6	5	12	-0.065
लखनऊ	11	6	5	12	-0.371
दिल्ली	11	5	6	10	-0.442
बेंगलुरु	11	4	7	8	-0.049
पंजाब	11	4	7	8	-0.187
मुंबई	12	4	8	8	-0.212
गुजरात	11	4	7	8	-1.320

143 रनों की साझेदारी मुंबई के लिए तिलक और सूर्यकुमार ने की जो आईपीएल में चौथे विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है

हैदराबाद 173/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रेविस हेड का तिलक बो चावला	48	30	7/1
अभिषेक शर्मा का इशान बो बुमराह	11	16	0/1
मयंक अग्रावाल बो कंबोज	5	6	1/0
नितीश रेड्डी का कंबोज बो हार्दिक	20	15	2/0
हेनरिच क्लासेन बो चावला	2	4	0/0
मार्को यानसेन बो हार्दिक	17	12	1/1
शाहबाज का सूर्यकुमार बो हार्दिक	10	12	0/0
अब्दुल समद पगबाधा चावला	3	4	0/0
पैट कमिंस नाबाद	35	17	2/2
सनवीर सिंह नाबाद	8	7	0/0

गेंदबाजी : तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3

मुंबई 174/3 — 17.2 ओवर, अतिरिक्त : 22

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
इशान किशन का मयंक बो यानसेन	9	7	2/0
रोहित शर्मा का क्लासेन बो कमिंस	4	5	1/0
नमन धीर का यानसेन बो भुवनेश्वर	0	9	0/0
सूर्यकुमार यादव नाबाद	102	51	12/6
तिलक वर्मा नाबाद	37	32	6/0

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3.2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0

कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अलग रणनीति बनाएंगे : बाबर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन कोहली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाए जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था।

वीजा मुद्दों के कारण आमिर के आयरलैंड रवाना होने में विलंब

लाहौर। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है।

भारत की पहली हाईब्रिड पिच का अनावरण

धर्मशाला। भारत की पहली हाईब्रिड पिच का सोमवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। धूमल ने कहा इंग्लैंड में लार्ड्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके।



रूबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

मैड्रिड। बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रे रूबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रूबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था। नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे। कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ में सूजन से जूझ रहे थे और राफेल नडाल जल्दी हारकर बाहर हो गए थे। इगा स्वियातेक ने पहली बार महिला वर्ग में यह खिताब जीता।

भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को 65 करोड़ का बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नारंग ने भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ का बजट तैयार किया है। एआईसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गई जिनका उद्देश्य पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के लिए वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना है।

राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ, हर घर शतरंज के दृष्टिकोण को घरों में वास्तविकता प्रदान करेगा। कई प्रस्ताव जैसे शतरंज विकास निधि, सभी स्तरों पर खिलाड़ी अनुबंध और कोचिंग के साथ मजबूत वित्तीय सहायता की शुरुआत, जिला और राज्य संघों को आर्थिक रूप से समर्थन देना, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक एनसीए की स्थापना, विशेष रूप से भारत के लिए एआईसीएफ रेटिंग प्रणाली, अभूतपूर्व पहल के रूप में काम करेगी और आने वाले वर्षों में भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को गति देगी।

रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी।

दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाए।

अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा। उनके पास ऑस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं। दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा।

एएसबीसी एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप में पांच को स्वर्ण

अस्ताना (कजाकिस्तान)। पांच युवा भारतीय मुक्केबाजों ब्रिजेश टम्टा, आर्यन हुड्डा, यशवर्धन सिंह, लक्ष्मी और निशा ने सोमवार को यहां एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। ब्रिजेश ने पुरुषों के 48 किग्रा फाइनल में ताजिकिस्तान के मुमिनोव मुइनखोदझा को 5-0 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। आर्यन (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के कामिलोव जफरबेक के खिलाफ 5-0 की जीत से भारत का दबदबा जारी रखा। यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) को ताजिकिस्तान के गफूरोव रुस्लान के खिलाफ 4-1 की जीत के दौरान काफी पसीना बहाना पड़ा। महिला वर्ग में निशा ने 52 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की ओटिनबे को हराकर स्वर्ण अपने नाम किया।

बॉलीवुड हलचल

हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील

शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नेटफ्लिक्स पर संजय लीला भंसाली की नई सीरीज हीरा मंडी इस वक्त चर्चा में है। 1 मई को प्रदर्शित आठ एपिसोड वाली इस कहानी पर भंसाली की पूरी छाप है। चर्चा इसलिए भी है कि इसमें भर भर के ग्लैमर है इतना कि उसे ग्लैमर का ओवर डोज भी कहा जा सकता है। सेट्स को भव्य दिखाने के लिए एनीमेशन का इस्तेमाल भी किया गया,जो नकली समझ आ जाता है। सेक्स और गाली गलौच भरपूर मात्रा में तो है ही फूहड़ भी है। परिवार के साथ बैठकर देखने के बारे में तो सोचा ही नहीं जा सकता। तवायफों पर आधारित कहानी में बार बार उनकी तहजीब और रवायतों का महिमा मंडन किया गया है कि कोठे तहजीब सीखने की जगह हुआ करते थे पर तवायफों से भद्दे संवाद बुलवाते समय भंसाली ये बात भूल जाते हैं। हीरा मंडी की स्टारकास्ट जबरदस्त है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, संजीदा शेख, फरदीन खान, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरीदा जलाल आदि हैं। सर्वाधिक संतुलित अभिनय फरीदा जलाल का है। ऋचा चड्ढा और अदिति राव हैदरी भी प्रभावित करती हैं। बड़े शेखर से ज्यादा छोटे शेखर प्रभाव छोड़ते हैं। ताहा शाह बदूशा ने आंखों से अच्छा अभिनय किया है। माहौल है 1940 के आसपास का लाहौर। 'हीरा मंडी : द डायमंड बाजार' की मुख्य कहानी मल्लिका जान मनीषा कोइराला की कहानी है, जो हीरा मंडी की सबसे ताक़तवर तवायफ है। उनके बारे में बस यही कहा जा सकता है कि मुख्य किरदार के लालच में मनीषा कोइराला ने करियर की दूसरी पारी में छीछालेदर ही करवा ली। वह आतंक का पर्याय है। उसकी बेटी बिब्बो जान क्रांतिकारियों का साथ दे रही है। दूसरी तवायफ बेटी आलमजेब शेरो-शायरी करती है। उसका पुराना गुनाह नए तेवर में फरीदन सोनाक्षी सिन्हा बनकर लौट आता है। सोनाक्षी का अभिनय बेहद कमजोर है। कोठों पर कब्जे की जंग में आजादी की जंग का तड़का है। जो कहानी को मकसद देता है। वरना तवायफों के बारे में आज कोई क्यों जानना चाहेगा। क्यों कि ना तो कहानी असली है ना ही इतिहास। अगर कुछ है तो वो तवायफों के जेवर और नवाबों के तेवर। सिरीज देखते समय आप कहानी या पात्रों से खुद को रिलेट नहीं कर पाते। हां आजादी की जंग थोड़ा जोश जरूर भर्ती है। अमीर खुसरो का बसंत गीत सकल बन फूल रही सरसों बढ़िया है। इन कहानियों में षड्यंत्र है, जरूरत से ज्यादा ग्लैमर है और मोहब्बत की कशिश भी है। कहानियों के भीतर इतनी कहानियां हैं कि आप से कहानी का मुख्य सिरा ही छूटने लगता है। पूरी कहानी में भंसाली के दिमाग में पाक़ीज़ा छाई हुई है। डांस स्टेप्स, सिचुएशन्स सिनेमेटोग्राफी, कॉस्ट्यूम, संवाद अदायगी सभी पाकीजा की थर्ड कॉपी लगते हैं। जब भंसाली पाकीजा से इतने ही प्रभावित थे तो उसका भावनात्मक पहलू भी याद कर लेते। उसकी शालीनता और मोहब्बत के ऊंचे मानदंड भी याद रखते। आज तवायफों का दौर देखने वाले तो नहीं है पर पाकीजा हर सिने प्रेमी ने देखी है। कह सकते हैं कि हीरा मंडी में जो अच्छा है वो मौलिक नहीं है जो मौलिक है वो अच्छा नहीं है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

पुंछ हमले के आतंकियों का पता बताने वाले को मिलेंगे 20 लाख

जम्मू, एजेंसी

- सेना ने जारी किए स्केच, कई लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही है पूछताछ

जम्मू-कश्मीर का जिला पुंछ में वायु सेना के वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले के बाद से ही गहन तलाशी अभियान चल रहा है। सोमवार को सेना ने दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। इन आतंकियों का पता बताने वाले को 20 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की गई है। इसके साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि शनिवार शाम को पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के डन्ना शाहसितार क्षेत्र में वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला किया गया। इस हमले में पांच वायु सैनिक घायल हो गए। घायलों में शामिल विक्की पहाड़े बलिदान हो गए। हमले के बाद

से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है।

ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है। आतंकियों ने वायुसेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया है।

अब अहमदाबाद के 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद। दिल्ली और देशभर के कई के स्कूलों और हाई आड्डों को बम से उड़ाने की धमकी कुछ दिन बाद अब अहमदाबाद के दस स्कूलों के धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। इनमें इन स्कूलों को उड़ा देने की धमकी दी गई है।

लोकसभा चुनावों से पहले स्कूलों को आए इन ई-मेल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शुरुआती जानकारी में स्कूलों को रूसी सर्वर से मेल आने की बात कही जा रही है। गुजरात में लोकसभा चुनावों की वोटिंग से पहले आए धमकी भरे ई-मेल ने पुलिस प्रशासन को सकते में डाल दिया है। कई सारे स्कूल बंद हैं। ईमेल पर अहमदाबाद की आठ स्कूलों ईमेल पर धमकी मिल की है। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें अहमदाबाद के बड़े स्कूल शामिल हैं।

भारत की मजबूती से एशिया में अमेरिका का हित सुरक्षित

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता बोले-चीनी प्रभाव को रोकने के लिए शक्ति बनकर उभरा भारत

भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता योगी चुघ ने कहा कि एशिया में अमेरिका के हित मजबूत भारत की वजह से सुरक्षित हैं। इस क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव को रोकने के लिए भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बनकर उभरा है।

कैलिफोर्निया के कारोबारी चुघ एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत के उत्कर्ष को लेकर बड़ा उत्साह है। भारत न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के माध्यम से, बल्कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता की वजह से महत्वपूर्ण भूमिका में है।

चुघ ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच एक मजबूत रिश्ता होगा। कई लोगों ने इसे 21वीं सदी

की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी कहा है। वहीं, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखता है। अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास भारत के साथ किसी अन्य देश की तुलना में अधिक है।

कैंसर... अब बीमारी नहीं महामारी का लिया है रूप

आज के समय में कैंसर कोई बीमारी नहीं रह गई है बल्कि ये महामारी का रूप ले चुकी है। आईए जानें कैंसर के बारे में...शरीर में मौजूद कोशिकाओं यानी सेल्स में दो ऐसे बदलाव आ जाते हैं, जो नहीं आने चाहिए तब शरीर में कैंसर बनता है. पहला है, किसी भी कोशिका का अनियंत्रित रूप से बढ़ना और दूसरा है, किसी एक ऑर्गन की सेल का बहुत अधिक ग्रोथ लेते हुए अपनी जगह से दूसरे ऑर्गन तक फैल जाना। इन दोनों कंडीशन में कैंसर हो जाता है।

कीमो और रेडियो के अलावा भी कैंसर का है कोई इलाज

कीमोथेरपी, रेडियोथेरपी, कुछ खास केसेज और स्टेज में सर्जरी के अलावा टारगेटेड थेरपी, अडवांस थेरपी ट्रीटमेंट्स जैसे, इम्युनोथेरपी आदि कई लेटेस्ट ट्रीटमेंट शामिल हैं। लेकिन ये कैंसर के नेचर और पेशेंट की कंडीशन को ध्यान में रखकर ही दिए जाते हैं।



कितने तरह के होते हैं

- दो या दस नहीं बल्कि इंसान के शरीर में 250 तरह के कैंसर हो सकते हैं। लेकिन वर्ग के आधार पर इन 250 कैंसर को तीन हिस्सों में बांटा जा सकता है।
- स्किन की लाइनिंग से बनने वाले कैंसर कार्सिनोमा कहलाते हैं।
- मसल्स और बोन के कैंसर सारकोमा
- तीसरे हैं ब्लड के कैंसर, जिन्हें लिंफोमा, ल्यूकीमिया और माइलोमा कहा जाता है। इनके अलावा ब्रेन ट्यूमर और मेलेनोमा अलग कैटिगरी में आते हैं।

क्या लक्षण एक जैसे होते हैं

नहीं, हर कैंसर के लक्षण अलग होते हैं। टीबी, निमोनिया, बदहजमी और पाइल्स जैसी कई बीमारियों के लक्षण भी कैंसर में देखने को मिलते हैं। हालांकि कुछ स्पेसिफिक लक्षण होते हैं, जिनके आधार पर इस बात का फी हद तक अनुमान लगाया जा सकता है कि ये कैंसर है जैसे, व्यक्ति का वजन लगातार कम होता जाना और साथ में रुक-रुककर लगातार बुखार आते रहना।

एक नजर

हमास के हमले के बाद इजराइल का पलटवार, 16 लोगों की मौत

यरुशलम। हमास और इजराइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास ने रविवार को इजराइल के मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट पर कई मिसाइलें दागी थीं। इस हमले में तीन इराइली सैनिक मारे गए। आगबबूला हुए इजराइल ने भी पलटवार किया। उसने दक्षिणी शहर राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोग मारे गए। अब इन सबके बीच, इजराइल ने नागरिकों को राफा शहर को तुरंत खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल, देश के रक्षा मंत्री द्वारा हमले तेज करने की चेतावनी के बाद राफा के लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

मध्यप्रदेश में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से पांच बच्चों की मौत, दो घायल

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के चरगवां थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से सवार पांच बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जबलपुर जिला प्रशासन के अनुसार मृतकों में देवेंद्र बरकड़े, राजवीर, अनूप, लकी और धर्मेंद्र ठाकुर शामिल हैं। सभी बच्चे पास ही के गांव तिनेटा देवरी के निवासी हैं। प्रारंभिक जानकारी में बताया गया है कि सभी बच्चे एक ट्रैक्टर-ट्राली में बैठकर जा रहे थे, तभी तेज गति के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे मौत हो गई।

इमरान की पार्टी के अध्यक्ष जेल से घर में होंगे नजरबंद

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष परवेज इलाही को 15 दिनों के अंदर जेल से हटाकर घर में नजरबंद करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह आदेश परवेज इलाही की पत्नी कैसरा इलाही की याचिका पर सुनवाई के बाद दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि उनकी अधिक उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें घर में नजरबंद रखा जाए। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नजरबंदी के दौरान उन्हें चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पिछले वर्ष जून के बाद से उन्हें कई बार उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है।

भारतीय उच्चायुक्त- ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री के बीच संबंधों पर चर्चा

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी नई ऊंचाई को छूने के लिए तैयार है। वांग और बागले की बैठक की तस्वीर साझा करते हुए उच्चायोग ने कहा कि उच्चायुक्त और विदेश मंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक मुद्दों पर अहम चर्चा की।

भारतीय मूल की सुनीता तीसरी बार करेंगी अंतरिक्ष की यात्रा

पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान आज होगा रवाना, साथ रहेंगे बुच विल्मोर

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष जाने के लिए तैयार हैं। इस बार उनके साथ बुच विल्मोर भी रहेंगे। नासा के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतरिक्ष जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान होगा, जो मंगलवार को उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार, यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट और बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान 7 मई की सुबह आठ बजकर चार मिनट पर कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा।

मिशन को संचालित करने जा रहीं सुनीता विलियम्स ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि वह थोड़ी सी घबराई हुई हैं। लेकिन नए अंतरिक्ष यान में उड़ान भरने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, जब मैं अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचूंगी, तो यह घर वापस जाने जैसा होगा। डॉ. दीपक पांड्या और बोनी पांड्या के घर जन्मीं सुनीता विलियम्स एक बार फिर इतिहास रचेंगी। वह ऐसी पहली महिला होंगी, जो मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के पहले मिशन पर उड़ान भरेंगी। वह साल 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष जा चुकी हैं। विलियम्स ने दो मिशनों में अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

अंतरिक्ष में जाने से पहले मीडिया से बात करतीं भारतवंशी सुनीता विलियम्स साथ में हैं बुच विल्मोर।

भगवान गणेश की मूर्ति साथ लेकर जाएंगी विलियम्स

तीसरी बार उड़ान भरने से पहले विलियम्स ने बताया कि वह भगवान गणेश की एक मूर्ति साथ लेकर जाएंगी। उनका मानना है कि गणेश उनके लिए भाग्यशाली हैं। वह अपने साथ भगवान गणेश की मूर्ति साथ ले जाने को लेकर खुश थीं। इससे पहले सुनीता अपने साथ अंतरिक्ष में भगवदगीता लेकर गईं थीं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें समासे बहुत पसंद हैं।

भारतवंशी विलियम्स दो बार जा चुकी हैं अंतरिक्ष

सुनीता विलियम्स के पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे, लेकिन बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी कर ली। फिलहाल, सुनीता अब बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन का पायलट बनने की तैयारी कर रही हैं। उनका जून 1998 में अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ था। नौ दिसंबर 2006 में वह पहली बार अंतरिक्ष गई थीं। उन्हें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भेजे गए 14वें शटल डिस्कवरी के साथ रवाना किया गया था। इसके बाद 2012 में उनकी दूसरी अंतरिक्ष यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्होंने कजाकिस्तान के बैकोनूर से रूसी रॉकेट सोयूज टीएमए-05एम से उड़ान भरी थी।

स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान

भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

मेलबर्न/चंडीगढ़

- ऑस्ट्रेलिया में किराए को लेकर भारतीय छात्रों के बीच हुआ विवाद एक की हालत गंभीर

ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। मृतक छात्र के चाचा ने बताया कि भारतीय छात्रों के बीच हुई लड़ाई के दौरान उनके भतीजे की हत्या की गई। शनिवार सुबह नौ बजे मेलबर्न में हुए इस विवाद में एक और छात्र की हालत गंभीर है। छात्र का नाम नवजीत संधू था, जो कि हरियाणा के करनाल का रहने वाला था। छात्र के चाचा यशवीर के अनुसार कुछ छात्रों के बीच किराए को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच जब नवजीत इस विवाद को सुलझाने गया, तो उस पर बुरी तरह चाकुओं से हमला किया गया। यशवीर ने बताया कि नवजीत अपने दोस्त के साथ उसके घर से कुछ सामान लेने गया था क्योंकि उसके पास कार थी। जब वह घर के बार अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तो उसे घर के अंदर से शोर की आवाज सुनाई दी। नवजीत ने जब घर के अंदर घुसकर विवाद सुलझाने की कोशिश की, तो उसके सीने पर बुरी तरह से चाकू से हमला किया गया। इसके बाद नवजीत की मौत हो गई।

नवजीत के जिस साथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वह भी करनाल का ही रहने वाला था। यशवीर ने बताया कि रविवार की सुबह उनके परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई। नवजीत डेढ़ साल पहले स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था। परिवार ने भारत सरकार से नवजीत का शव भारत लाने में मदद करने का आग्रह किया है। पुलिस ने कहा कि भारतीय मूल के आरोपियों अभिजीत और रॉबिन गार्टन की तलाश की जा रही है।

पर्यटकों को लुभाने के लिए मालदीव ने दिया जोर

दुबई। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आने के बाद मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में आई गिरावट से मालदीव सकते में आ गया है। अब द्वीप राष्ट्र के पर्यटन मंत्री ने भारतीयों से देश में घूमने आने का निवेदन कर देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने भारत और अपने देश के ऐतिहासिक संबंधों पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गत छह जनवरी को अपने एक्स हैंडल पर प्राचीन लक्षद्वीप के फोटो व वीडियो साझा करने पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी अंतरिम जमानत

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था।

जस्टिस एनजे जामदार की पीठ ने दो महीने की अंतरिम जमानत की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि गोयल को जमानत के तौर पर एक लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके साथ ही मुंबई से बाहर जाने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट की अनुमति लेनी होगी।

75 वर्षीय गोयल ने मेडिकल और मानवता के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। उन्होंने अदालत को बताया था कि वे और उनकी पत्नी अनिता गोयल दोनों ही कैंसर से जूझ रहे हैं। इससे पहले फरवरी में एक विशेष अदालत ने गोयल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

बम्पर खेती...

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर में इस साल किसानों ने 1.40 लाख हेक्टेयर में सरसों व तिलहन की बम्पर खेती की है। फसल भी अच्छी हुई है। सरसों पर्यटकों को भी लुभा रहा है। 1200 करोड़ रुपये की सरसों होने की उम्मीद है। 2020-21 में 30 हजार हेक्टेयर में हुई थी। ● एजेंसी

भारतीय तटरक्षकों ने केरल के निकट जब्त की ईरानी नौका

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय तटरक्षक बल ने एक बार फिर अरब सागर में कार्रवाई की है। तटरक्षक बल ने अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को जब्त किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया है कि, जहाज में सवार छह भारतीय चालक दल के सदस्यों को अनुबंध के आधार पर ईरान ले जाया जा रहा था लेकिन नाव के मालिक द्वारा शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट मिलते ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

भारतीय तट रक्षक समुद्री सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की। जहाज को कोच्चि लाया गया है। यहां आरोपों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। भारतीय तटरक्षक दल ने एक्स पर पोस्ट करते हिए कहा कि केरल तट के पश्चिम में अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को रोका और हिरासत में लिया। जहाज में छह भारतीय सवार थे, जो ईरान में अनुबंध के आधार पर कार्यरत थे। चालक दल ने नाव के मालिक पर शोषण का आरोप लगाया था। आईसीजी की कार्रवाई नाविकों की भलाई की रक्षा और समुद्री कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समर्पित है। हालांकि, अभी तक अधिकारियों ने शोषण के प्रकृति का खुलासा नहीं किया है।

प. देशों के खिलाफ परमाणु अभ्यास करेगा रूस

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन से युद्ध के बीच राष्ट्रपति पुतिन के सख्त तेवर, सेना को दिया अभ्यास करने का आदेश

रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है। उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है। इस कदम से पश्चिमी देश पुतिन के खिलाफ है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या

इस्तेमाल हो सकता है। बता दें, जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी। अब पुतिन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब रूस की सेना का कहना है कि यूक्रेन के अलावा पश्चिमी देशों से भी उसे खतरा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास में परमाणु हथियारों की तैनाती और उनके इस्तेमाल को शामिल किया जाएगा। सेनाएं अभ्यास करेंगी कि कैसे इन हथियारों का जंग में इस्तेमाल करना है और कैसे मोर्चे पर इन्हें तैनात किया जा सकता है।

आज से शुरू होगा पुतिन का पांचवां कार्यकाल

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में संपन्न संघीय चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतने के बाद अपने पांचवें कार्यकाल की शुरुआत मंगलवार को करने जा रहे हैं। रूसी सरकार के सूत्रों के अनुसार 87 प्रतिशत वोट के साथ निर्वाचित होने वाले पुतिन सात मई को पांचवीं बार राष्ट्रपति पद ग्रहण करेंगे और इस के साथ ही उनका 2030 तक नया छह साल का राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू होगा।

डिजिटल मीडिया के नियमों पर अर्जियों की सुनवाई एक साथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियम-2021 को चुनौती देने वालीं सभी याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमावली, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा। ये नियम ऑनलाइन मीडिया पोर्टल और प्रकाशकों, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंचों और सोशल मीडिया मध्यस्थों के कामकाज को विनियमित करने से संबंधित हैं।

इसके तहत, सोशल मीडिया और प्रसारण कंपनियों के लिए विवादास्पद सामग्री को तेजी से हटाना, शिकायत निवारण अधिकारियों की नियुक्ति करना और जांच में सहायता करना शामिल है। सभी याचिकाएं देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित थीं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किया है। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा, सभी याचिकाएं 14 अगस्त के लिए सूचीबद्ध की जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 को चुनौती देने वाली देशभर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित याचिकाओं को 22 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया था। पीठ ने कहा था, विरोधाभासी निर्णयों से बचने के लिए, केंद्र सरकार सभी मामलों की सुनवाई एक ही जगह कराना चाहेगी। क्योंकि इनमें से बड़ी संख्या में मामले दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन हैं।

विज्ञान जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का चला पता

सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : सुदूर अंतरिक्ष मे बृहस्पति जैसा खोजा गया आश्चर्यजनक एक ग्रह न केवल बेहद गर्म है, बल्कि 800 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से यहां तूफान उफान पर रहता है। रात के समय घने बादलों से ढक जाता है। इस ग्रह (एक्सोप्लैनेट) का नाम डब्लूएएसपी-43 बी है।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का पता चल पाया है। वेब में लगे उपकरण इसके वातावरण का विश्लेषण कर पाने में सक्षम है। रात को बादलों से ढके रहने वाले इस ग्रह का आसमान दिन के समय साफ रहता है। हमसे 283 प्रकाश-वर्ष दूर यह अत्यधिक गर्म होने के साथ यहा भूमध्यरेखीय

ग्रह डब्लूएएस पी -43 की तस्वीर।

हवाएं 8,000 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक सुपरसोनिक गति से चलती हैं। जर्नल नेचर एस्ट्रोनॉमी ने 30 अप्रैल, 2024 को यह शोध प्रकाशित हुआ है। यह पहला ग्रह है, जिसकी जलवायु बेहद आश्चर्यजनक है। वेब टेलीस्कोप ने इस गर्म एक्सोप्लैनेट के मौसम का नक्शा बनाया है। इसके अत्यधिक गर्म होने की वजह अपने तारे के बेहद करीबी होना है, जो मात्र 2 मिलियन किमी की दूरी पर अपने तारे की परिक्रमा करता है। यह बुध और सूर्य के बीच की दूरी के 1/25 से भी कम है। यह ग्रह ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। इसका एक हिस्सा हमेशा तारे के सामने होता है, जैसे चंद्रमा का एक ही पक्ष हमेशा पृथ्वी के सामने होता है। इसलिए ग्रह का एक पक्ष लगातार दिन के उजाले में है, जबकि दूसरा पक्ष निरंतर अंधकार में है। पूर्व में हबल स्पेस टेलीस्कोप और स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप से इस ग्रह के संकेत मिले थे। कैलिफ़ोर्निया के बे एरिया पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिको ने यह खोज की है।

1260 डिग्री सेल्सियस है दिन का तापमान

डब्लूएएसपी-43 बी का दिन का तापमान 1260 डिग्री सेल्सियस रहता है, जबकि रात के समय 600 डिग्री सेल्सियस रह जाता है। अत्यधिक गर्म होने के कारण यह ग्रह रहने योग्य नहीं है। इस खोज से ग्रहों की दुनिया की प्रकृति की अजूबी जानकारी मिलती है। जिस कारण इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सिविल सेवा के इस्पाती ढांचे में लगा जंग, सुधार की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव बोले- भारतीय प्रशासनिक सेवा उदासीनता की राह पर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने सिविल सेवा में सुधार और पुनर्निर्माण की वकालत करते हुए कहा है कि अंग्रेजों का बनाया हुआ 'इस्पाती ढांचा' अब जंग खा चुका है। समय के साथ आईएएस ने अपनी प्रकृति और अपनी राह खो दी है। इसमें अयोग्यता, उदासीनता और भ्रष्टाचार आ गया है।

केंद्रीय वित्त सचिव सहित विभिन्न अहम पदों पर रहे सुब्बाराव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में महिलाओं की कम संख्या को लेकर अपनी नई किताब जस्ट ए मर्सिनरी? नोट्स फ्रॉम माई लाइफ एंड करियर में भी यह बात लिखी है। उन्होंने इस संबंध में मीडिया से कहा कि नौकरशाही के इस्पाती ढांचे में निश्चित रूप से जंग लग गया है। संघ लोक सेवा आयोग हर

साल आईएएस, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) एवं अन्य सेवाओं के अधिकारियों का चयन करता है। लेकिन इस सेवा में सुधार की जरूरत है। इसका समाधान जंग लगे हुए ढांचे को फेंकना नहीं है, बल्कि उसकी मूल चमक को वापस ले आना है। उन्होंने कहा कि यह नकारात्मक दृष्टिकोण राह से भटके अधिकारियों के एक समूह द्वारा बनाया गया है लेकिन चिंता की बात यह है कि वह समूह अब छोटा नहीं रह गया है।